दैनिक
# विनय उजाला

इंदौर, भोपाल, उज्जैन, अलीराजपुर से एक साथ प्रकाशित
मूल्य ₹ 3.00
RNI. Reg. MPHIN/2016/68363
उज्जैन
शनिवार, 05 जुलाई 2025
आषाढ़ शुक्ल पक्ष - 10
वर्ष : 10 | अंक : 166
कुल पृष्ठ : 12
न डरते हैं, न डराते हैं, सच सामने लाते हैं..!



407 रनों पर इंग्लैंड को रोका... 10

### मुख्यमंत्री ने किया 94234 विद्यार्थियों को लैपटॉप क्रय के लिए 235 करोड़ रुपए प्रोत्साहन राशि का अंतरण

# प्रतिभाओं की हर संभव मदद करना सरकार का दायित्व : मुख्यमंत्री

## 15 साल में 4 लाख 32 हजार से अधिक विद्यार्थियों को मिला प्रोत्साहन योजना का लाभ

विनय उजाला

**उज्जैन, निप्र। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि शिक्षा मनुष्य के समग्र विकास की धुरी है और 'सबको शिक्षा' ही राज्य सरकार का विकास मंत्र है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने प्रदेश के हर बच्चे तक शिक्षा का प्रकाश पहुंचाने के हरसंभव प्रयास किए हैं। केवल पढ़ाई ही नहीं, बल्कि प्रतिभावान विद्यार्थियों को नई तकनीक और नई शिक्षा पद्धति से जोड़कर उनके उज्जवल भविष्य की नींव भी रखी जा रही है। प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को लैपटॉप देकर हम प्रदेश का एक बेहतर और स्वर्णिम भविष्य गढ़ने जा रहे हैं।**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में लैपटॉप प्रोत्साहन राशि अंतरण के राज्य स्तरीय समारोह को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शैक्षणिक सत्र 2024-25 में कक्षा 12वीं में 75 प्रतिशत या इससे अधिक अंक लाने वाले प्रदेश के 94,234 मेधावी विद्यार्थियों को लैपटॉप क्रय करने के लिए 235 करोड़ रुपए से अधिक की राशि अंतरित की। योजना के तहत लैपटॉप खरीदने के लिए प्रत्येक पात्र विद्यार्थी को 25-25 हजार रुपए डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के जरिए उनके बैंक खातों में सिंगल क्लिक के जरिए हस्तांतरित किए गए। मुख्यमंत्री ने मंच से 15 मेधावी विद्यार्थियों को लेपटॉप भी वितरित किए। मुख्यमंत्री ने खुद सेल्फी लेकर सभी बच्चों का उत्साहवर्धन भी किया।



### सरकारी स्कूलों से निकल रहे गुदड़ी के लाल

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के सरकारी स्कूलों में सीमित संसाधन होते हुए भी कई गुदड़ी के लाल सामने आए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और वे स्वयं और मंत्रिमंडल के सभी साथियों ने सरकारी स्कूलों में ही प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त की है।

### बेटियां चुनौतियों को पार करते हुए हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि प्रतिभाओं को सम्मान देना और स्वर्णिम भविष्य की संभावनों को पोषित करना और हर संभव सहायता करना प्रदेश सरकार का दायित्व है। योजना के अंतर्गत माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा में 75 प्रतिशत से अधिक अंक पाने वाले जिन प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को लैपटॉप के लिए राशि दी गई है, उनमें 60 प्रतिशत छात्राएं और 40 प्रतिशत छात्र शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी बेटियां चुनौतियों को पार करते हुए हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। 15 साल पहले शुरू हुई इस योजना का लाभ अब तक 4 लाख 32 हजार से अधिक मेधावी विद्यार्थियों को मिल चुका है। इस दौरान राज्य सरकार ने विद्यार्थियों को लैपटॉप वितरण पर 1080 करोड़ से अधिक की प्रोत्साहन राशि खर्च की है।

### 15 मेधावी विद्यार्थियों को मंच से मिला लैपटॉप

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मेधावी विद्यार्थी मैहर जिले के प्रियल द्विवेदी (492 अंक), सतना जिले के हर्ष पाण्डे (490 अंक), रीवा जिले के अंकुर यादव (489 अंक), सीधी जिले के अभय सिंह (489 अंक), रीवा जिले के आर्यन पाण्डे (488 अंक), शहडोल जिले की हिना देवी (488 अंक), भोपाल जिले की निशु पंडित (487 अंक), भोपाल जिले के प्रांजल कुशवाह (487 अंक), छिंदवाड़ा जिले के हरिओम साहू (486 अंक), डिण्डोरी जिले के रघुवीर गौतम (484 अंक), दमोह जिले की गार्गी अग्रवाल (484 अंक), सीधी जिले के दिव्यांशु तिवारी (484 अंक) सतना जिले की कु. दीपिका सिंह (483 अंक), सीहोर जिले के पार्थ राठौर (483 अंक) एवं भिण्ड जिले की योग्यता टंक (478 अंक) को मंच से लैपटॉप प्रदान किए। इन विद्यार्थियों ने कुल 500 अंकों में से ये अंक पाए हैं।

### इस वर्ष करीब 4500 से अधिक विद्यार्थी बढ़े

स्वागत उद्बोधन में सचिव स्कूल शिक्षा डॉ. संजय गोयल ने बताया कि लैपटॉप के तहत गत वर्ष की संख्या से इस वर्ष करीब 4500 से अधिक विद्यार्थी बढ़ गए हैं। यह तथ्य साबित करता है कि हमारे शासकीय स्कूलों में कितनी अच्छी और बेहतर तरीके से पढ़ाई कराई जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस राज्यस्तरीय समारोह का सभी जिलों में सजीव प्रसारण किया गया। जिलास्तरीय कार्यक्रमों में मंत्रिगण, सांसद, विधायक एवं जिला पंचायत अध्यक्षों ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत कर मेधावी विद्यार्थियों को लैपटॉप के लिए राशि पाने की खुशी में सहभागिता की।

### लैपटॉप मिलने पर मेधावी विद्यार्थियों ने माना मुख्यमंत्री का आभार

प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को लैपटॉप प्रदाय योजना में लैपटॉप मिलने पर विद्यार्थी अत्यंत प्रसन्न हैं और इसके लिए म.प्र.शासन और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को हृदय से धन्यवाद ज्ञापित कर रहे हैं। सुभाष एक्सीलेंस स्कूल की विद्यार्थी नीशू पंडित बताती हैं मैंने कक्षा 12 वीं में 97 प्रतिशत के साथ स्टेट मेरिट लिस्ट में स्थान हासिल किया है। मेरा लक्ष्य सीए बनना है, जिसके लिए टैक्नोलॉजी का साथ चाहिए। आज मुख्यमंत्री जी के द्वारा मुझे 25 हजार रूपए की राशि प्राप्त हुई है, जिसका उपयोग मैं लैपटॉप क्रय में करूंगी। मेरी पढ़ाई में इसका बहुत बड़ा योगदान रहेगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी का बहुत - बहुत धन्यवाद।

### ऑपरेशन सिंदूर | उप-सेना प्रमुख ने किया खुलासा

# पाकिस्तान को भारत की तैयारियों का लाइव डाटा लीक कर रहा था चीन

नई दिल्ली, एजेंसी

**भारतीय सेना के उप सेना प्रमुख (क्षमता विकास एवं संधारण) लेफ्टिनेंट जनरल राहुल आर सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर बड़ा खुलासा किया है। उन्होंने दावा किया कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान चीन पाकिस्तान को भारत की तैयारियों और अग्रिम मोर्चों पर हमारी तैनाती को लेकर इनपुट दे रहा था।**

फिक्की द्वारा आयोजित न्यू एज मिलिट्री टेक्नोलॉजीज कार्यक्रम में बोलते हुए उन्होंने कहा कि जब डीजीएमओ स्तर की वार्ता चल रही थी, तो पाकिस्तान को चीन से हमारे महत्वपूर्ण वैक्टरों के लाइव अपडेट मिल रहे थे। ऐसे में यह एक ऐसा क्षेत्र है जहां हमें असल में ज्यादा से ज्यादा और तेजी के साथ काम करने की जरूरत है। अपने संबोधन में उन्होंने चीन-तुर्किए और पाकिस्तान के गठबंधन को बेनकाब करते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हम एक सीमा पर दो विरोधियों या असल में तीन से जंग लड़ रहे थे। पाकिस्तान अग्रिम मोर्चे पर था और चीन उसे हर संभव सहायता प्रदान कर रहा था। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के पास 81 प्रतिशत सैन्य हार्डवेयर चीनी है। इस अभियान में चीन ने एक तरह से अपने हथियारों का परीक्षण अन्य



हथियारों के खिलाफ किया। पाकिस्तान एक तरह से उनके लिए एक प्रयोगशाला की तरह उपलब्ध था। तुर्की ने भी इस प्रकार की सहायता प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

अपने संबोधन में उन्होंने एक मजबूत वायु रक्षा प्रणाली की आवश्यकता पर भी बल दिया। उन्होंने कहा कि भविष्य में अगर पाकिस्तान हम पर हमला करता है तो वह आबादी वाले क्षेत्रों को निशाना बना सकता है। इस बार पूरे ऑपरेशन के दौरान एयर डिफेंस और उसका संचालन बेहतरीन था, लेकिन इस बार हमने आबादी वाले क्षेत्रों में एयर डिफेंस पर ठीक से ध्यान नहीं दिया गया, लेकिन भविष्य में हमें इसके लिए तैयार रहना होगा।

लेफ्टिनेंट जनरल राहुल आर सिंह ने कहा कि इसे हमें कुछ सबक मिले हैं। उन्होंने कहा कि पड़ोसी मुल्क में टारगेट की योजना और उनका चयन बहुत सारे डेटा पर आधारित था। यह प्रौद्योगिकी और मानव खुफिया जानकारी का उपयोग करके एकत्र किया गया था। हमने पाकिस्तान में कुल 21 टारगेट तय किए थे, जिनको निशाना बनाना था। फिर सेना की कार्रवाई से ठीक पहले आखिरी घंटे में यह तय किया गया कि 21 में से किन नौ ठिकानों को निशाना बनाना है। उसके बाद एक सुविचारित निर्णय लिया गया कि दुनिया को सही संदेश भेजने के लिए तीनों सेनाओं का यह दृष्टिकोण होना चाहिए कि हम वास्तव में एक एकीकृत बल हैं।

### संघर्ष विराम को रणनीतिक कदम करार दिया

इस दौरान उन्होंने पाकिस्तान के साथ संघर्ष विराम को रणनीतिक कदम करार दिया। कहा कि जब हम किसी सैन्य लक्ष्य पर पहुंचते हैं, तो हमें इसे रोकने की कोशिश करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि युद्ध शुरू करना आसान है, लेकिन इसे नियंत्रित करना बहुत मुश्किल है। ऐसे में मैं कहूंगा कि यह एक बहुत ही शानदार चाल थी, जो संघर्ष विराम को रोकने के लिए पाकिस्तान ने चली। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को अहसास हो गया था कि अगर संघर्ष जारी रहा तो भारत का पंच तैयार है और वह और बुरी स्थिति में पहुंच सकता है इसलिए उन्होंने संघर्षविराम की मांग की। उन्होंने कहा कि इस अभियान के जरिए देश के शीर्ष नेतृत्व ने भी पड़ोसी समेत सभी को साफ रणनीतिक संदेश दिया कि अब पहले की तरह आतंकवादी कृत्यों को सहन नहीं किया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### 13 जुलाई से चीन के तीन दिवसीय दौरे पर जाएंगे जयशंकर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** विदेश मंत्री एस जयशंकर 13 जुलाई से तीन दिवसीय चीन दौरे पर जाएंगे। यह जानकारी शुक्रवार को विदेश मंत्रालय के सूत्रों ने दी। यह यात्रा बीजिंग से शुरू होगी, जिसके बाद वह तिआनजिन में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के विदेश मंत्रियों की बैठक में शामिल होंगे। इस समय एससीओ की अध्यक्षता चीन के पास है। जयशंकर का यह दौरा इसलिए अहम माना जा रहा है क्योंकि जून 2020 में एलएसी पर गलवां घाटी में हुई हिंसक झड़प के बाद भारत और चीन के रिश्तों में भारी तनाव आ गया था। इस बीच जयशंकर और उनके चीनी समकक्ष की कुछ मुलाकाती अंतरराष्ट्रीय बैठकों के दौरान जरूर हुईं, लेकिन यह पहली बार होगा जब वह तनाव के बाद सीधे चीन की यात्रा पर जा रहे हैं।

### भारतीय-अमेरिकी पैसेंजर ने फ्लाइट में यात्री का गला दबाया

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका में एक भारतीय मूल के व्यक्ति पर फ्लाइट में दूसरे पैसेंजर के साथ मारपीट और गला दबाने का आरोप लगा है। ये फ्लाइट फिलाडेल्फिया से मियामी जा रही थी। घटना को लेकर इवांस ने दावा किया - ईशान उसकी आगे वाली सीट पर बैठा था और अजीब हरकतें कर रहा था, जैसे बार-बार हंसना और बड़बड़ाना, जिससे मुझे परेशानी हो रही थी। ईशान के हरकतों से परेशान होकर इवांस ने केबिन क्रू से मदद मांगी। जिसके बाद ईशान ने लड़ाई शुरू कर दी और इवांस का गला पकड़ लिया। लड़ाई में ईशान और इवांस को काफी चोटें आईं।




### सोनिया गांधी ने ईडी के आरोपों को दी चुनौती

# अजीब से भी अधिक अभूतपूर्व है नेशनल हेराल्ड का मामला

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद सोनिया गांधी ने अपने वकील अभिषेक मनु सिंघवी के जरिए शुक्रवार को नेशनल हेराल्ड केस में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के आरोपों का जोरदार खंडन किया और इसे वास्तव में एक अजीब और अभूतपूर्व मामला बताया। उनके वकील ने कहा कि इस अजीब से मामले में धन शोधन अपराध के आवश्यक तत्व ही नहीं हैं। सिंघवी ने अदालत में अपना खंडन तब पेश किया जब ईडी का प्रतिनिधित्व कर रहे अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने मामले में दायर आरोपपत्र के संज्ञान के संबंध में 3 जुलाई को अपनी दलीलें समाप्त कीं।

इस मामले में सोनिया गांधी नंबर वन आरोपी हैं, जबकि उनके सांसद बेटे राहुल गांधी नंबर दो आरोपी हैं। सिंघवी ने शुक्रवार को ईडी के आरोपों की बुनियाद पर सवाल उठाते हुए कहा, यह वास्तव में एक अजीब मामला है। अजीब से भी ज्यादा। अभूतपूर्व। यह धन शोधन का एक कथित मामला है, जिसमें कोई संपत्ति नहीं है, संपत्ति का उपयोग या प्रक्षेपण नहीं है।



### देनदारी हटाने की अनुमति होती है

मामले की सुनवाई के दौरान सिंघवी ने कहा, हर कंपनी को कानून के तहत अपनी देनदारी हटाने की अनुमति होती है। हमने भी वही किया। हमने एजीएल का कर्ज यंग इंडियन को ट्रांसफर किया ताकि एजीएल कर्जमुक्त हो जाए। उन्होंने बताया कि यंग इंडियन एक गैर-लाभकारी कंपनी है। इसका मतलब यह है कि कंपनी लाभ, बोनस, वेतन या लाभांश नहीं बांट सकती। ईडी ने सोनिया और राहुल गांधी के अलावा दिवंगत कांग्रेस नेता मोतीलाल वोरा और ऑस्कर फर्नांडीस समेत सुमन दुबे, सैम पित्रोदा और निजी कंपनी यंग इंडियन पर नेशनल हेराल्ड अखबार प्रकाशित करने वाली एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) की 2,000 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की संपत्तियों के धोखाधड़ी से अधिग्रहण को लेकर साजिश और धनशोधन का आरोप लगाया है।

### ईरान से तेल व्यापार करने की सजा

# अमेरिका ने भारतीय कंपनी पर लगाया प्रतिबंध

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका ने ईरान से तेल और पेट्रोकेमिकल व्यापार में शामिल छह कंपनियों और कई जहाजों पर प्रतिबंध लगाए हैं। इनमें भारत और पाकिस्तान की एक-एक फर्म भी शामिल है। यह कार्रवाई अमेरिका की उस नीति का हिस्सा है, जिसके तहत वह ईरान पर आर्थिक दबाव बढ़ाने की कोशिश कर रहा है। यह जानकारी अमेरिकी विदेश मंत्रालय और ट्रेजरी विभाग के ऑफिस ऑफ फॉरेन एसेट्स कंट्रोल ने दी। पाकिस्तान के लाहौर में स्थित एलायंस एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड और नई दिल्ली में स्थित भारत की साई साबुरी कंसल्टिंग सर्विसेज पर ईरानी तेल व्यापार में उनकी कथित भूमिका के लिए प्रतिबंध लगाए गए हैं। ह्रस्त्रष्ट के अनुसार, ये कंपनियां ईरान के तेल और पेट्रोकेमिकल उत्पादों को गुप्त रूप से भेजने में शामिल एक नेटवर्क का हिस्सा थीं, जो अमेरिकी प्रतिबंधों का उल्लंघन करता है।

ये प्रतिबंध अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की अधिकतम दबाव नीति का हिस्सा हैं, जिसका उद्देश्य ईरान के तेल निर्यात को शून्य तक कम करना और उसके परमाणु कार्यक्रम, बैलिस्टिक मिसाइल विकास और क्षेत्रीय प्रभाव को सीमित करना है। अमेरिकी ट्रेजरी सचिव स्कॉट बेसेन्ट ने कहा, हम ईरान के राजस्व स्रोतों को निशाना बनाना जारी रखेंगे और उसके ऐसे वित्तीय संसाधनों तक पहुंच को बाधित करेंगे, जो उसकी अस्थिर करने वाली गतिविधियों को बढ़ावा देते हैं। पाकिस्तान की एलायंस एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड पहले भी अमेरिकी प्रतिबंधों का उल्लंघन करने के लिए ब्लैकलिस्ट हो चुकी है। इसके अलावा, संयुक्त अरब अमीरात (UAE), ईरान और पनामा आधारित कंपनियों और उनके संचालित जहाजों को भी निशाना बनाया गया है। साई साबुरी कंसल्टिंग सर्विसेज पर दो एलपीजी टैंकरों, बैटेलूर और नील के कॉमर्शियल मैनेजर के रूप में काम करने का आरोप है, जो ईरानी तेल के परिवहन में शामिल थे।



### नौसेना में पहली महिला फाइटर पायलट बनीं आस्था पूनिया

**विशाखापत्तनम, एजेंसी।** भारतीय नौसेना ने इतिहास रच दिया है। सब लेफ्टिनेंट आस्था पूनिया को आधिकारिक रूप से नौसेना के फाइटर स्ट्रीम में शामिल कर लिया गया है। वे इस स्ट्रीम में जगह पाने वाली पहली महिला अधिकारी बन गई हैं। इससे महिला अधिकारियों के लिए लड़ाकू भूमिकाओं के द्वार खुल गए हैं। आस्था पूनिया को विंग्स ऑफ गोल्ड सम्मान प्रदान किया गया, जो नौसेना की फाइटर पायलट बनने की पात्रता का प्रतीक है। यह सम्मान उन्हें रियर एडमिरल जनक बेवली, सहायक नौसेना स्टाफ (एयर) की तरफ से आईएनएस डेगा, विशाखापत्तनम में दिया गया। इस मौके पर लेफ्टिनेंट अतुल कुमार ढुल को भी यह सम्मान प्राप्त हुआ। यह समारोह सेकेंड बेसिक हॉक कन्वर्जन कोर्स की सफल समाप्ति पर आयोजित हुआ था।

### इलाहाबाद हाईकोर्ट ने याचिका खारिज की

# मथुरा की शाही ईदगाह मस्जिद विवादित ढांचा नहीं

प्रयागराज, एजेंसी

मथुरा की शाही ईदगाह मस्जिद को विवादित ढांचा घोषित करने की मांग वाली याचिका को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया। हिंदू पक्ष की याचिका पर 23 मई को कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। कोर्ट ने कहा कि मूल वाद चल रहा है। हाईकोर्ट में ट्रायल चल रहा है। ऐसे में एक एप्लिकेशन पर विवादित ढांचा घोषित करने का कोई औचित्य नहीं। फिर जो मूल वाद है, उस पर



असर पड़ेगा। मूल वाद ही इससे से जुड़ा है, इसलिए विवादित ढांचा का फैसला नहीं दिया जा सकता। वहीं, हिंदू पक्ष के वकील महेंद्र प्रताप ने इस मामले को सुप्रीम कोर्ट ले जाने की बात कही है। दरअसल, 5 मार्च को हिंदू पक्ष के वकील महेंद्र प्रताप सिंह ने विवादित ढांचा घोषित करने को लेकर याचिका दाखिल की थी। कोर्ट से कहा था कि मस्जिद के पास जमीन के कागज नहीं हैं, इन्होंने अतिक्रमण कर रखा है। इसे मस्जिद क्यों कहा जाए? इसलिए मस्जिद को भी विवादित ढांचा घोषित किया जाए। इसके खिलाफ मुस्लिम पक्ष ने आपत्ति दाखिल की थी। कहा था- हिंदू पक्ष की मांग सरासर गलत है। इस मामले में जस्टिस राम मनोहर नारायण मिश्रा की सिंगल बेंच में अब तक चार बार सुनवाई हो चुकी है। इस याचिका के अलावा, हिंदू पक्ष की 18 अन्य याचिकाओं पर भी हाईकोर्ट में सुनवाई अलग से चल रही है।

### 400 सालों से यह शाही ईदगाह

मुस्लिम पक्ष ने आपत्ति में कहा था- हिंदू पक्ष की मांग सरासर गलत है। 400 सालों से यह शाही ईदगाह है, इसलिए इसे विवादित ढांचा घोषित करने की मांग कठोर दंड के साथ खारिज किया जाना चाहिए।

### त्रिनिनाद पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, बोले...

# भारतीय प्रवासी अपनी मिट्टी छोड़ आए, लेकिन अपने संस्कार नहीं छोड़े

पोर्ट ऑफ स्पेन, एजेंसी

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार तड़के त्रिनिदाद और टोबैगो में भारतीय समुदाय को संबोधित किया। उन्होंने पीएम कमला प्रसाद बिसेसर को बिहार की बेटी कहा और उन्हें राम मंदिर का मॉडल और सरयू नदी के जल के साथ-साथ प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ का जल भी भेंट किया।**

पीएम मोदी ने भारतीय समुदाय की यात्रा को साहस की मिसाल बताया। पीएम ने कहा- वे (भारतीय प्रवासी) गंगा और यमुना को पीछे छोड़ आए, लेकिन अपने दिल में रामायण को साथ लाए। उनके योगदान ने इस देश को सांस्कृतिक,



आर्थिक और आध्यात्मिक रूप से समृद्ध किया है। वे अपनी मिट्टी छोड़ आए, लेकिन अपने संस्कार नहीं छोड़े। वे सिर्फ प्रवासी नहीं थे, बल्कि एक सभ्यता के दूत थे।

पीएम मोदी ने ऐलान किया कि भारतीय मूल के लोगों की छठी पीढ़ी को भी ओवरसीज सिटीजन ऑफ इंडिया (ओसीआई) कार्ड दिया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार तड़के त्रिनिदाद और टोबैगो की राजधानी पोर्ट ऑफ स्पेन पहुंचे हैं। इस मौके पर प्रधानमंत्री कमला परसाद-बिसेसर और उनके 38 मंत्रियों और चार सांसदों ने एयरपोर्ट पर मोदी की अगवानी की। पीएम मोदी ने कहा- 25 साल पहले मैं यहां आया था। तब से अब तक हमारी दोस्ती और मजबूत हुई है। बनारस, पटना, कोलकाता और दिल्ली भारत के शहर हैं, लेकिन यहां भी इनके नाम की सड़कें हैं। नवरात्रि, महाशिवरात्रि और जन्माष्टमी यहां खुशी, उत्साह और गर्व के साथ मनाए जाते हैं।

### 30 साल बाद भारतीय पीएम की त्रिनिदाद यात्रा

पोर्ट ऑफ स्पेन के पियार्को इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर भारतीय समुदाय के लोग भी मौजूद थे, जिन्होंने पारंपरिक डांस के जरिए पीएम मोदी का स्वागत किया। 1999 के बाद किसी भी भारतीय प्रधानमंत्री की यह त्रिनिदाद और टोबैगो की पहली यात्रा है। प्रधानमंत्री कमला प्रसाद बिसेसर ने पीएम मोदी को न्योता दिया था। अपनी यात्रा के दौरान पीएम मोदी राजधानी पोर्ट ऑफ स्पेन में प्रधानमंत्री कमला के साथ-साथ राष्ट्रपति क्रिस्टीन कार्ला कांगालू से भी मुलाकात करेंगे। गौरतलब है कि दोनों ही शीर्ष नेता भारतीय मूल की हैं।

### दौरे का मकसद दोनों देशों में संबंध मजबूत करना

इस ऐतिहासिक यात्रा का मकसद भारत और त्रिनिदाद एंड टोबैगो के बीच ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और आर्थिक संबंधों को और मजबूत करना है। क्रूमोदी की यह यात्रा एक और मायने में बेहद खास है। दरअसल, इस साल त्रिनिदाद एंड टोबैगो में भारतीय मजदूरों के पहली बार पहुंचने की 180वीं वर्षगांठ मनाई जा रही है। इस देश की करीब 40 प्रतिशत आबादी भारतीय मूल की है, जिनके पूर्वज 19वीं सदी में वहां काम की तलाश में गए थे।

# शिक्षा से नई सोच, नई तकनीक और आत्मनिर्भरता का मार्ग होता है प्रशस्त- उप मुख्यमंत्री शुक्ल

## प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना अंतर्गत लैपटॉप राशि अंतरण समारोह में उपमुख्यमंत्री ने मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रदान किए प्रतीकात्मक चेक

विनय उजाला

**भोपाल,निप्र।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि किसी भी व्यक्ति, समाज या राष्ट्र के विकास के लिए शिक्षा अनिवार्य है। जब तक लोग शिक्षित नहीं होंगे, वे न तो अपने अधिकारों को समझ पाएंगे और न ही अपने कर्तव्यों का सही ढंग से पालन कर पाएंगे। शिक्षा से नई सोच, नई तकनीक और आत्मनिर्भरता का मार्ग प्रशस्त होता है। आधुनिक युग में शिक्षित होना बहुत जरूरी है। शिक्षा तरक्की का आधार है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शहडोल में प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना में लैपटॉप राशि अंतरण समारोह में शामिल हुए। उन्होंने मॉ सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यापर्ण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना अंतर्गत मेधावी विद्यार्थियों को लैपटॉप राशि का अंतरण सिंगल क्लिक से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने किया। कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने मेधावी छात्र-छात्राओं को 25 हजार रूपये की राशि का प्रतीकात्मक चेक प्रदान किया।





उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना अंतर्गत कक्षा 12 वीं के एमपी बोर्ड परीक्षा में 75 प्रतिशत से अधिक लाने वाले विद्याथियों को मनपसंद लैपटॉप खरीदने के लिए राज्य सरकार द्वारा 25 हजार रूपये की राशि प्रदान की जाती है। उन्होंने कहा विद्यार्थी को उच्च शिक्षा व आगे की पढाई करने के लिए यह लैपटॉप काफी मददगार साबित होगा। उन्होंने कहा कि कमजोर तबके के विद्यार्थी भी कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, इंजीनियर, डॉक्टर जैसे अच्छे पदो में जाए इसके लिए हर संभव मदद की जा रही है, किसी भी स्थिति में शिक्षा के लिए आर्थिक संकट नही होने दिया जाएगा। विद्यार्थी अच्छी मेहनत और लगन से पढाई करें। असफलता भी मिल जाए तो निराश नही होना चाहिए, उस असफलता होने का कारण खोजे और सुधार करे तो सफलता अवश्य मिलती है।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि संस्कारयुक्त शिक्षा समाज के लिए वरदान है। इसके लिए अभिभावक, गुरूजन अपनी महती भूमिका निभाए। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार मिल विकास के क्षेत्र में नये-नये आयाम गढ रही है। केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाएं गरीब, महिला, किसान, युवा सभी वर्गों का सशक्तीकरण कर रही हैं। उन्होंने कहा कि शहडोल संभाग तेजी से विकास की ओर बढ रहा है, शहडोल में मेडिकल कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज, विश्वविद्यालय आदि सुविधाओ का विस्तार किया गया है, जिससे शहडोल संभाग के लोगो को अन्य शहरो में न जाना पड़े और लोगो की आवश्यकताओं को देखते हुए अन्य सुविधाओ का भी विस्तार किया जाएगा। विधायक श्रीमती मनीषा सिंह, श्री जयसिंह मरावी सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी, शिक्षक, अभिभावक, छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

# टैक्नोलॉजी का साथ उच्च शिक्षा में अत्यंत उपयोगी होगा

## लैपटॉप मिलने पर मेधावी विद्यार्थियों ने दिया मुख्यमंत्री को धन्यवाद

विनय उजाला

**भोपाल,निप्र।** प्रतिवाशाली विद्यार्थियों को लैपटॉप प्रदाय योजना में लैपटॉप मिलने पर विद्यार्थी अत्यंत प्रसन्न हैं और इसके लिए म.प्र.शासन और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को ह्दय से धन्यवाद ज्ञापित कर रहे हैं। सुभाष एक्सीलेंस स्कूल की विद्यार्थी नीशू पंडित बताती हैं 'मैंने कक्षा 12 वीं में 97 प्रतिशत के साथ स्टेट मेरिट लिस्ट में स्थान हासिल किया है। मेरा लक्ष्‌ सीए बनना है जिसके लिए टैक्नोलॉजी का साथ चाहिए। आज माननीय मुख्यमंत्री जी के द्वारा मुझे 25 हजार रूपए की राशि प्राप्त हुई है, जिसका उपयोग मैं लैपटॉप क्रय करके करूंगी। मेरी पढ़ाई में इसका बहुत बड़ा योगदान रहेगा।



माननीय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी का बहुत - बहुत धन्यवाद।'

इसी विद्यालय के प्रदेश की प्रावीण्य सूची में वाण्यियम संकाय अंतर्गत चतुर्थ स्थान प्राप्त करने वाले छात्र श्री प्रांजल कुशवाह ने भी मुख्यमंत्री से लैपटॉप प्राप्त कर उनका ह्दय से आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा मैं सीए की तैयारी कर रहा हूँ। इसके लिए ऑनलाइन क्लासेस एवं नोट्स बनाने में यह लैपटॉप मुझे काफी मददगार साबित होगा।

भोपाल जिले के पीएमश्री शासकीय नवीन कन्या हायर सेकेण्ड्री विद्यालय की 11 छात्राओं को भी लैपटॉप की राशि मिली है। राशि मिलने पर सुश्री सिमरन पैठारी, उर्मिला सैनी, कंचन मौरे, शिवानी, जैनस्वी शर्मा, पायल साल्वे, सिया यादव, हेमलता मीणा, आशा बडोले, प्रियंक गौर एवं विक्की भरिल्ला ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का ह्दय से धन्यवाद व्यक्त किया है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना में लैपटॉप की राशि अंतरित की। स्कूल शिक्षा विभाग की प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना में मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मण्डल की 12वीं बोर्ड परीक्षा में 75 प्रतिशत अथवा उससे अधिक अंक अर्जित करने वाले प्रति विद्यार्थियों को 25 हजार रुपये की राशि लैपटॉप क्रय करने के लिये उनके बैंक खाते में अंतरित की गई है। प्रदेश में इस वर्ष 94 हजार 234 विद्यार्थियों को लैपटॉप के लिये 235 करोड़ 58 लाख 50 हजार रूपये की राशि दी गई है। भोपाल जिले के 4 हजार 327 विद्यार्थियों को लैपटॉप क्रय के लिए 10 करोड़ 81 लाख से अधिक की राशि दी गई है।

# उद्यमियों ने किया सूरत टेक्सटाइल एवं गारमेंट क्लस्टर में एक्सपोज़र विजिट

विनय उजाला

**भोपाल,निप्र।** सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार की रैंप योजना एवं मध्यप्रदेश के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग के नेतृत्व में 3 से 5 जुलाई 2025 तक सूरत के विख्यात टेक्सटाइल एवं गारमेंट क्लस्टर में मध्यप्रदेश के 22 एमएसएमई उद्यमियों का एक्सपोज़र विजिट जारी है। लघु उद्योग निगम इस विजिट की नोडल एजेंसी है।

इस एक्सपोज़र विजिट में मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों भोपाल, इंदौर, जबलपुर, उज्जैन, मंदसौर, धार, गुना आदि से चयनित एमएसएमई इकाइयों ने भाग लिया। इनका चयन पूर्व निर्धारित पात्रता मानदंडों के आधार पर किया गया जिससे उच्च विकास क्षमता वाली इकाइयों की भागीदारी सुनिश्चित की जा सके। इस भ्रमण का उद्देश्य एमएसएमई उद्यमियों को देश के प्रमुख औद्योगिक क्लस्टरों से अवगत कराना, सफल व्यावसायिक मॉडल से सीखने का अवसर देना और व्यावहारिक अनुभव के माध्यम से उनके कौशल को विकसित करना है।

दौरे के पहले दिन गुरूवार को रैंप योजना के राज्य नोडल अधिकारी तथा उप मुख्य महाप्रबंधक- लघु उद्योग, अनिल थागले ने प्रतिभागियों को योजना और इस दौरे के उद्देश्यों की विस्तृत जानकारी दी।

# क्षत्रिय समाज ने कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन

## क्षत्रिय समाज के व्यक्ति पर झूठी एफआईआर को लेकर जताया विरोध

विनय उजाला

**भोपाल,निप्र।** जिला क्षत्रिय समाज सागर द्वारा शुक्रवार को कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक के समक्ष ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में कहा गया कि जिला क्षत्रिय समाज के संरक्षक, भाजपा के वरिष्ठ नेता मालथौन जनपद के पूर्व अध्यक्ष, जनभागिदारी समिति मालथौन के पूर्व अध्यक्ष तथा भाजपा सरकार द्वारा मालथौन नगर पंचायत के मनोनीत अध्यक्ष नीलकमल राजपूत के पिता गोविंद सिंह मालथौन पर गत 2 जुलाई 2025 को थाना मालथौन में राजनैतिक द्वैश एवं ईश्या के चलते एक नेता के इशारे पर अनूसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के तहत झूठा प्रकरण दर्ज कराया गया है। दरअसल विगत दिनों जिला क्षत्रिय समाज द्वारा महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर हजारों क्षत्रिय समाज के लोगों को एकत्रित कर जयंती मनायी गई थी। जिसमें गोविंद सिंह मालथौन ने बढ़ चढ़कर समाज के सैकड़ों लोगों के साथ भाग लिया था, इसी वजह से





नेताजी ने द्वेशवश गोविंद सिंह मालथौन की छवि खराब करने के लिए फर्जी मुकदमें की कार्यवाही करायी। चूंकि गोविंद सिंह मालथौन ना केवल क्षत्रिय समाज बल्कि भाजपा के वरिष्ठ नेता है।

ज्ञापन में जिला क्षत्रिय समाज द्वारा मांग की गई कि इस तरह का कृत्य करने वाले पुलिस अधिकारी को निलंबित करें एवं गोविंद सिंह मालथौन पर अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति एक्ट के तहत दर्ज झूठे प्रकरण की जांच सक्षम वरिष्ठ अधिकारी से कराये जाकर मामले में खातमा/खारजी लगायी जाये साथ ही जांच होने तक थाना मालथौन एसडीओपी एवं थाना प्रभारी को निर्देशित किया जावे कि जांच दौरान उक्त मामले में किसी भी व्यक्ति की गिरफतारी न की जावे। जिला क्षत्रिय समाज द्वारा कलेक्टर के नाम संबोधित ज्ञापन में कहा गया कि राजनैतिक द्वेश एवं प्रतिद्वंद्विता के चलते अपने रसूख का गलत फायदा उठाकर गरीब किसानों एवं क्षत्रिय समाज के गोविंद सिंह मालथौन पूर्व जनपद अध्यक्ष को निशाना बनाया जा रहा है। गोविंद सिंह मालथौन एवं अन्य 17 कृषकों का नगर पंचायत मालथौन द्वारा आवैधानिक रूप से रास्ता बंद कर दिया गया है। ज्ञापन में क्षत्रिय समाज द्वारा चेतावनी दी गई यदि उक्त संबंध में शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया तो जिला क्षत्रिय समाज आंदोलन करने के लिए बाध्य हो जायेग, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। इस अवसर पर हीरा सिंह राजपूत जिला पंचायत अध्यक्ष, देवेन्द्र सिंह जिला पंचायत उपाध्यक्ष, धीरज सिंह अध्यक्ष भाजपा किसान प्रकोष्ठ, राजकुमार सिंह, सुरेन्द्र सिंह, रामबाबू सिंह ठाकुर, सरबन सिंह, बादल सिंह, जाहर सिंह ठाकुर, सत्यजीत सिंह, अमर सिंह, मंगल सिंह ठाकुर, अरविंद सिंह ठाकुर, देवेन्द्र सिंह ठाकुर, सुरेन्द्र सिंह, अशोक सिंह, राजकुमार सिंह, अशोक सिंह, अरविंद सिंह राजपूत, संतोष सिंह, अमर सिंह, विवेक सिंह राजपूत, गोविंद सिंह, राजाभाई, सुल्तान सिंह, भगवतशरण, रघुराज सिंह, पुष्पेन्द्र सिंह, बिजेन्द्र सिंह, संदीप सिंह, बिजेन्द्र सिंह, अभिजीत सिंह, प्रशांत सिंह, बरूण सिंह, रविसिंह, उमेश सिंह ठाकुर, हैमेश गौर, सीताराम सिंह, अशोक सिंह, रूपेश सिंह, प्रबेन्द्र सिंह, देशराज सिंह, नीरज सिंह, बुंदेल सिंह, बाबूसिंह राजपूत, रामजी, शैलेन्द्र सिंह, महेश सिंह, विक्रम सिंह राजपूत, सनिल सिंह, बिजेन्द्र सिंह, रामराज सिंह, इंद्राज सिंह, रामजी राजपूत सहित जिले भर के क्षत्रिय समाज के सैकड़ों समाजबंधु शामिल हुए।

## मुरैना के पहाड़गढ़ वितरण केन्द्र में 5 एमवीए क्षमता का नया 33/11 केवी उपकेंद्र ऊर्जीकृत

**भोपाल,निप्र।** ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया है कि मुरैना जिले केसबलगढ़ बिजली संभाग के पहाड़गढ़ वितरण केन्द्र के अंतर्गत ग्राम कोटसिरथरा में 5 एमवीए क्षमता का नया 33/11 केवी उपकेंद्र ऊर्जीकृत किया गया है। रिवेम्प्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम योजना के तहत इस नए 33/11 केवी उपकेंद्र की स्थापना से पहाड़गढ़ के कोटसिरथरा ग्रामा के सैकड़ों उपभोक्ताओं को निर्बाध तथा गुणवत्तापूर्ण सतत बिजली सप्लाई मिलेगी। सभी श्रेणी के विद्युत उपभोक्ताओं को निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए सरकार कृत संकल्पित है और इस दिशा में निरंतर कार्य किये जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि नवीन 5 एमवीए 33/11 केवी उपकेंद्र स्थापित होने से एक ओर जहॉं विद्युत वितरण प्रणाली मजबूत होगी वहीं दूसरी ओर विद्युत हानियां कम होकर प्रणाली की क्षमता वृद्धि से उपभोक्ताओं को पर्याप्त वोल्टेज पर विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित होगी।

## संक्षिप्त समाचार

### अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस पर होगा सहकारी युवा संवाद, मुख्यमंत्री डॉ. यादव होंगे मुख्य अतिथि

**भोपाल,निप्र।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस पर सहकारी युवा संवाद 5 जुलाई को सुबह 10 बजे समन्वय भवन में आयोजित किया गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता सहकारिता मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव युवाओं से सहकारी युवा संवाद करेंगे। कार्यक्रम को सहकारिता मंत्री श्री सारंग भी संबोधित करेंगे और अपर मुख्य सचिव श्री अशोक वर्णबाल द्वारा स्वागत उद्बोधन दिया जायेगा। अतिथियों एवं युवाओं के मध्य समावेशी एवं संवहनीय विकास में सहकारिता की भूमिका विषयक संवाद होगा। इस दौरान राज्य सहकारी संघ द्वारा क्रियान्वित भारत सरकार हस्तशिल्प विभाग के सीएचसीडीएस स्कीम के हस्तशिल्प प्रशिक्षणार्थियों को टूलकिट वितरण भी होगा। राज्य सहकारी संघ एवं अपेक्स बैंक ट्रेनिंग कॉलेज द्वारा इस संयुक्त आयोजन में विषय विशेषज्ञों द्वारा सहकारिता की अवधारणा एवं विकास, सहकारिताओं के प्रकार, सहकारिता की वैधानिक पृष्ठभूमि, सहकारी सेक्टर में स्वरोजगार की संभावनाएं और सहकार से समृद्धि योजना का विवरण एवं प्रगति के बारे में जानकारी दी जायेगी। कार्यक्रम की शुरूआत सहकारी गीत गायन से होगी। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा सहकारी ध्वजारोहण एवं सहकारिता पर आधारित फिल्म का प्रदर्शन भी किया जायेगा।

### भोपाल में जैट पेचर तकनीक से सड़कों के गड्ढे भरने के कार्य का प्रदर्शन



**भोपाल,निप्र।** नगरीय प्रशासन एवं आवास आयुक्त संकेत भोंडवे की उपस्थिति में शुक्रवार को राजधानी भोपाल के ई-7 क्षेत्र में जैट पेचर तकनीक के माध्यम से नगरीय क्षेत्रों में सड़कों पर गड्ढों को भरने के कार्य का डेमोन्स्ट्रेशन किया गया। आयुक्त श्री भोंडवे ने बताया कि यह अत्याधुनिक मशीन नगरीय क्षेत्रों में सड़कों के गड्ढों से नागरिकों को शीघ्र राहत दिलाने में उपयोगी सिद्ध होगी। यह तकनीक कम समय में, परिशुद्धता के साथ गड्ढे भरने का कार्य करती है। इसमें सड़क निर्माण सामग्री का विशेष मिश्रण प्रयुक्त होता है, जो प्रेशराइज इंजेक्शन तकनीक पर आधारित है। डेमोन्स्ट्रेशन के अवसर पर नगर निगम की अपर आयुक्त सुश्री टीना यादव, प्रमुख अभियंता प्रदीप मिश्रा, अधीक्षण यंत्री जीवेन्द्र सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### जानवरों से फसल की सुरक्षा के लिये खेत पर जाली लगाने का आधा खर्च सरकार वहन करेगी

**भोपाल,निप्र।** फसलों को जंगली जानवरों से बचाने के लिए खेतों पर जाली लगाने का आधा खर्चा राज्य सरकार वहन करेगी। अब राष्ट्रीय बागवानी एकीकृत विकास कार्यक्रम के तहत उद्यानकी फसल उगाने वाले कृषक अपने खेत के चारो ओर गेलनवाईज जाली लगवा सकते है। उद्यानकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा इच्छुक किसानों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये गए हैं। आयुक्त उद्यानकी के अनुसार उद्यानकी फसलों में सब्जी, फल, फूल एवं मसालों की फसलों को जंगली जानवरों द्वारा क्षति पहुंचाई जाती है इससे बचाव के लिये यह योजना लागू की गई है। विभाग द्वारा किसानों को जाली लगाने में आने वाला खर्च का आधा (50 प्रतिशत) अनुदान प्रदान किया जाएगा। जाली लगाने का खर्चा 300 रुपये प्रति रनिंग मीटर आता है यानि एक हजार रनिंग मीटर का खर्चा तीन लाख रुपये है इसमें डेढ़ लाख रुपये राज्य सरकार देगी तथा शेष डेढ़ लाख रूपये किसान वहन करेगा।

### महिलाओं को रात की पाली में कारखानों में काम करने की विशेष अनुमति

**भोपाल,निप्र।** पुख्ता सुरक्षा उपायों और विशेष नियम एवं शर्तों को लागू करने की अनिवार्यता के साथ मध्यप्रदेश सरकार ने महिलाओं को दुकानों, वाणिज्यिक संस्थानों और कारखानों में रात की पाली (नाइट शिफ्ट) में काम करने की अनुमति दी है। संस्थानों में महिला श्रमिकों को सुरक्षित और सम्मानजनक कार्य वातावरण दिया जाएगा। राज्य सरकार ने मध्यप्रदेश दुकान एवं स्थापना अधिनियम, 1958 एवं कारखाना अधिनियम, 1948 के अंतर्गत महिला श्रमिकों को कुछ शर्तों के साथ कार्य करने की अनुमतिदी है। इस संबंध में श्रम विभाग द्वारा निर्देश जारी किये गए है। दुकानों एवं वाणिज्यिक स्थापनाओं में रात्रि पाली में 9 बजे से सुबह 7 बजे तक कार्य करने के लियेनियोजकों को महिला श्रमिकों की लिखित सहमति लेना अनिवार्य होगा। कम से कम 5 महिला श्रमिक के समूह में ही उन्हें कार्य पर लगाया जाएगा। कार्यस्थल पर सुरक्षित वातावरण, शौचालय, वॉशरूम, पेयजल और विश्राम कक्ष जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। इन सुविधाओं तक आगागमन का मार्ग अच्छी तरह से प्रकाशित तथा सीसीटीवी की निगरानी में होगा। जहां 10 या अधिक महिलाएं कार्यरत हों, वहां महिला सुरक्षाकर्मियों (गार्डस) की व्यवस्था करनी होगी एवं विश्राम कक्ष भी उपलब्ध कराया जायेगा। सभी प्रतिष्ठानों को लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम 2013 के प्रावधानों का पूर्ण पालन करना होगा।

**कारखानों के लिए विशेष शर्तें** :कारखानों में रात 8 बजे से सुबह 6 बजे तक महिला श्रमिकों को कार्य करने की अनुमति सुरक्षा उपायों के साथ प्रदान की गई है। रात की पाली में कार्य करने के लिये महिला श्रमिकों की लिखित सहमति अनिवार्य होगी और उन्हें पांच से अधिक समूह में नियोजित किया जाएगा। महिला कर्मचारियों के लिए घर से लाने और ले जाने की परिवहन सुविधा देना नियोक्ता की जिम्मेदारी होगी। कार्यस्थल पर प्रकाश व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी, शौचालय, भोजन व विश्राम कक्ष उपलब्ध होंगे। कार्य स्थल के प्रवेश एवं निकास पर महिला सुरक्षाकर्मी (गार्डस) उपलब्ध होगी। ठहरने की व्यवस्था महिला वार्डन अथवा सुपरवाइजर के नियंत्रण में होगी। रात्रि पाली में सुपरवाइजरी स्टाफ का एक-तिहाई हिस्सा महिलाएं होंगी। पाली परिवर्तन के दौरान कम से कम 12 घंटे का अंतराल जरूरी होगा। कारखानों में लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम 2013 के प्रावधानों का पूर्ण पालन करना अनिवार्य होगा।

## हरदा जिले के 652 विद्यार्थियों के खाते में लेपटॉप की राशि अंतरित

# विद्यार्थी समाज एवं राष्ट्र के पुनरुत्थान के लिये पढ़ाई करें : मंत्री सारंग

विनय उजाला

**भोपाल,निप्र।** खेल एवं युवा कल्याण मंत्री और हरदा जिले के प्रभारी मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने कहा है कि विद्यार्थी समाज एवं राष्ट्र के पुनउर्त्थान के लिये अध्ययन करें। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में अनेक विकास कार्य किये जा रहे है। उन्होंने कहा कि यह बड़ी प्रसन्नता की बात है कि पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष लेपटॉप प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की संख्या में वृद्धि हुई है। यह हमारी बेहतर शिक्षा और व्यवस्था का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा प्रदान कर मध्यप्रदेश को स्वर्णिम मध्यप्रदेश बनाना है। मंत्री श्री सारंग शुक्रवार को हरदा जिले के शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में आयोजित जिला स्तरीय लेपटॉप वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। हरदा जिले के 652 विद्यार्थियों के खाते में लेपटॉप की राशि अंतरित की गई।



मंत्री श्री सारंग ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश निरन्तर विकास कर रहा है। उन्होंने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य देश को विश्व में बेहतर बना सकते हैं। विद्यार्थी पढ़ाई कर देश के विकास में योगदान दें। उन्होंने कहा कि पढ़ाई केवल पैसा कमाने, घर एवं कॅरियर बनाने के लिये नहीं बल्कि देश और समाज के पुनउर्त्थान के लिये करें।

मंत्री श्री सारंग ने जिला स्तरीय कार्यक्रम में प्रतीक स्वरूप जिले के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने बच्चों से चर्चा भी की। कार्यक्रम में विधायक डॉ. रामकिशोर दोगने, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री गजेन्द्र शाह, उपाध्यक्ष श्री दर्शन सिंह गेहलोत, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती भारती राजू कमेड़िया, उपाध्यक्ष नगर पालिका हरदा श्री अंशुल गोयल, जिला अध्यक्ष श्री राजेश वर्मा, पूर्व कृषि मंत्री श्री कमल पटेल, पूर्व विधायक श्री संजय शाह और बाल अधिकार आयोग सदस्य श्री अनुराग पाण्डे उपस्थित थे।

### हरदा एवं टिमरनी के इंडोर स्टेडियम का किया लोकार्पण

मंत्री श्री सारंग ने कार्यक्रम में खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा निर्मित हरदा एवं टिमरनी के इंडोर स्टेडियम का लोकार्पण भी किया। प्रत्येक इंडोर स्टेडियम की लागत 1.69 करोड़ रूपये है। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि इन इंडोर स्टेडियम से खिलाड़ियों को बेडमिंटन, टेबल टेनिस, बास्केटबॉल, जिम, जिम्नास्टिक जैसी सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि स्टेडियम से खिलाड़ी अपनी प्रतिभा को निखार कर क्षेत्र का गौरव बढ़ा सकेंगे। इस अवसर पर मंत्री श्री सारंग ने नगर पालिका द्वारा क्रय की गई टोईंग वेन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस वेन की कीमत 29.44 लाख रूपये है। उन्होंने कहा कि इस वेन के माध्यम से हरदा शहर की यातायात व्यवस्था सुचारू हो सकेगी। मंत्री श्री सारंग ने जिले के प्रवास के दौरान प्राचीन श्री गंजालेश्वर महादेव मंदिर में पूजन-अर्चन कर आशीर्वाद भी प्राप्त किया। उन्होंने मंदिर प्रांगण में पौधरोपण कर हरियाली संवर्धन का संकल्प भी दिलवाया।

# प्रदेश के विद्यालयों में गुरू पूर्णिमा पर होगा दो दिवसीय उत्सव

विनय उजाला

**भोपाल,निप्र। प्रदेश के सभी विद्यालयों में 10 जुलाई गुरूवार को गुरू पूर्णिमा के मौके पर 2 दिवसीय उत्सव का आयोजन किया जायेगा। यह आयोजन 9 और 10 जुलाई को होगा। इस संबंध में आयुक्त लोक शिक्षण श्रीमती शिल्पा गुप्ता ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश जारी किये हैं।**

निर्देश में कहा गया है कि पहले दिन 9 जुलाई को विद्यालय में प्रार्थना सभा के बाद शिक्षकों द्वारा गुरू पूर्णिमा के महत्व और पारंपरिक गुरू-शिष्य संस्कृति के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी दी जायेगी। विद्यालय में प्राचीन काल में प्रचलित गुरूकुल व्यवस्था एवं उसका भारतीय संस्कृति में प्रभाव विषय पर बच्चों के बीच में निबंध लेखन प्रतियोगिता की जायेगी। विद्यालयों के प्राचार्यों से कहा गया है कि आयोजन के दौरान साधु-संतों, गुरूजनों, सेवानिवृत्त शिक्षकों, विद्यार्थियों और नागरिकों को आमंत्रित किया जाये। इन आयोजन में विद्यालय के पूर्व विद्यार्थियों को भी आमंत्रित किया जा सकता है। पूर्व विद्यार्थी अपने शाला जीवन के अनुभव को विद्यार्थियों के बीच साझा करेंगे।

उत्सव के दूसरे दिन 10 जुलाई को गुरू पूर्णिमा के दिन प्रदेश की शिक्षण संस्थाओं में वीणा वादिनी माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण कर गुरू वंदना की जायेगी। विद्यालयों में पदस्थ शिक्षकों और विद्यार्थियों द्वारा गुरू की महिमा पर केन्द्रित व्याख्यान होंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### सांसद फिरोजिया, कार्य परिषद सदस्य धाकड़ ने दिखाई हरि झंडी, इसका उद्देश्य मल्टी-स्किल फाउंडेशन कोर्स और बच्चों को कौशल आधारित शिक्षा प्रदान



**उज्जैन,निप्र।** टेक ट्रक प्रोजेक्ट के तहत, शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए, एक नई गाड़ी को हरी झंडी दिखाई गई। यह गर्व का क्षण सांसद अनिल फिरोजिया, महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय के कार्य परिषद सदस्य गौरव धाकड़, जिला शिक्षा अधिकारी आनन्द शर्मा, ए.डी.पी.सी. गिरीश तिवारी की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। यह विशेष रूप से तैयार की गई गाड़ी महिंदपुर तहसील के 5 गाँवों के सरकारी स्कूल के बच्चों तक पहुँचेगी। इसका मुख्य उद्देश्य मल्टी-स्किल फाउंडेशन कोर्स के अंतर्गत बच्चों को कौशल आधारित शिक्षा प्रदान करना है। इस कोर्स में बच्चे फूड प्रोसेसिंग, कृषि, इलेक्ट्रिकल और इंजीनियरिंग से संबंधित तकनीकी ज्ञान प्राप्त करेंगे। इस परियोजना का लक्ष्य बच्चों को ऐसी चीजें सिखाना है जो उनके दैनिक जीवन में काम आ सकें और उन्हें भविष्य के लिए तैयार कर सकें। यह पहल न केवल ग्रामीण बच्चों में कौशल विकास को बढ़ावा देगी बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

### युवक ने वीडियो बनाकर किया सुसाइड, ससुराल पक्ष पर लगाया आरोप

**उज्जैन,निप्र।** शहर के हीरामिल चाल क्षेत्र निवासी सलमान ने गुरुवार देर शाम जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। मौत से पहले सलमान ने एक वीडियो भी बनाया जिसमे अपनी पत्नी, सास, मामा-ससुर, मौसी-सास और एक अन्य व्यक्ति पर लंबे समय से प्रताड़ना का आरोप लगाया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सलमान इलेक्ट्रॉनिक सामान की दुकान पर काम करता था। गुरुवार को वह घर के पीछे बने मैदान में गया और वहीं एक वीडियो बनाकर सल्फॉस खा ली। देर रात तक जब वह घर नहीं लौटा, तो परिजनों ने तलाश की और उसे अचेत अवस्था में घर के पीछे पड़ा पाया। अस्पताल ले जाने पर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सलमान के परिजनों ने यह वीडियो पुलिस को दिया है। जिसमें उसने अपनी पत्नी शबनम, सास अनीशा, मामा ससुर सलीम खान, मौसी सास सेरा बी और एक युवक अर्जुन पर मानसिक और आर्थिक प्रताड़ना के आरोप लगाए हैं। सलमान की शादी करीब नौ साल पहले शबनम बी से हुई थी। शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष की ओर से सलमान पर पैसों के लिए दबाव और प्रताड़ना की जाती थी। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। फिलहाल वीडियो और परिजनों के बयानों के आधार पर पुलिस जांच कर रही है।

### अयोध्या के संत के सानिध्य में निकलेगी स्वर्णगिरी पर्वत परिक्रमा

**उज्जैन,निप्र।** प्रदेश के उज्जैन जिले की महिदपुर तहसील में श्री स्वर्णागिरी पर्वत की प्रतिमाह निकलने वाली परिक्रमा 6 जुलाई रविवार को निकलेगी। महिदपुर तहसील के नारायणा धाम से पश्चिम दिशा में 3 किलोमीटर की दूरी पर स्थित श्री



कृष्ण सुदामा की मित्रता के साक्षी अवंतिका के गिरिराज श्री स्वर्णगिरी पर्वत की परिक्रमा ग्राम चिरमिया स्थित मुखारविंद से प्रतिमाह अनुसार इस माह भी देव शयनी एकादशी के पावन पर्व पर दिनांक 6 जुलाई रविवार को प्रात : 9-00 बजे प्रारंभ होगी। इस बार परिक्रमा में श्री श्री 1008 संत श्री रामकृपालदास जी महाराज श्री राम जन्मभूमि अयोध्या उत्तर प्रदेश से भक्तों के साथ परिक्रमा में सम्मिलित होंगे। परिक्रमा निकालने के पूर्व भगवान स्वर्णगिरी महाराज के मुखारविंद पर दुग्धाभिषेक एवं महाआरती होगी। परिक्रमा श्री वीर हनुमान मंदिर, आक्याधांगा श्री बालाजी धाम महू श्री कृष्ण सुदामा धाम नारायणा होते हुए पुन : स्वर्णगिरी धाम ग्राम चरणमया चिरमिया पहुंचेगी। स्वर्णगिरी पर्वत परिक्रमा का पौराणिक महत्व यह है कि भगवान श्री कृष्ण और सुदामा उज्जैन सांदीपनि आश्रम की परंपरा का निर्वहन करते हुए गुरु माता के आदेश अनुसार इसी पर्वत पर लकड़ियां लेने आए थे इनके चरण पड़ने के कारण यह स्वर्ण के हो गए थे इस कारण इन्हें स्वर्णगिरी कहते हैं भगवान श्री कृष्ण की चरणरज इस पर्वत में समाहित हैं इस धार्मिक महत्व के चलते हैं संतजन और भक्तजन इस पर्वत की परिक्रमा करते हैं। श्री स्वर्णगिरी पर्वत तीर्थ क्षेत्र समिति ने क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं को आयोजन में पधारने का अनुरोध किया है।

### बाबा अमरनाथ यात्रा के लिए जत्था रवाना

**उज्जैन,निप्र।** भारतीय खाद्य निगम इंदौर के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी मनोहर रायकवार साथियों सहित बाबा अमरनाथ यात्रा के लिए रवाना हुए। इस अवसर पर उज्जैन खेल सेंटर के वरिष्ठ डाबरी अखाड़े के खिलाफा उमेश ठाकुर, बास्केटबॉल के विजय बाली, शेखर सुपेकर, शैलेन्द्र भाटिया, पार्षद श्रीमती प्रेमलता रामी, ओम प्रकाश रामी ने खेल अभिनंदन किया। बास्केटबॉल के वरिष्ठ विजय बाली ने बताया कि पावर लिफ्टिंग के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी इंदौर के आगामी माह में होने वाली अंतरराष्ट्रीय पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप के लिए भाग लेंगे।

# निषादराज सम्मेलन में शामिल होंगे मुख्यमंत्री डॉ.यादव

## वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में बैठक ली गई

विनय उजाला



**उज्जैन, निप्र।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की अध्यक्षता में राष्ट्रीय मछुआ दिवस के अवसर पर आगामी 10 जुलाई को प्रातः11 बजे से राज्य स्तरीय निषाद राज सम्मेलन एवं प्रशीक्षण का आयोजन उज्जैन के कालिदास संस्कृत अकादमी परिसर में किया जाना प्रस्तावित है।

कार्यक्रम की तैयारीयों के संबंध में शुक्रवार को संभागायुक्त संजय गुप्ता और मैनेजिंग डायरेक्टर मत्स्य महासंघ सुश्री निधि निवेदिता के द्वारा संभागायुक्त कार्यकक्ष में बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर रौशन कुमार सिंह, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती जयती सिंह, उपसंचालक मत्स्योद्योग श्रीमती सोना यादव एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

बैठक में चर्चा के दौरान मैनेजिंग डायरेक्टर मत्स्य महासंघ सुश्री निधि निवेदिता के द्वारा जानकारी दी गई की प्रदेश में जलाशय एवं तालाबों के रुप में 4.42 लाख हेक्टेयर जलक्षेत्र उपलब्ध है जिसमें से 4.40 लाख हेक्टेयर मत्स्य पालन अंतर्गत लाया जा चुका है। उक्त जलक्षेत्र में मत्स्य महासंघ के 28 जलाशयों का औसत जलक्षेत्र कुल 2.31 लाख हेक्ट. सम्मिलित है, जिसके मत्स्य विकास एवं प्रबंधन का कार्य मत्स्य महासंघ द्वारा करते हुए मछुआ सहकारी समितियों के सदस्यों के माध्यम से मत्स्याखेट का कार्य किया जा रहा है।

सभागायुक्त श्री गुप्ता ने कार्यक्रम के सुचारू संपादन हेतु कलेक्टर श्री सिंह को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये। बैठक मे जानकारी दी गई कि कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु राज्य स्तरीय नोडल अधिकारी संचालय मत्स्योद्योग मनोज कुमार पथरोलिया को नियुक्त किया गया है। कार्यक्रम की जिला स्तरीय नोडल अधिकारी उप संचालक मत्स्योद्योग श्रीमती सोना यादव रहेगीं। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री डॉ यादव के द्वारा 22.65 करोड़ रूपये की कुल लागत के 453 स्मार्ट फिश पार्लर, 40 करोड रूपये की कुल लागत से बन रहे अत्याधुनिक अन्डर वाटर टनल सहित एक्वापार्क और 91.80 करोड़ रूपये की कुल लागत से इंदिरा सागर जलाशय में 3060 केजेस के माध्यम से मत्स्य उत्पादन से वृद्धि एवं रोजगार सजृन का वर्चुअली भूर्मि पुजन किया जाएगा।



## राष्ट्रीय सम्मेलन में सम्मिलित हुई निगम अध्यक्ष

विनय उजाला

**उज्जैन,निप्र।** भारतीय संसद नई दिल्ली एवं हरियाणा विधानसभा के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित शहरी स्थानीय निकायों के प्रथम राष्ट्रीय सम्मेलन में उज्जैन से निगम अध्यक्ष श्रीमती कलावती यादव सम्मिलित हुई। सम्मेलन का शुभारंभ गुरुवार 3 जुलाई को गुरुग्राम में हुआ जिसके शुभारंभ सत्र में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, मुख्यमंत्री नायब सिंह, हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद कल्याण, विपुल गोयल शहरी स्थानीय निकाय मंत्री, हरियाणा सरकार ओर अन्य मंत्रीगण उपस्थित रहे। उक्त शुभारंभ सत्र में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला द्वारा अपने संबोधन नगरी निकाय में सदन/परिषद की कार्यवाही को राष्ट्रीय उन्नति की सबसे महत्वपूर्ण शाखा कहते हुए कहा कि परिषद/सम्मिलन का हर सत्र महत्वपूर्ण होता हैं चाहे वह प्रश्नकाल हो या शून्य काल/ प्रश्न पर चर्चा, सभी निकाय/राज्य/राष्ट्रीय निर्माण के प्रति जिम्मेदारी के प्रतीक हैं। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में पांच थीम पर चर्चात्मक समीक्षा हुई जिसमें निगम अध्यक्ष श्रीमती कलावती यादव द्वारा द्वितीय थीम संवैधानिक लोकतंत्र को सुदृढ़ करने और राष्टनिर्माण में शहर स्थानीय निकायों को भूमिका एवं उप विषय 2 समावेशी विकास और प्रगति के साधन के रूप में शहरी स्थानीय निकाय संवैधानिक जनादेश को पूरा करने के लिए नपा शासन को प्रभावी बनाना की अध्यक्षता करते हुए सभाकक्ष में उपस्थित भिन्न राज्यों से सम्मिलित हुए डेलीगेट्स के साथ अपने अनुभव और नगर निगम की सक्सेस स्टोरी से अवगत कराया गया।

# सरकार का लक्ष्य, प्रदेश बने डेयरी कैपिटल : अनिल जैन कालूहेड़ा

## प्रति व्यक्ति दूध की उपलब्धता में मध्यप्रदेश राष्ट्रीय औसत से आगे

विनय उजाला




**उज्जैन, निप्र।** भारत 1998 से विश्व का सबसे बड़ा दुग्ध उत्पादक देश है। प्रति व्यक्ति दूध की उपलब्धता में मध्यप्रदेश राष्ट्रीय औसत से आगे है। राज्य सरकार का लक्ष्य है कि प्रदेश को 'नेशनल डेयरी कैपिटल' बनाया जाए। यह संगोष्ठी इस दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगी।

विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा ने इंडियन डेयरी एसोसिएशन पश्चिम क्षेत्र एवं विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन के संयुक्त तत्वावधान में मध्य प्रदेश में डेयरी विकास- संभावनाएँ एवं चुनौतियाँ विषय पर विश्वविद्यालय के स्वर्ण जयंती सभागार में आयोजित पश्चिम क्षेत्रीय दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ करते हुए मुख्यअतिथि के रूप में उपरोक्त उद्गार व्यक्त किये। आयोजन 44 वर्षों बाद किया जा रहा है जिसमें देशभर के दुग्ध उत्पादकों के साथ क ?पनियों, मैनेजमेंट के अलावा तकनीकी क्षेत्रों के विशेषज्ञ इसमे सहभागिता कर रहे हैं। विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन के कुलगुरू प्रो अर्पण भारद्वाज ने संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए कहा कि, डेयरी टेक्नोलॉजी केवल तकनीकी शिक्षा नहीं, बल्कि ग्रामीण विकास, महिला सशक्तिकरण और सहकारिता आंदोलन से जुड़ा व्यापक दृष्टिकोण है। प्रो भारद्वाज ने कहा कि,डेयरी टेक्नोलॉजी में हमारे छात्र केवल तकनीकी दक्षता नहीं, बल्कि संवेदनशील नेतृत्व भी विकसित करेंगे। आईडीए (वेस्टज़ोन) के चेयरमैन डॉ. जेबी प्रजापति ने विशिष्ट अतिथि के रूप में संबोधन दिया। आपने कहा कि मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश ने 'एनिमल डेयरी एंड गोपालन विभाग' जैसी दूरदर्शी पहल की है और हृष्ठष्ठक्कके साथ 5 वर्षों का प्रबंधन समझौता इसका प्रमाण है। उज्जैन संभागायुक्त संजय गुप्ता ने विशिष्ट अतिथि के रूप में संबोधन देते हुए कहा कि हमारा लक्ष्य दूध उत्पादन को 10 लाख टन से बढ़ाकर 20 लाख टन तक ले जाना है। इसके लिए पशुधन की स्वास्थ्य निगरानी, एग्री बायप्रोडक्ट्स का उपयोग, और वैल्यू एडिशन जैसे उपाय ज़रूरी हैं। विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन के कुलसचिव डॉ. अनिल कुमार शर्मा, फार्मेसी विभागाध्यक्ष डॉ. कमलेश दशोरा और आईडीए (पश्चिम क्षेत्र) के सचिव माधव पाटगांवकर मंचासीन थे। कार्यक्रम का उद्घाटन सरस्वती पूजन, सरस्वती वंदना और कुलगान के साथ हुआ। इस अवसर पर विश्वविद्यालय प्रांगण में देशभर के सहभागिता कर रहे प्रतिष्ठित वैज्ञानिक, शिक्षाविद, प्रशासक, तकनीकी विशेषज्ञ एवं किसान प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### सिहोते यूनियन के जिला अध्यक्ष बने

विनय उजाला

**उज्जैन।** अखिल भारतीय सफाई मजदूर संघ ट्रेड यूनियन दिल्ली के राष्ट्रीय संरक्षक केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री भारत सरकार अर्जुन राम मेघवाल, राष्ट्रीय अध्यक्ष कर्म सिंह कर्मा, संघ के संस्थापक राष्ट्रीय प्रधान महासचिव राजपाल महरौलिया एवं राष्ट्रीय महासचिव एवं प्रभारी मध्य प्रदेश जिगर सोलंकी के आदेश अनुसार संघ के प्रदेश अध्यक्ष प्रवीण दीक्षित ने अखिल भारतीय सफाई मजदूर संघ के उज्जैन जिला अध्यक्ष पद पर अमन सिहोते को नियुक्त किया। उज्जैन शहर सहित पूरे जिले के सफाई कर्मचारियों ने हर्ष व्यक्त किया है। उक्त जानकारी संघ के प्रदेश महामंत्री पीयूष कलोसिया ने दी।

### पांच दिन से भाजपा नेता का परिवार लापता, घर से लाखों की नगदी भी गायब

विनय उजाला

**उज्जैन, निप्र।** शहर में एक भाजपा नेता जो प्रापर्टी ब्रोकर का काम भी करते है उनकी पत्नी, बेटी और बेटा करीब 5 दिन से घर से बिना बताये गायब है। उन्होंने रिश्तेदार-मित्रों को फोन कर जानकारी ली और नहीं मिलने पर चिमनगंज थाने में गुमशुदगी दर्ज करवाई है।

मिली जानकारी के अनुसार ढांचा भवन निवासी दीपक शर्मा जो भाजपा के सांदीपनि बूथ के अध्यक्ष हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि परिवार में पत्नी सीमा, बेटी पलक शर्मा और बेटा रूद्र शर्मा सोमवार से घर से गायब है। वो लोग घर की चाबी पड़ोसी के पास रखकर गए है। उन्होंने बताया कि पत्नी और बच्चे किसी रिश्तेदार की मौत की बात कहकर घर से निकले थे। दीपक शर्मा के अनुसार उन्होंने शाम तक इंतजार किया। इसके बाद जब उन्होंने कॉल किया तो पत्नी-बेटी के फोन बंद मिले। उन्होंने तुरंत अपने सभी रिश्तेदारों और दोस्तों को फोन पर उनकी जानकारी ली लेकिन उनका कहीं पता नहीं चला। दीपक के अनुसार घर में रखे पौने चार लाख रुपए भी गायब हैं। शायद परिवार वाले ही ये रुपए लेकर गए हैं। ये रकम प्रॉपर्टी डील से जुड़े थे और मुझे किसी को पेमेंट करना था। घर में कोई पत्र या नोट भी छोड़कर नहीं गए हैं।


## कार्यालय कार्यपालन यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग

Telephone :- 0734-251082, E-mail ID :- eeresujjain@mp.gov.in

क्रमांक/2357/वलेलि/ग्रा.यां.से./2025 उज्जैन, दिनांक : 30/06/2025

:: निविदा सूचना क्रमांक 03/2025-26 ::

ग्रामीण यांत्रिकी सेवा उज्जैन संभाग अंतर्गत निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की गई है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | ऑनलाईन टेण्डर आईडी | कार्य का नाम | निविदा आमंत्रण का क्रम | निर्माण कार्य की अनुमानित ( राशि लाख में ) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_RES_ 433643 | खेल मैदान निर्माण कार्य, पी.एम. श्री शा.कन्या हायर सेकेण्ड्री स्कूल नागदा | प्रथम | 411789.00 |
| 2 | 2025_RES_ 433644 | खेल मैदान निर्माण कार्य, पी.एम. श्री शा.कन्या हायर सेकेण्ड्री स्कूल नैनावद | प्रथम | 411789.00 |
| | | कुल | | 823578.00 |

उपरोक्त निविदा का निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर ऑनलाईन भुगतान कर क्रय किया जा सकेगा। निविदा प्रपत्र पोर्टल पर दिनांक 07/07/2025 से 10.00 से उपलब्ध होगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने एवं ऑनलाईन निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 13/07/2025 समय 18.00 बजे तक निर्धारित है। विस्तृत निविदा सूचना व अन्य जानकारी वेबसाईट पर देखी जा सकती है। उक्त निविदा दिनांक 15/07/2025 को कार्यालय, कार्यपालन यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, उज्जैन संभाग, उज्जैन में खोली जावेगी।

( अंजली धाकड़ )
कार्यपालन यंत्री
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा
उज्जैन संभाग, उज्जैन ( म.प्र. )

जी-15136/25

''पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार''


### ब्राह्मण युवाओं ने किया चिकित्सकों का सम्मान

**नागदा,निप्र।** श्री सहस्त्र औदीच्य ब्राह्मण समाज के युवाओं ने चिकित्सक दिवस के अवसर पर शहर के चिकित्सा सेवा देने वाले डॉक्टर का पुष्पमाला एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया। युवा अध्यक्ष अजय पण्ड्या ने बताया प्रतिवर्ष युवा संगठन द्वारा नगर वासियों को स्वस्थ रखने के लिए चिकित्सा की अमूल्य सेवा प्रदान करने वाले नगर के डॉक्टरों का सम्मान किया जाता है। मंगलवार को समाज के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर प्रदीप रावल, डॉक्टर अनिल दुबे, डॉक्टर रमेश रावल, डॉ कैलाश जोशी, डॉक्टर हिमांशु दत्त पांडेय, डॉक्टर विनोद रावल, डॉक्टर हरीश शर्मा आदि चिकित्सकों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर युवा संगठन के सदस्य मौजूद रहे। जानकारी मीडिया प्रभारी निलेश मेहता ने दी।

# स्वैच्छिकता पर्व के रूप में मनाया गया जन अभियान परिषद का स्थापना दिवस

विनय उजाला



**उज्जैन,निप्र।** म.प्र. जन अभियान परिषद का स्थापना दिवस शुक्रवार को स्वैच्छिकता पर्व के रूप में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां भारती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर, नगर निगम उज्जैन मुकेश टटवाल, तथा विशिष्ट अतिथि संयुक्त संचालक, सामाजिक न्याय एवं निश्शक्तजन कल्याण विभाग सतीश सोलंकी रहे। अतिथियों का स्वागत पौधा एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री एवं अध्यक्ष जनअभियान परिषद डॉ. मोहन यादव का संदेश पढ़ा गया। परिषद की अवधारणा, कार्यप्रणाली एवं उपलब्धियों का प्रस्तुतीकरण पीपीटी के माध्यम से जिला समन्वयक जय दीक्षित के द्वारा किया गया। परिषद के उपाध्यक्ष (राज्यमंत्री दर्जा) मोहन नागर का वीडियो संदेश एवं उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा के संदेश का वाचन विकासखंड समन्वयक मोहनसिंह परिहार ने किया। कार्यक्रम में डॉ. राजेश रावल एवं कवि सुशील मालवीय ने जल संरक्षण विषय पर आधारित कविता का पाठ किया।

इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर मुकेश टटवाल ने उद्बोधन में कहा कि म.प्र. जन अभियान परिषद स्वैच्छिकता, स्वावलंबन एवं शासन और समाज के मध्य सेतु का कार्य कर रही है। परिषद शासन की विभिन्न योजनाओं में सहभागिता कर उत्कृष्ट कार्य कर रही है। परिषद की नवांकुर, प्रस्फुटन समितियों एवं मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों द्वारा चयनित ग्रामों में शासन की योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है, जिससे अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुँच रहा है। स्वावलंबन की दिशा में कई सामाजिक संस्थाओं एवं व्यक्तियों का निर्माण हुआ है। महापौर ने परिषद के कार्यों की सराहना की। सतीश सोलंकी ने परिषद के स्थापना दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि परिषद द्वारा शासन की योजनाओं का प्रचार-प्रसार स्वैच्छिक संगठनों, प्रस्फुटन समितियों, नवांकुर संस्थाओं एवं मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों के माध्यम से किया जा रहा है। आप सभी परिषद से जुड़कर प्रदेश के विकास में अहम भूमिका निभा रहे हैं। जल गंगा संवर्धन अभियान तथा एक पेड़ माँ के नाम अभियान में परिषद ने महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इस अवसर पर सर्व श्री रेणुका श्रोत्रिय, नम्रता तिवारी, इंद्रेश पंवार, संदीप मालवीय (विकासखंड समन्वयक), विपिन धाकड़, माया उपाध्याय, जयपाल पंवार तथा मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के छात्र-छात्राएं, परामर्शदाता, नवांकुर संस्थाएँ एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### पाँच कर्मचारियों को पीपीओ पत्र प्रदान किया

विनय उजाला

**नागदा,निप्र।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन, उज्जैन के क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त रितेश कुमार सोनी द्वारा ग्रेसिम स्टेपल फायबर डिवीजन के 5 कर्मचारियों को सेवाकाल के दौरान जून माह में 58 वर्ष पूर्ण करने पर भविष्य निधि की प्रयास योजना के अंतर्गत पी पी ओ पत्र प्रदान कर कर सम्मानित किया। इस मौके पर कार्यालय के प्रवर्तन अधिकारी प्रवीण सिंह एवं लेखाधिकारी नलिन शर्मा उपस्थित रहे। संस्थान के जनसंपर्क अधिकारी कमल सेठी ने बताया कि संस्थान के सर्वश्री राजवल्लभ कुशवाह, इक़बाल अली, विनोद कुमार मिश्रा, रामदयाल सिंगवाने और कादिम वारसी को भविष्य निधि कार्यालय, उज्जैन आमंत्रित कर पी पी ओ पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। संस्थान के इकाई प्रमुख शांतनु कुलकर्णी और मानव संसाधन प्रबंधन प्रमुख एस के सिंह ने सम्मानित हुए कर्मचारियों के साथ अपनी टीम के सकारात्मक प्रयासों की सराहना की है एवं भविष्य निधि कार्यालय के इस पहल के प्रति आभार जताया।


## कार्यालय कार्यपालन यंत्री, भवन नियंत्रक विधानसभा राजधानी संभाग क्रं.-3, लोक निर्माण विभाग, ई-5, अरेरा कॉलोनी भोपाल, फोन : 0755-2463894

:: निविदा आमंत्रण सूचना ::

निम्न लिखित कार्यों हेतु निविदाएं, मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग में उचित श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों (ठेकेदारों की श्रेणी कॉलम में उद्धृत अनुसार) से आमंत्रित की जाती है। कार्य की निविदाएं पंजीकृत डाक, स्पीड पोस्ट अथवा व्यक्तिगत रूप से कार्यालय में प्राप्त की जा सकती है। विभाग किसी भी प्रकार के डाक विलंब के लिए उत्तरदायी नहीं रहेगा।

| क्रं. | एन.आई.टी. | कार्य का नाम | 1. कार्य की अनुमानित लागत 2. अमानत राशि | कोरे निविदा प्रपत्र विक्रय का समय एवं अंतिम दिनांक | निविदा प्रपत्र का मूल्य | निविदा प्राप्ति का दिनांक एवं कार्यालय | निविदा प्रपत्र खोलने का दिनांक एवं कार्यालय | कार्य पूर्ण करने की अवधि 2 ) ठेकेदारों की श्रेणी 3 ) आमंत्रण क्रं. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 27/25-26 व.ले.लि. दि. 01.07.2025 | विधानसभा में वार्षिक मरम्मत के अंतर्गत खण्ड एन-1 एवं एन-2 में स्टेप ग्रेनाईट एवं एस.एस. रेलिंग तथा विभिन्न कार्य। | 1) 9,89,700.00 2) 19,794.00 | 1) 14.7.2025 सायं 5.30 तक | 2000.00 | 1) 15.07.2025 अपरान्तह 3.00 बजे तक 2) कार्यपालन यंत्री भवन नियंत्रक विधानसभा राजधानी संभाग क्रं.-3 लो.नि.वि. भोपाल। | 1) 15.07.2025 समय 3.30 बजे। 2) कार्यपालन यंत्री भवन नियंत्रक विधानसभा राजधानी संभाग क्रं.-3 लो.नि.वि. भोपाल। | 1) 06 माह 2) केन्द्रीयकृत एकल पंजीयन प्रणाली 3) प्रथम आमंत्रण |
| 2 | 28/25-26 व.ले.लि. दि. 01.07.2025 | विधानसभा में विश्राम गृह में वार्षिक मरम्मत के अंतर्गत सीढ़ियों, अस्थाई शेड का पुर्ननिर्माण, फाल्स सीलिंग एल्युमिनियम पार्टीशन बाउण्ड्री वॉल पर फाईबर शीट पेनल एवं विभिन्न कार्य। | 1) 9,90,670.00 2) 19,813.00 | -तदैव- | 2000.00 | -तदैव- | -तदैव- | 1) 04 माह 2) -तदैव- 3) -तदैव- |
| 3 | 29/25-26 व.ले.लि. दि. 01.07.2025 | विधानसभा में वार्षिक मरम्मत के अंतर्गत सेक्टर-5 एवं 3 के मध्य स्काई लाईट के साथ कट आउट का उन्नयन एवं संधारण कार्य। | 1) 9,96,713.00 2) 19,934.00 | -तदैव- | 2000.00 | -तदैव- | -तदैव- | 1) 06 माह 2) -तदैव- 3) -तदैव- |
| 4 | 30/25-26 व.ले.लि. दि. 01.07.2025 | विधानसभा में वार्षिक मरम्मत के अंतर्गत मा. मंत्री कक्ष एवं कार्यालय केबिनेट पेन्ट्री एवं अन्य क्षेत्रों का सुधार, संधारण एवं नवीनीकरण कार्य। | 1) 9,95,000.00 2) 19,900.00 | -तदैव- | 2000.00 | -तदैव- | -तदैव- | 1) 08 माह 2) -तदैव- 3) -तदैव- |
| 5 | 31/25-26 व.ले.लि. दि. 01.07.2025 | विधायक विश्राम गृह में वार्षिक मरम्मत के अंतर्गत पर्दे एवं कंबल का ड्राई क्लीनिंग, सोफा सेट की साफ-सफाई, चेयर का सुधार एवं मान. विधायक महोदय के सूट्स/ बंगलों की अल्मारियों का स्प्रे पेंटिंग कार्य। | 1) 5,99,395.00 2) 11,988.00 | -तदैव- | 2000.00 | -तदैव- | -तदैव- | 1) 06 माह 2) -तदैव- 3) -तदैव- |

(1) कोरे निविदा प्रपत्र निर्धारित राशि का भुगतान कर कार्यालय कार्यपालन यंत्री भवन नियंत्रक विधानसभा राजधानी संभाग क्रं.-3 लो.नि.वि. भोपाल से कार्यालयीन समय में प्राप्त किये जा सकते है। उक्त राशि वापसी योग्य नहीं है। 2) निविदा का वैद्यता खोले जाने की दिनांक से 120 दिन तक की होगी। (3) यदि निविदा प्राप्त होने/खोलने का दिवस शासकीय अवकाश होता है, तो अगले कार्य दिवस में कार्यवाही संपादित की जावेगी। (4) निविदा प्रपत्र प्रस्तुत करते समय निर्धारित आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत करना अनिवार्य है, यदि निर्धारित दस्तावेज ठेकेदार द्वारा प्रस्तुत नहीं किया जाता है, तो उसकी निविदा खोली नहीं जावेगी। (i) म.प्र. लो.नि.वि. में उपयुक्त श्रेणी में वैद्य पंजीयन (ii) पेन कार्ड (iii) नो रिलेशन सर्टिफिकेट (iv) जी.एस.टी. पंजीयन (v) निविदा प्रपत्र अनुसार शपथ पत्र (vi) ई.पी.एफ. पंजीयन। (5) कार्य की अन्य शर्तों के बाबत जानकारी अद्योहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

जी-15134/25

कार्यपालन यंत्री,
भवन नियंत्रक विधानसभा
राजधानी संभाग क्रं.-3 लोक निर्माण विभाग
ई-5, अरेरा कॉलोनी, भोपाल 0755-2463894

''बच्चों की मुस्कान है अनमोल, इसे सुरक्षित रखें हर हाल''

# सम्पादकीय

## तीर्थयात्री पंजीकरण में गिरावट

जम्मू-कश्मीर में प्रतिवर्ष होने वाली वार्षिक तीर्थयात्रा अमरनाथ के लिए पंजीकृत श्रद्धालुओं में से केवल एक तिहाई ने यात्रा की पुष्टि की है ।उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने बताया कि 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के कारण कुल तीर्थयात्री पंजीकरण में बीते वर्ष की तुलना में 10 फीसद से अधिक की गिरावट देखी जा रही है ।पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था के दौरान इस वर्ष तीन जुलाई से 9 अगस्त तक यह यात्रा चलेगी। सिन्हा ने बताया कि पहलगाम घटना से पहले पंजीकरण अच्छी गति से चल रहा था। जिसमें तकरीबन दो लाख छत्तीस हजार श्रद्धालुओं ने पंजीकरण कराया था ।इस हमले में 26 पर्यटकों के मारे जाने के बाद से समूचे जम्मू-कश्मीर विषेशकर घाटी जाने वालों में काफी गिरावट आई है। बीते साल अमरनाथ की यात्रा करने वालों की संख्या पांच लाख बारह हजार तक पहुंच गई थी। जो बीते दशक से भी ज्यादा समय में सबसे ज्यादा बताई गई ।विश्वास किया जा रहा था कि सुरक्षा-व्यवस्था बढाए जाने के दावों के बाद उम्मीद की जा रही थी कि यात्रियों में भय कम हो सकता है ।आतंकियों द्वारा की गई जघन्य हत्या से लोगों में इस कदर भय है कि स्थानीय व्यापारियों व होटल वालों का कहना था कि गर्मियों में यहां दस/बीस फीसद पर्यटक आए, जिससे उनका सारा धंधा चौपट हो गया ।अमरनाथ श्राइन बोर्ड द्वारा पहलगाम हमले से पहले पंजीकरण कराने वाले तीर्थयात्रियों से दोबारा सत्यापन की प्रक्रिया चालू की, जिसमें बस पिचासी हजार शिवभक्तों ने पंजीकरण की दोबारा पुष्टि की है। हालांकि लोग जल्द ही त्रासदियां भुला देते हैं ।मगर सुरक्षा को लेकर लापरवाही यात्रियों की जान जोखिम में डालने वाली हो सकती है। यूं भी तीर्थ स्थलों में उमडने वाली भीड़ और इसके कारण उपजी अव्यवस्था की खबरें आम हो चुकी हैं। यूं भी दुर्गम इलाकों और घाटियों को तमाम छानबीन के बावजूद पूर्णतः सुरक्षित रखने का दावा अतिउत्साह कहलाएगा ।पहले कई दफा आतंकवादी इस पवित्र यात्रा को निशाना बनाने की धमकियां भी देते रहे हैं। किसी भी आयोजन की सफलता उसका शांतिपूर्ण ढंग से निपट जाना है। बावजूद इसके कि श्रद्धालुओं को पल्रोभन देकर आमंत्रित किया जाए और उनकी जान जोखिम में डाली जाए।

## दैनिक विनय उजाला सुविचार

रिश्ते वो ही श्रेष्ठ हैं जिसमें शब्द कम और विश्वास
ज्यादा हो और अहंकार कम और प्रेम ज्यादा हो...
**- नवनीत मिश्रा, इंदौर**

अच्छा क्या है यह सीखने में सालों लग जाते है,
बुरा तो हम तुरंत सीख जाते है।
**- तपन जिंदल, इंदौर**

दुनिया को झूठे लोग ही पसंद आते हैं,
थोड़ी सी सच्चाई कह देने से अपने ही रूठ जाते हैं।
**- के.पी. जाट, भोपाल**

हार से हार ना मानने वालों से हार
भी एक दिन हार मान लेती है...
**- के.के. आर्य**

भरोसा सांसों का नहीं होता,
लोग इंसानों पर कर लेते हैं।
**- विजय मालवीय, धार**

आपके पास सही शब्द नहीं है तो सिर्फ मुस्कुरा दीजिये,
शब्द उलझा सकते है पर मुस्कुराहट हमेशा काम कर जाती है।
**- रवि प्रजापत, इंदौर**

लेकिन इससे भारत-चीन संबंधों में टकराव का एक और बिंदु उत्पन्न हो जायेगा- दोनों देशों में एक एक दलाई लामा। दलाई लामा पर राजनीतिक टकराव शी जिनपिंग को पसंद आयेगा, जो 2027 चीनी कम्युनिस्ट पार्टी कांग्रेस में अपने कार्यकाल का विस्तार करने की योजना बनाने में लगे हुए हैं। चूंकि चीन का तिब्बत पर कब्ज़ा है, इसलिए वह मज़बूत स्थिति में हैं।

### अगला दलाई लामा कौन होगा

# यह सवाल हमारी कूटनीति की परीक्षा लेगा ?

डॉ.अनिता राठौर





भारत ने सख्ती के साथ चीन के इस दावे को ठुकरा दिया है कि दलाई लामा के उत्तराधिकारी का चयन करने में उसे निर्णायक अधिकार है। भारत ने इस बात पर बल दिया है कि इस मुद्दे पर फैसला केवल तिब्बत के आध्यात्मिक गुरु की इच्छाओं और स्थापित बौद्ध परम्पराओं के अनुसार ही हो सकता है। गौरतलब है कि दलाई लामा ने घोषणा की थी कि अपने उत्तराधिकारी पर निर्णय लेने का उन्हें 'विशिष्ट प्राधिकरण' है। इस पर चीन ने आपत्ति की थी, जिसे भारत ने 'अनावश्यक हस्तक्षेप' कहकर ठुकरा दिया है। संसदीय मामलों व अल्पसंख्यकों के मंत्री किरण रिजीजू के अनुसार, दलाई लामा का पद अति महत्व का है न केवल तिब्बतियों के लिए बल्कि दुनियाभर में उनके लाखों अनुयायियों के लिए भी। अपने उत्तराधिकारी का चयन करने का अधिकार केवल उनका है और वह भी सदियों पुरानी बौद्ध परम्परा के अनुसार।

तिब्बती बौद्धों की गेलुग शाखा के 90-वर्षीय आध्यात्मिक गुरु, जो 1959 से भारत में निर्वासन में रह रहे हैं, ने हाल ही में कहा था कि दलाई लामा की संस्था उनकी मृत्यु के बाद भी जारी रहेगी और उनके उत्तराधिकारी का चयन उनके द्वारा स्थापित ग़ैर-मुनाफे वाली गादेन फोड्रंग ट्रस्ट करेगी। इससे पहले दलाई लामा ने कहा था कि उनका उत्तराधिकारी चीन के बाहर रहने वाले उनके समर्थकों में से होगा। दलाई लामा की यह बात चीन को पसंद नहीं है क्योंकि वह तिब्बत में से अपने किसी 'वफादार' को अगला दलाई लामा बनाना चाहता है। चीन का कहना है, दलाई लामा के पुनर्जन्म को घरेलू पहचान 'गोल्डन अर्न' प्रक्रिया के सिद्धांतों का पालन करना चाहिए और उसे (चीन की) केंद्र सरकार की मंज़ूरी मिलनी चाहिए, धार्मिक परम्पराओं व क़ानूनों के अनुसार।

तिब्बती जीवन में दलाई लामा का आध्यात्मिक प्राधिकरण बहुत ज़बरदस्त है। अब जब उनके 90वें जन्मदिन का सप्ताह (30 जून से 6 जुलाई 2025) ज़ोर शोर से धर्मशाला सहित दुनियाभर में मनाया जा रहा है, जिसमें भारत सरकार के प्रतिनिधि भी हिस्सा ले रहे हैं और अगले दलाई लामा के चयन की चर्चा आम हो गई है, जिसके विशाल भू-राजनीतिक प्रभाव संभव हैं, तो इसे लेकर भारत-चीन के कमज़ोर संबंधों पर अतिरिक्त दबाव पड़ता जा रहा है। दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय तनाव 2020 के सीमा टकराव से जारी है, जिसमें तनाव की एक परत का इज़ाफा तो उस समय हुआ, जब पहलगाम आतंकी घटना के बाद भारत के ऑपरेशन सिंदूर के दौरान चीन ने पाकिस्तान का खुला समर्थन किया और दूसरी परत दलाई लामा के पुनर्जन्म को लेकर जुड़ गई है, जोकि 15वें दलाई लामा का जन्म होगा। दलाई लामा के पद के महत्व को चीन भी अच्छी तरह से समझता है, इसलिए उसने 14वें दलाई लामा के भारत में 66-वर्ष के निर्वासन के दौरान भी तिब्बती लोगों पर अपना दलाई लामा थोपने का प्रयास नहीं किया है।

बीजिग इस महत्वपूर्ण तिब्बती संस्था पर कब्ज़ा करने के लिए सही अवसर की प्रतीक्षा कर रहा है। उसे वर्तमान दलाई लामा के निधन का इंतज़ार है। बीजिग को यह अवसर अपने आप मिल जायेगा अगर पुनर्जन्म के सिद्धांतों के अनुसार चयन के परम्परागत तरीके का पालन किया जाता है। ऐसा इसलिए क्योंकि एक बार जब दलाई लामा का पुनर्जन्म लेने वाले व्यक्ति- जो आमतौर से कम उम्र का लड़का होता है की पहचान कर ली जाती है तो उसे इस ज़िम्मेदार पद के लिए तैयार किया जाता है, जिसमें तकरीबन 20 साल का समय लगता है। निश्चितरूप से चीन इतने समय तक इंतज़ार करने वाला नहीं है और वह ल्हासा के पोटाला पैलेस पर अपना दलाई लामा थोप देगा। लेकिन वर्तमान दलाई लामा के तरकश में एक महत्वपूर्ण तीर है - वैधता। ध्यान रहे कि वह पहले यह भी कह चुके हैं कि दलाई लामा के चयन का तरीका 'नि:सृत पदार्थ' भी हो सकता है, जिससे उनके जीवनकाल में ही उनके उत्तराधिकारी के चयन की संभावनाएं खुल सकती थीं, लेकिन अब उनका कहना है कि उनके उत्तराधिकारी की तलाश उनके निधन के बाद की जायेगी। वैसे दलाई लामा इस बात को लेकर स्पष्ट हैं कि उनका जांनशीन चीन के बाहर मुक्त संसार में पैदा होगा। थ्योरी में यह संभव है कि अगले दलाई लामा की पहचान भारत के तवांग में हो, जहां छठे दलाई लामा का जन्म हुआ था।

लेकिन इससे भारत-चीन संबंधों में टकराव का एक और बिंदु उत्पन्न हो जायेगा- दोनों देशों में एक एक दलाई लामा। दलाई लामा पर राजनीतिक टकराव शी जिनपिंग को पसंद आयेगा, जो 2027 चीनी कम्युनिस्ट पार्टी कांग्रेस में अपने कार्यकाल का विस्तार करने की योजना बनाने में लगे हुए हैं। चूंकि चीन का तिब्बत पर कब्ज़ा है, इसलिए वह मज़बूत स्थिति में हैं। अपनी माचो अपील में वृद्धि करने के लिए बीजिग का चुना हुआ दलाई लामा थोपना उनके लिए अन्य विकल्पों (मसलन, ताइवान में सैन्य अभियान) की तुलना में आसान व कम खतरनाक है। लेकिन यहां अमेरिका भी खिलाड़ी है। अमेरिकी कांग्रेस ने हाल ही में एक द्विदलीय प्रस्ताव पारित किया जो बीजिग के किसी भी हस्तक्षेप को ठुकराते हुए इस बात की पुष्टि करता है कि केवल दलाई लामा को ही अपना उत्तराधिकरी चुनने का हक़ है। समय आने पर भारत व अमेरिका मिलकर दलाई लामा के चयन में सहयोग भी कर सकते हैं। इसका अर्थ है कि भू-राजनीतिक शतरंज के खेल के केंद्र में तिब्बत की वापसी हो जायेगी।

यह सही है कि नैतिक दृष्टि से नई दिल्ली को उत्तराधिकारी के प्रश्न पर वर्तमान दलाई लामा के दृष्टिकोण का समर्थन करना चाहिए, जो वह कर भी रही है, जैसा कि किरण रिजीजू के बयान से ज़ाहिर है और चीन के अनुपालन-चयन का विरोध करना चाहिए, लेकिन रणनीति के नज़रिये से यह काफी महंगा सौदा होगा यानी मामला कठिन है। इस सिलसिले में दो बातों का संज्ञान लेना ज़रूरी है। एक, अगर नीति के तौरपर चीनी चयन को मान्यता दे दी जाये तो उसके क्या लाभ होंगे? ऐसा करने से यह प्रतीत नहीं होता कि चीन से टेरीटोरियल स्वीकृति मिल जायेगी या भारत-चीन तनाव में कमी आयेगी। ध्यान रहे कि गलवान घटना के बाद दोनों पक्षों का कम से कम वार्ता की मेज़ पर आना कठिन प्रक्रिया रही है और इसे पटरी से उतार देना दोनों राजनयिक व सैन्य दृष्टि से घातक होगा। दूसरा यह कि क्या भारत 14वें दलाई लामा के निर्णयों का समर्थन करने के बावजूद चीन से बातचीत को ट्रैक पर रख सकेगा?

यह बात किसी से छुपी हुई नहीं है कि भारत ने दलाई लामा को पूर्ण स्वतंत्रता प्रदान की है कि वह लोगों की भीड़ जमा करें, धर्मशाला में अपने विदेशी अनुयायियों को आमंत्रित करें और विदेशी अधिकारियों से भी मिलें। हां, भारत ने 2003 में तिब्बत पर चीनी सम्प्रभुता को स्वीकार कर लिया था, लेकिन उत्तराधिकारी के प्रश्न पर यह बात लागू नहीं होती है। इसलिए भारत दलाई लामा को धार्मिक व राजनीतिक आज़ादी देना जारी रख सकता है, बीजिग को उसके ही शब्द याद दिलाते हुए कि वह 'दूसरे देशों के आंतरिक मामले में हस्तक्षेप नहीं करेगा'। भारत के लिए सबसे आसान रास्ता है कि वह यह कहते हुए कि यह धार्मिक मुद्दा है राजनीतिक नहीं (जिसके लिए राजनीति या हस्तक्षेप चाहिए), उत्तराधिकारी के मुद्दे से दूर रहे। लेकिन तब नई दिल्ली तिब्बती शरणार्थियों के अधिकारों से संबंधित नैतिक प्रश्नों या भारत के विरुद्ध चीनी आक्रामकता को काउंटर करने के लिए घरेलू अपील का कैसे सामना करेगी?

**(लेखिका शिक्षा क्षेत्र से जुड़ी हुई हैं)**

# खण्डवा, सनावद और मांगलिया रैंक पाईन्ट से लगातार उर्वरक प्राप्त हो रहा

विनय उजाला

**खरगोन, निप्र।** खरगोन जिले में खरीफ फसलों का कुल रकबा 4.20 लाख हेक्टेयर क्षेत्र प्रस्तावित है। इसमें प्रमुख रूप से कपास 1.90 लाख, सोयाबीन 1.00 लाख, भक्का 0.70 लाख एवं मिर्च 0.40 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में बुवाई हो चुकी है। जो कुल क्षेत्रफल का 98 प्रतिशत है। कपास, मक्का एवं मिर्च की फसलें अधिकांश क्षेत्रों में लगभग 01 से 1.5 माह की हो चुकी हैं और किसानों बैराल डोज के रूप में यूरिया का उपयोग कर रहे हैं।

उप संचालक कृषि एस.एस. राजपूत ने बताया कि जिले में उर्वरकों की उपलब्धता के अनुसार, यूरिया का लक्ष्य 75,000 क्विंटल निर्धारित किया गया था, जिसमें से 41,683 क्विंटल का भंडारण किया गया है तथा 39,533 क्विंटल का वितरण किसानों को किया जा चुका है। वर्तमान में यूरिया का शेष भंडारण 2150 क्विंटल है। इसी प्रकार, डी.ए.पी. का लक्ष्य 12,000 क्विंटल था, जिसमें से 7019 क्विंटल का भंडारण और 5850 क्विंटल का वितरण किया गया है, जबकि शेष 1,139 क्विंटल डी.ए.पी. उपलब्ध है। वहीं, कॉम्पलेक्स उर्वरक का लक्ष्य 35,000 क्विंटल निर्धारित था, जिसमें से 25,332 क्विंटल का भंडारण और 17,524 क्विंटल का वितरण किया गया है।

वर्तमान में 7,808 क्विंटल कॉम्पलेक्स उर्वरक शेष है। जिले में यूरिया, डीएपी, कॉम्प्लेक्स आदि पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। यूरिया का वितरण भी लगातार किया जा रहा है। वर्तमान में जिले को खण्डवा, सनावद एवं मांगलिया रैंक पाइंट से लगातार उर्वरक प्राप्त हो रहा हैं।

# क्रमोन्नति एवं अन्य मांगों को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी को सौंपा, ज्ञापन व स्मरण पत्र



विनय उजाला

**इंदौर, नप्र।** मप्र शासकीय शिक्षक संगठन के संरक्षक हरीश बोयत व जिलाध्यक्ष प्रवीण यादव ने आज जिला शिक्षा अधिकारी को स्मरण पत्र देते हुए बताया कि सैकड़ों प्राथमिक व माध्यमिक शिक्षक अभी भी क्रमोन्नति व समयमान वेतनमान से वंचित है। जिनकी पूर्व में 21 व 27 मई को ज्ञापन के साथ वंचित शिक्षकों की सूची सौंपी गई थी। किंतु अभी भी आदेश जारी नहीं हुए है।

साथ ही शासन के निर्देशानुसार पदोन्नति हेतु संकुलों से शीघ्र सी आर बुलवाने की मांग की गईएवं विकासखंड कार्यालय जो मेट्रो के कारण अन्य स्थान पर शिफ्ट होना है उसे कनाड़िया, कम्पेल, तिलौर, रालामंडल, खुड़ैल में कार्यरत सैकड़ों शिक्षकों को ध्यान में रखते हुए शहर के मध्य में स्थापित किया जाए। आदि मांगों के संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी श्री विजय कुमार मंडलोई को ज्ञापन सौंपा।

श्री विजय कुमार मंडलोई ने आश्वासन देते हुए कहा कि प्राथमिक शिक्षकों की क्रमोन्नति के आदेश शीघ्र जारी होंगे साथ ही समयमान वेतनमान की फाइलें भी जे डी ऑफिस भेजी जा रही है। संकुल प्राचार्यों को पत्र सी आर भेजने के निर्देश आज ही जारी करने का आश्वासन दिया, विकासखंड कार्यालय के स्थान के लिए भी सबको समस्या न आए ऐसे शासकीय भवन को तलाश करने का आश्वासन दिया।

ज्ञापन कार्यक्रम में मुख्य रूप से संगठन के संरक्षक श्री हरीश बोयत, प्रांतीय महामंत्री अशोक मालवीया, जिला अध्यक्ष प्रवीण यादव, अपाक्स के जिला अध्यक्ष रमेश यादव, आनंद हार्डिया, आर के शर्मा, पवन मोहनिया, सुनील गौड़, दिलीप करौले, मनोहर परमार, अरुण पाण्डेय ,शिव नारायण परमार, राधेश्याम भिटोलिया, मोड सिंह मकवाना, भारत सिंह मीणा, प्रवीण सोनानिया, सुरेन्द्र पटेल,अमर सिंह पटेल, शमशेर सिंह, शिवनारायण पटेल, हेमलता श्रीवास आदि साथी उपस्थित रहे।

# Zodiac Mall, इंदौर में The Korean Trends की पहली फ्रेंचाइजी का भव्य उद्घाटन

विनय उजाला

**इंदौर, नप्र।** कोरियन फैशन और लाइफस्टाइल को भारत में लाने वाले ब्रांड The Korean Trends की पहली फ्रेंचाइजी का भव्य उद्घाटन इंदौर के Zodiac Mall (Scheme No. 140) में संपन्न हुआ। यह स्टोर कोरियन फैशन, फूड, ब्यूटी, गिफ्टिंग और लाइफस्टाइल उत्पादों का अनूठा संगम है। मुख्य अतिथि के रूप में श्री महेन्द्र हार्डिया जी (विधायक, इंदौर-5) ने रिबन काटकर उद्घाटन किया।

इस अवसर पर फ्रेंचाइज़ी ओनर श्री आयुष गुप्ता की उपस्थिति भी विशेष रही, जिनके द्वारा यह स्टोर शुरू किया गया है।

The Korean Trends का मुख्य स्टोर इंदौर के The Hub, स्कीम नं. 78, विजय नगर में स्थित है, जहाँ से इस ब्रांड की लोकप्रियता की शुरुआत हुई थी।

ASV Innovations (The Korean Trends की पेरेंट पार्टनरशिप फर्म) के पार्टनर वैभव भंडारी ने सभी मेहमानों, सहयोगियों, टीम और शुभचिंतकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु श्री रोहित रेलवानी के उत्कृष्ट समन्वय को विशेष सराहना मिली। साथ ही, इंदौर के लोकप्रिय सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर्स की मौजूदगी ने इस उद्घाटन को और भी यादगार बना दिया।



**विशेष अतिथियों में शामिल रहे**

- श्री सुखदेव सिंह घुम्मन एवं श्रीमती किरणदीप कौर घुम्मन (Digiana Group)
- श्री मीर रंजन नेगी जी (पूर्व हॉकी खिलाड़ी एवं 'चक दे इंडिया' के प्रेरणास्त्रोत)
- श्री मुकेश सिंह राजावत (वरिष्ठ भाजपा नेता)
- श्री अश्विन शुक्ल (MIC सदस्य, नगर निगम इंदौर)
- श्री महेश बसवास (पार्षद, नगर निगम इंदौर)
- श्री रामबाबू मोदी (वरिष्ठ समाजसेवी एवं उपाध्यक्ष - इंदौर मेड़तवाल समाज)
- श्री दिव्यांक सिंह (IAS) – CEO, Smart City Indore
- श्री कन्हैयालाल दांगी - अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, इंदौर
- श्री पी.एल. शर्मा - थाना प्रभारी, हीरा नगर, इंदौर
- श्रीमती मधुलिका सेठिया - प्रोप्राइटर, PhysioVerse Therapy Centre, इंदौर
- वैभव और आयुष - मालिक, Madhuram Sandwich

### इंदौर जिला खाद्य सुरक्षा में बना अग्रणी- ईट राइट चैलेंज प्रतियोगिता-4 में इंदौर देश में अव्वल

# कलेक्टर सिंह ने मिलावट पर सख्त कार्वाई करने और जनजागरूकता बढ़ाने के दिए निर्देश

विनय उजाला





**इंदौर, नप्र।** शहर जिला खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम के क्रियान्वयन में अग्रणी बन गया है। इंदौर जिला ईट राइट चैलेंज प्रतियोगिता-4 में देश में अव्वल है। इसकी अधिकृत घोषणा शीघ्र ही होने वाली है। इंदौर को ईट राइट चैलेंज प्रतियोगिता में 200 में से 180 अंक मिले है। यह जानकारी आज यहां कलेक्टर श्री आशीष सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय में सम्पन्न हुई जिला स्तरीय खाद्य सुरक्षा सलाहकार समिति की बैठक में दी गई। बैठक में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के प्रभावी क्रियान्वयन, खाद्य कारोबारियों के पंजीयन, प्रशिक्षण, निरीक्षण, नमूना संग्रहण, न्यायालयीन कार्रवाई और जनजागरूकता से संबंधित कार्यों की समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने ईट राइट चैलेंज प्रतियोगिता की गतिविधियों में उल्लेखनीय सहयोग देने वाले संस्थानों और प्रतिष्ठानों को सम्मानित किया।

बैठक में अपर कलेक्टर श्री गौरव बेनल, जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री मनीष स्वामी सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी और संस्थाओं के सदस्य मौजूद थे। बैठक में बताया गया कि गत वित्तीय वर्ष में एक अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025 तक 869 लीगल और 2481 सर्विलेंस नमूने लिए गए। जबकि जारी वित्तीय वर्ष में एक अप्रैल से 30 जून 2025 तक 315 लीगल और 490 सर्विलेंस नमूने संग्रहित किए गए। वर्ष 2024-25 में 110 न्यायालयीन प्रकरण दायर किए गए। जिनमें 193 मामलों में निर्णय होकर एक करोड़ 88 लाख रूपये का अर्थदंड लगाया गया और 82 लाख 38 हजार रूपये की वसूली हुई। पंजीयन से 2 करोड़ 45 लाख रूपये (2024-25) और जारी वर्ष में 41 लाख 30 हजार रूपये का राजस्व प्राप्त हुआ।

बैठक में बताया गया कि ईट राईट चैलेंज-4 के तहत इंदौर को 200 में से 180 अंक प्राप्त हुए। जिले में दो ईट राईट स्टेशन, दो स्ट्रीट फूड हब, नौ कैंपस, पांच स्कूल चिन्हित किए गए। 702 फूड हैंडलर्स को FoSTaC प्रशिक्षण दिया गया, चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला (MFTL) के माध्यम से 2100 से अधिक खाद्य उत्पादों का परीक्षण हुआ और 85 जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। बैठक में कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने ईट राइट चैलेंज प्रतियोगिता की गतिविधियों में उल्लेखनीय सहयोग देने पर फतेहाबाद- चंद्रावती गंज एवं गौतमपुरा रोड रेलवे स्टेशन, अन्नपूर्णा मंदिर एवं रंजीत हनुमान मंदिर, ग्रैंड शेरटन, रेडिसन, मैरियट होटल, गीता भवन हॉस्पिटल, रजत जयंती कॉम्प्लेक्स, द हब चौपाटी और चोइथराम नॉर्थ कैंपस, शासकीय सांदीपनि नवीन कन्या विद्यालय, शासकीय मिडिल स्कूल सुभाष नगर और शासकीय मिडिल स्कूल चितावद को ईट राईट गतिविधियों में सक्रिय सहयोग के लिए सम्मानित किया। कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने बैठक में निर्देश दिये कि खाद्य मिलावट करने वालों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। स्कूल और कॉलेज की कैंटीनों का नियमित निरीक्षण सुनिश्चित किया जाए। ग्रामीण क्षेत्रों के दूध विक्रेताओं का पंजीयन कर गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए। कॉलोनियों में चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला (MFTL) शिविर आयोजित किए जाएं।

### मिलावटखोरों के के विरूद्ध मोबाइल से भी की जा सकती शिकायत

इंदौर में उपभोक्ताओं को पूर्ण गुणवत्ता, शुद्धता एवं सही माप से खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के लिये सतत मुहिम चलाई जा रही है। नागरिक मिलावटखोरों और खाद्य सामग्री में अनियमितता करने वालों के विरूद्ध मोबाइल पर भी शिकायत कर सकतें है। इसके लिये मोबाइल नम्बर 9406764084 पर शिकायत दर्ज की जा सकती है। बैठक में उपभोक्ता संगठनों एवं खाद्य व्यापार प्रतिनिधियों ने भी उपयोगी सुझाव दिए, जिन्हें आगामी कार्ययोजना में शामिल किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### भाषा के नाम पर पिटाई से भड़के मराठा नेता, कहा- दाढ़ी और गोल टोपी वाले मराठी बोलते हैं क्या

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में कथित तौर पर महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के कार्यकर्ताओं द्वारा एक फूड स्टॉल के मालिक को



मराठी में बात नहीं करने पर पीटने के मामले में महाराष्ट्र सरकार में भाजपा कोटे से मंत्री नितेश राणे ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। राणे ने कहा कि राज्य सरकार इस घटना के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेगी। उन्होंने कहा कि मराठी नहीं बोलने पर किसी के साथ इस तरह का सलूक बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

उन्होंने मीडिया से कहा कि इन लोगों ने गरीब हिन्दुओं को मारा है। उन्होंने कहा, अगर उनमें इतनी ही हिम्मत है तो नल बाजार, मोहम्मद अली रोड या मालवणी जैसे इलाकों में जाकर कहें कि मराठी बोलो। क्या वहां भी ऐसी हिम्मत दिखा सकते हो? उन्होंने कहा कि आमिर खान और जावेद अख्तर क्या मराठी में बोलते हैं? वहां तो कोई कुछ नहीं कहता।

इससे आगे उन्होंने कहा, वो जो दाढ़ी वाले और गोल टोपी वाले हैं, मराठी में बात करते हैं क्या? शुद्ध मराठी में बात करते हैं क्या? जावेद अख्तर मराठी में बात करता है क्या? आमिर खान मराठी में बात करता है क्या? उन लोगों के मुंह से मराठी निकालने की हिम्मत नहीं है, ये गरीब हिन्दुओं को क्यों मारने की हिम्मत कर रहे हो। राणे ने कहा कि ये सरकार हिन्दुओं ने बनाई है, हिन्दुत्व विचार की सरकार है। इसलिए, इस तरह की कोई भी अगर हिम्मत करेगा तो हमारी सरकार भी तीसरी आंख खोलेगी। गरीब हिंदुओं पर हाथ उठाने वालोंने नलबजार और मोहम्मद अली रोड पर जाकर जिहादियों को पीटने की भी हिम्मत दिखानी चाहिए! क्योंकि उनके मुंह से कभी मराठी सुनने में नहीं आती !

### भाजपा सांसद लहर सिंह सिरोया ने कसा तंज, कोविड वैक्सीन पर फेक न्यूज फैला रहे सीएम सिद्धारमैया

**बेंगलुरु, एजेंसी।** भाजपा सांसद लहर सिंह सिरोया ने शुक्रवार को कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया पर कोविड वैक्सीन को लेकर झूठी खबर फैलाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री का हालिया बयान न केवल भ्रामक है, बल्कि वैज्ञानिकों के मनोबल को भी गिराता है। दरअसल, सिद्धारमैया ने हाल ही में कर्नाटक के हासन जिले में हुई अचानक हार्ट अटैक से हुई मौतों को कोविड-19 वैक्सीनेशन से जोड़ते हुए कहा था कि ये वैक्सीन जल्दबाजी में मंजूरी दी गई थी।

सीएम सिद्धारमैया के आरोपों पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए लहर सिंह सिरोया ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि मुख्यमंत्री जिस रफ्तार से फर्जी बयान दे रहे हैं, उसी दर से उन पर ही फेक न्यूज फैलाने का पहला केस दर्ज हो सकता है। उन्होंने यह भी याद दिलाया कि कर्नाटक सरकार खुद फेक न्यूज फैलाने वालों पर सात साल की सजा और जुर्माने की बात कर रही है।

**कांग्रेस हाईकमान को सिद्धारमैया पर भरोसा नहीं :** इसके साथ ही सिरोया ने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि कर्नाटक में कांग्रेस सरकार वैज्ञानिकों के काम को नीचा दिखाने की कोशिश कर रही है, जिन्होंने महामारी के समय करोड़ों लोगों की जान बचाई। उन्होंने आगे कहा कि शायद अब कांग्रेस में ऐसा कोई नहीं बचा जो सिद्धारमैया को रोके। हो सकता है खुद कांग्रेस हाईकमान को भी भरोसा न हो कि उनकी सरकार ज्यादा दिन चलेगी। इसके अलावा अंत में सिरोया ने ये भी कहा कि आखिरकार, विद्रोही गतिविधियों का कोई टीका नहीं बना है।

### प्यार का इजहार कैसे होगा.. तमिलनाडु के मंत्री ने संस्कृत का उड़ाया मजाक

**चेन्नई, एजेंसी।** भाषाओं के लेकर बढ़ रहे विवाद में एक और अध्याय जुड़ गया है। तमिलनाडु सरकार में मंत्री ईवी वेलु ने शुक्रवार को हिंदू विवाह समारोहों के दौरान पढ़े जाने वाले संस्कृत श्लोकों की नकल करते हुए सवाल किया कि आखिर इस भाषा को कौन ही समझ सकता है। आम जनता इसे समझ नहीं सकती है। जब कोई इसे समझ ही नहीं सकता तो केंद्र सरकार इसे इतनी ज्यादा वित्तीय सहायता क्यों दे रही है।

वेल्लोर में एक सार्वजनिक सभा में वेलु ने शादियों में पढ़े जाने वाले संस्कृत के श्लोकों का जिक्र करते हुए पूछा, आखिर कौन इस भाषा को समझ सकता है?... क्या दो प्यार करने वाले लोग संस्कृत में अपने प्यार का इजहार कर सकते हैं?.. नहीं लेकिन वह तमिल में ऐसा कर सकते हैं.. तमिल एक जीवित भाषा है, जिसे हर वर्ग के लोग बोलते हैं और समझते भी हैं। वेलु ने संस्कृत के विकास के लिए केंद्र सरकार द्वारा दिए जा रहे 2500 करोड़ रुपये के फंड देने और तमिल के केवल 167 करोड़ रुपये देने पर भी सवाल उठाया। उन्होंने केंद्र सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि तमिलनाडु भारत में जीएसटी देने वाला दूसरा सबसे बड़ा राज्य है इसके बाद भी हमारी मातृभाषा का प्रचार करने लिए हमें अनुपातिक रूप से कम पैसा मिलता है। उन्होंने कहा, केंद्र सरकार जीएसटी के जरिए हमारा पैसा लेकर संस्कृत के विकास में लगा रहे हैं। क्या उस भाषा को कोई समझता भी है। संस्कृत में आप आई लव यू नहीं बोल सकते।.. किसी शादी समारोह में अगर आप जाते हैं तो क्या आप संस्कृत में बात करते हैं?.. नहीं आप ऐसा नहीं करते हैं.. तो फिर ऐसी भाषा के विकास के लिए 2,500 करोड़ रुपये क्यों खर्च किए जा रहे हैं। वेलू ने केंद्र सरकार पर पक्षपात का आरोप लगाते हुए कहा कि तमिलनाडु ने शिक्षा और अन्य क्षेत्रों में लगातार देश का नेतृत्व किया है। इस वजह से वह भी अपनी भाषा और सांस्कृतिक विरासत में बेहतर निवेश का हकदार है।

### थप्पड़ कांड पर सीएम फडणवीस ने तोड़ी चुप्पी बोले-मराठी के नाम पर गुंडागर्दी बर्दाश्त नहीं

**मुंबई।** पिछले दिनों महाराष्ट्र के ठाणे जिले में कथित तौर पर महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के कार्यकर्ताओं द्वारा एक फूड स्टॉल के मालिक को



मराठी में बात नहीं करने पर पीटने के मामले में अब राज्य के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने भी चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने मनसे कार्यकर्ताओं द्वारा दुकानदार की पिटाई की घटना पर दो टूक कहा कि ऐसी घटना बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि मराठी का सम्मान किया जाना चाहिए, लेकिन मराठी की आड़ में गुंडागर्दी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

राज ठाकरे की पार्टी मनसे इस मामले में अपने कार्यकर्ताओं का साथ दे रही है और दावा किया कि दुकानदार ने मराठी का अपमान किया तभी उसके साथ उसके कार्यकर्ता सख्ती से पेश आए। दूसरी तरफ, स्ह्रस्र कार्यकर्ताओं की हरकतों का महाराष्ट्र के जूनियर गृह मंत्री योगेश कदम ने भी अप्रत्यक्ष रूप से समर्थन किया है, जिन्होंने कहा कि मराठी का अपमान करने वाले किसी भी व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

हालांकि, एक प्रेस कॉन्फ्रेन्स में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, जो गृह मंत्रालय का भी जिम्मा संभाल रहे हैं, ने दो टूक कहा कि मराठी के नाम पर गुंडागर्दी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एक दिन पहले भाजपा कोटे से मंत्री नितेश राणे ने भी मनसे के कार्यकर्ताओं की हरकत की आलोचना की और कहा, एक हिन्दू व्यक्ति को पीटा गया...गरीब हिन्दुओं पर क्यों हमला किया जा रहा है? हिम्मत है तो नल बाजार या मोहम्मद अली रोड पर जाकर अपनी ताकत दिखाओ। बता दें कि नल बाजार या मोहम्मद अली रोड दक्षिण मुंबई में मुख्यत: मुस्लिम बहुल इलाका है।

## गृहमंत्री अमित शाह ने बाजीराव पेशवा की प्रतिमा का किया अनावरण, बोले-

# पेशवा ने गुलामी की निशानियों को हर जगह ध्वस्त किया

मुंबई, एजेंसी

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को महाराष्ट्र के पुणे में श्रीमंत बाजीराव पेशवा प्रथम की प्रतिमा का अनावरण किया। बाजीराव पेशवा ने अपने कौशल, रणनीति और वीर साथियों की मदद से कई हारे हुए युद्धों को जीत में परिवर्तित किया। उन्होंने कहा कि गुलामी की निशानियों को हर जगह ध्वस्त कर वहां स्वतंत्रता का दीप प्रज्जवलित करने का काम बाजीराव पेशवा जी ने किया। पूरे 20 साल के कालखंड में बाजीराव पेशवा जी को घोड़े से नीचे उतरते हुए किसी ने नहीं देखा।

अमित शाह ने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विकास भी और विरासत भी का सूत्र दिया है, जिसके तहत हमारी हजारों साल पुरानी संस्कृति में प्रेरणा के स्रोत





हजारों व्यक्तियों और इतिहास को हमारे युवाओं और योद्धाओं के लिए उपलब्ध कराना बहुत ज़रूरी है। पुणे की भूमि स्वराज के संस्कार का उद्गम स्थान है। 17वीं शताब्दी में यहीं से स्वराज की आवाज़ उठी थी। अंग्रेज़ों के सामने जब स्वराज के लिए जनता के लड़ने का समय आया तो सबसे पहले आवाज़ लोकमान्य बालगंगाधर तिलक महाराज ने उठाई। वीर सावरकर ने महाराष्ट्र की भूमि से ऐसा उदाहरण प्रस्तुत किया कि एक व्यक्ति अपने जीवन में अपने देश के लिए कितना कुछ कर सकता है।

अमित शाह ने कहा कि पेशवा बाजीराव जी की देशभर में कई जगह प्रतिमाएँ स्थापित की गई हैं लेकिन उनका स्मारक बनाने की सबसे उचित जगह राष्ट्रीय रक्षा अकादमी पुणे ही है। भविष्य के भारत की तीनों सेनाओं के सूत्रधार यहां से प्रशिक्षित होकर निकलते हैं। हमारे भविष्य के सैनिक यहां स्थापित बाजीराव पेशवा की प्रतिमा से प्रेरणा लेकर उनकी जीवनी का अभ्यास करते हैं और कई युगों तक भारत की सीमाओं को छूने का साहस कोई नहीं कर सकता।

### युद्ध की कला के कुछ नियम अमर होते हैं

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि युद्ध की कला के कुछ नियम कभी कालबाह्य नहीं होते और वे अमर होते हैं। उन्होंने कहा कि युद्ध में व्यूह रचना, तेजी, समर्पण, देशभक्ति और बलिदान का भाव ही सेनाओं को विजय दिलाता है। इन सभी गुणों का सबसे उत्कृष्ट उदाहरण 500 साल के भारतीय इतिहास में श्रीमंत बाजीराव पेशवा जी में ही मिल सकता है। शाह ने कहा कि बाजीराव पेशवा जी ने 20 साल में 41 युद्ध लड़े और सभी में विजय प्राप्त की। उन्होंने कहा कि पराजय को पूरे जीवन अपने नज़दीक न आने देने वाले बाजीराव पेशवा जी जैसे वीर सेनानी की प्रतिमा लगाने का सबसे उचित स्थान एनडीए अकादमी ही हो सकता है।

### साथियों की मदद से कई हारे हुए युद्धों को जीत में परिवर्तित किया

बाजीराव पेशवा ने अपने कौशल, रणनीति और वीर साथियों की मदद से कई हारे हुए युद्धों को जीत में परिवर्तित किया। उन्होंने कहा कि गुलामी की निशानियों को हर जगह ध्वस्त कर वहां स्वतंत्रता का दीप प्रज्जवलित करने का काम बाजीराव पेशवा जी ने किया। शनिवारवाड़ा का निर्माण, जल प्रबंधन और कई कुरीतियों के खिलाफ पेशवा जी ने लड़ाई लड़ी। गृह मंत्री ने कहा कि कुछ लोग बाजीराव पेशवा जी को ईश्वरदत्त सेनापति, अजिंक्य योद्धा और शिवशिष्योत्तम बाजीराव पेशवा भी कहते हैं। बाजीराव पेशवा ने सभी युद्ध अपने लिए नहीं बल्कि देश और स्वराज के लिए लड़े थे। उन्होंने कहा कि बाजीराव पेशवा जी ने हर युद्ध अपनी मातृभूमि, धर्म और स्वराज के लिए लड़ा और एक ऐसा अमर इतिहास लिखने का काम किया जो आने वाली कई सदियों तक कोई और नहीं लिख सकेगा।

## भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष चुनने के बाद होगा फैसला

# योगी सरकार में भी फेरबदल के चर्चे

लखनऊ, एजेंसी

महाराष्ट्र, बिहार, मध्य प्रदेश, हिमाचल और उत्तराखंड समेत 22 राज्यों में भाजपा ने अपने प्रदेश अध्यक्षों का ऐलान कर दिया है। अब भी देश की सबसे ज्यादा लोकसभा सीटों वाले राज्य उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष पर कोई फैसला नहीं हो पाया है। इस बीच चर्चा है कि यूपी के भाजपा अध्यक्ष के चुनाव में और देरी होगी क्योंकि किसी एक नेता के नाम पर सहमति बन पा रही है। इसकी वजह सामाजिक और क्षेत्रीय समीकरण साधना भी है। भाजपा को लगता है कि एक ऐसे नेता को अध्यक्ष बनाया जाए, जिससे सपा के पीडीए की काट हो सके। लेकिन एक चिंता यह भी है कि ब्राह्मण समाज सपा से नाराजगी का भी लाभ उठा लिया जाए, जो इटावा प्रकरण से आहत बताया जा रहा है।

भाजपा सूत्रों का कहना है कि ऐसी स्थिति में राष्ट्रीय अध्यक्ष तय होने के बाद भी प्रदेश यूनिट पर फैसला हो सकता है। इसकी वजह है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के इलेक्शन के लिए कम से कम आधे राज्यों में प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव हो जाना चाहिए।



### 2027 से पहले कुछ समीकरण साधने की कोशिश

केंद्रीय नेतृत्व चाहेगा कि यूपी सरकार में भी समय रहते फेरबदल करके 2027 से पहले कुछ समीकरण साध लिए जाएं। यही कारण है कि फिलहाल अध्यक्ष को लेकर कोई फैसला नहीं हो पा रहा है। स्वतंत्रदेव सिंह, धर्मपाल सिंह लोधी जैसे नेताओं की चर्चा तेज है। फिलहाल मॉनसून सेशन से पहले राष्ट्रीय अध्यक्ष चुनने पर जोर है। दरअसल यूपी में भाजपा यदि तेजी से अध्यक्ष चुनना चाहे तो भी पहले वोटर लिस्ट घोषित करनी होगी। फिर नामांकन की तारीख तय होगी और उसे वापस लेने का समय देना होगा। अंत में एक ही कैंडिडेट होने पर नाम की घोषणा हो जाएगी, लेकिन इस प्रक्रिया में भी कम से कम 4 दिन का समय लगेगा।

# मुझे हराने के लिए देश के प्रधानमंत्री को मेरे विरोधी का पैर छूना पड़ा था : अवध ओझा

नई दिल्ली, एजेंसी

मशहूर कोचिंग टीचर और आम आदमी पार्टी (आप) के नेता अवध ओझा ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में अपनी हार को लेकर कहा है कि ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनके विरोधी (रविंद्र सिंह नेगी) के पैर छू लिए थे। ओझा ने कोचिंग क्लास में पटपड़गंज सीट पर हुए मुकाबले का जिक्र किया और कहा कि उन्होंने इस दौरान बहुत मेहनत की। मशहूर शिक्षक ने कहा कि प्रधानमंत्री चाहते थे कि वह किसी तरह सदन में ना जाएं और इसके लिए उन्होंने नेगी के पैर छू लिए। अवध ओझा ने यह भी कहा कि यदि प्रधानमंत्री ने ऐसा नहीं किया होता तो वह जीत जाते।

अवध ओझा ने कहा, मुझे हराने के लिए इस देश के प्रधानमंत्री को मेरे विरोधी का पैर छूना पड़ा था। देख लेना वीडियो। अगर वह पैर नहीं छूते ना तो मैं नहीं हारता। मुझे हराने के लिए... इस देश के प्रधानमंत्री को...। ओझा ने कहा कि उन्होंने चुनाव में बहुत





### पीएम की इज्जत की दुहाई देकर भाजपा ने वोट मांगा

आप नेता ने कहा कि प्रधानमंत्री नहीं चाहते थे कि वह जीतकर सदन पहुंचें क्योंकि वह वहां बवाल काटते। उन्होंने यह भी कहा कि पीएम की इज्जत की दुहाई देकर भाजपा ने वोट मांगा और लोगों को मन बदल गया। उन्होंने कहा, मेरे विरोधी का तीन बार पैर छुआ प्रधानमंत्री ने कि यह आदमी सदन में नहीं जाना चाहिए। वहां पहुंच गया तो बहुत बवाल काटेगा। इतना चिल्लाएगा यह। मैं दूसरे दिन जब लोगों से मिला तो विश्वास हो गया कि इनका मन बदल गया कि प्रधानमंत्री की इज्जत का सवाल है। उनकी पार्टी के लोग घर-घर जाकर कहने लगे कि उन्होंने इज्जत दांव पर लगा दी। उन्होंने हल्के अंदाज में कहा कि वह तभी जीत सकते थे जब अमेरिका का राष्ट्रपति उनका तीन बार पैर छू लेता और इतनी तैयारी उन्होंने कर नहीं रखी थी। उन्होंने नेगी को मजबूत उम्मीदवार बताया।

मेहनत की। सुबह, शाम, दिन-रात, क्या झुग्गी, क्या बाजार, क्या घर, क्या लोग हर आदमी से मिलता था। सिर्फ चार घंटे सोते थे। अवध ओझा ने कहा कि लड़ने वाले का ही नाम होता है। उन्होंने कहा, मुझसे एक साहब ने कहा कि मास्टर साहब हार गए। मैंने कहा कि तुम्हारे पापा प्रधानी लड़े हैं। इतिहास में दो ही आदमी का नाम है, अकबर और महराणा प्रताप क्योंकि दोनों लड़ रहे थे।

### क्यों छुआ था पीएम ने पैर

दरअसल इस साल फरवरी में हुए दिल्ली विधानसभा चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक जनसभा के दौरान मंच पर पटपड़गंज सीट से भाजपा के उम्मीदवार रविंद्र सिंह नेगी उर्फ रवि नेगी के पैर छू लिए थे। दरअसल, पहले नेगी ने पीएम के पैर छू लिए थे, जिसके बाद पीएम मोदी ने पलटकर उनके भी पैर छू लिए। पीएम पहले भी कई मौकों पर इस तरह दूसरों के पैर छूते देखे गए हैं। वह दूसरों को अपना चरणस्पर्श करने से रोकते हुए दिखते हैं। चुनाव में रवि नेगी ने अवध ओझा को 28 हजार से अधिक वोटों के अंतर से हराया था।

## तमिलनाडु विधानसभा चुनाव 2026

# थलापति विजय होंगे मुख्यमंत्री का चेहरा, टीवीके ने किया ऐलान

चेन्नई, एजेंसी

तमिलनाडु में अगले साल विधानसभा के चुनाव होने है। इसको लेकर सभी राजनीतिक पार्टियों ने अपनी-अपनी तैयारी भी तेज कर दी है। आरोप-प्रत्यारोप भी अपने चरम पर है। इसी क्रम में तमिलनाडु की राजनीतिक पार्टी तमिलगा वेत्री कझगम (टीवीके) ने शुक्रवार को बड़ा एलान किया है। इसके तहत पार्टी ने आने वाले विधानसभा चुनाव 2026 में मशहूर अभिनेता और नेता विजय थलापति को मुख्यमंत्री का उम्मीदवार घोषित किया। ऐसे में ये बात को साफ हो गई है कि आने वाले चुनाव में टीवीके अन्य राजनीतिक पार्टिओं पर शिकंजा कसने के लिए पुरजोर तैयारी कर रही है।

विजय ने यह भी कहा कि तमिलनाडु में राजनीतिक लड़ाई अन्ना और परियार जैसे नेताओं के आदर्शों का सम्मान करते हुए लड़नी होगी। उन्होंने साफ कहा कि टीवीके किसी भी हालत में भाजपा के साथ हाथ नहीं मिलाएगी, और न ही डीएमके या एआईएडीएमके जैसी पार्टियों के साथ गठबंधन करेगी।

गौरतलब है कि तमिलानाडु विधानसभा चुनाव को देखते हुए टीवीके ने विजय को चुनाव की सारी जिम्मेदारी दी है कि वे आगे गठबंधन के बारे में फैसला करें। इसके साथ ही पार्टी ने दो करोड़ नए सदस्यों को जोड़ने का बड़ा लक्ष्य रखा है। विजय सितंबर से दिसंबर के बीच तमिलनाडु के हर कोने का दौरा करेंगे और जनता से मिलकर समर्थन जुटाएंगे।

### भाजपा को बताया अपना दुश्मन

पार्टी की ओर से मुख्यमंत्री उम्मीदर की घोषणा के बाद अभिनेता से नेता बने विजय ने अपनी प्रतिक्रिया भी दी। उन्होंने भाजपा के साथ गठबंधन की अटकलों पर विराम लगाते हुए साफ-साफ कहा कि उनकी पार्टी कभी भी भाजपा के साथ गठबंधन नहीं करेगी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि चाहे सामने हो या पीछे, टीवीके भाजपा के साथ नहीं चलेगी। इसके साथ ही विजय ने भाजपा को अपना दुश्मन बताया और कहा कि भाजपा कहीं और अपनी नीतियों से नुकसान पहुंचा सकती है, लेकिन तमिलनाडु में ऐसा नहीं होने देंगे।

## चुनाव से पहले कांग्रेस का बड़ा दांव

# 5 लाख महिलाओं को बांटेगी मुफ्त सैनिटरी पैड, कवर पर राहुल गांधी की तस्वीर

पटना, एजेंसी

बिहार में विधानसभा चुनाव का साल शुरू होते ही राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। शुक्रवार को कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार ने राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए पार्टी की आगामी रणनीति और कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने महिलाओं के लिए एक नई योजना की घोषणा करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी राज्य की 5 लाख महिलाओं को मुफ्त सैनिटरी पैड बांटेगी।

राजेश कुमार ने बताया कि इन सैनिटरी पैड के पैकेट पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी की तस्वीर छपी होगी, और इसे माई-बहन मान योजना के तहत वितरित किया जाएगा। पैकेट पर अखिल भारतीय महिला कांग्रेस का लोगो भी होगा और साथ में यह भी लिखा होगा कि जरूरतमंद महिलाओं को 2500 रुपये की मासिक सम्मान राशि दी जाएगी। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा, बिहार की महिलाओं को ध्यान में रखते हुए हमने विशेष तैयारी की है। यह योजना खासकर जरूरतमंद महिलाओं के लिए है। हम इसे एक अभियान के रूप में चलाएंगे ताकि यह लाभ हर महिला तक पहुंच सके। कांग्रेस की इस पहल को महिला सशक्तिकरण और स्वास्थ्य जागरूकता से जोड़कर देखा जा रहा है। खास बात यह है कि इन सैनिटरी पैड के पैकेट पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी की तस्वीर, 'नारी न्याय, महिला सम्मान' का स्लोगन और 'माई बहिन मान योजना' का प्रचार छपा है।

### बीजेपी ने किया विरोध

कांग्रेस की इस घोषणा पर भाजपा ने कड़ा एतराज जताया है। भाजपा प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने कहा, सैनिटरी पैड पर राहुल गांधी की तस्वीर लगाना बिहार की महिलाओं का अपमान है। कांग्रेस महिला विरोधी पार्टी रही है और अब वह सस्ती लोकप्रियता के लिए महिलाओं की गरिमा से खिलवाड़ कर रही है। बिहार की महिलाएं कांग्रेस और आरजेडी को चुनाव में मुंहतोड़ जवाब देंगी। अब देखना यह होगा कि कांग्रेस की यह नई पहल चुनावी मैदान में कितना असर डालती है और महिला वोटर्स की प्राथमिकता को कितना प्रभावित कर पाती है।

## ऑपरेशन सिंदूर : सेना के उप प्रमुख के बयान पर सियासत शुरू

# कांग्रेस ने संसद में युद्ध को लेकर चीन पर चर्चा की मांग दोहराई

नई दिल्ली, एजेंसी

**कांग्रेस ने भारतीय सेना के उप-प्रमुख (क्षमता विकास एवं स्थायित्व) लेफ्टिनेंट राहुल आर सिंह के उस बयान पर प्रतिक्रिया दी है, जिसमें उन्होंने कहा था कि चीन ने भारतीय सैन्य संपत्तियों का लाइव डाटा पाकिस्तान के साथ साझा किया और तुर्किये ने पाकिस्तान को ड्रोन मुहैया कराए।**

कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने कहा, सेना के उप-प्रमुख (क्षमता विकास और स्थायित्व) लेफ्टिनेंट जनरल सिंह ने आज सार्वजनिक रूप से वह बात कही है, जो ऑपरेशन सिंदूर के अचानक खत्म होने के बाद से आमतौर पर मानी जा रही थी। यह वही ऑपरेशन है,



जिसे अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप के दखल के चलते 10 मई को रोक दिया गया था।

रमेश ने कहा, लेफ्टिनेंट जनरल सिंह ने जो कहा, वह उसी चिंता को सार्वजनिक रूप से सामने लाता है कि हम वास्तव में पाकिस्तान से नहीं, बल्कि चीन से लड़ रहे थे। चीन, पाकिस्तान की वायु सेना को असाधारण स्तर तक नियंत्रित कर रहा था। यह खुलासा उतना ही महत्वपूर्ण है, जितना कि चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) की ओर से सिंगापुर में किया गया था। यही कारण है कि कांग्रेस पार्टी लगातार यह मांग कर रही है कि संसद में चीन की ओर से हमारे सामने खड़ी की जा रही रणनीतिक, आर्थिक और कूटनीतिक चुनौतियों पर चर्चा होनी चाहिए।

उन्होंने कहा, चीन ने की पाकिस्तान की वायु सेना को अपने नियंत्रण में नहीं लिया है, बल्कि अब वह पाकिस्तान और बांग्लादेश के साथ त्रिपक्षीय बैठकें कर रहा है। हमारे व्यापार घाटे के आंकड़े रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गए हैं। अब जबकि संसद का सत्र 21 जुलाई से शुरू हो रहा है और उसे चार दिनों के लिए बढ़ाया भी गया है, हमें उम्मीद है कि हमें चीन से जुड़ी राजनीतिक, रणनीतिक, आर्थिक और भू-राजनीतिक चुनौतियों पर चर्चा करने का अवसर मिलेगा। कांग्रेस इस बात पर जोर देती रहेगी कि चीन पर पूरी बहस होनी चाहिए और इन चुनौतियों से निपटने के लिए एक साझा दृष्टिकोण पर आम सहमति बनाई जाए। कांग्रेस सांसद ने कहा, पाकिस्तान एक चुनौती है, जिसे चीन का समर्थन हासिल है। अमेरिका भी एक अलग तरह की चुनौती है, लेकिन वह एक अलग श्रेणी में आता है। हम लगातार यह मांग करते रहेंगे और संसद में इस विषय पर चर्चा की मांग करेंगे- चाहे वह सीडीएस जनरल चौहान के बयान हों, इंडोनेशिया में रक्षा अधिकारी के खुलासे हों या आज नई दिल्ली में लेफ्टिनेंट जनरल राहुल सिंह द्वारा कही गई बातें।

### सर्वदलीय बैठक एक औपचारिकता भर होती है

संसद सत्र से पहले 19 जुलाई को होने वाली सर्वदलीय बैठक पर कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने कहा, सर्वदलीय बैठक एक औपचारिकता भर होती है। इनमें कुछ खास नहीं होता। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और संसदीय कार्य मंत्री आते हैं। जेपी नड्डा राज्यसभा में नेता होने के नाते शामिल होते हैं। हम करीब डेढ़ घंटे तक एक औपचारिक और निरर्थक चर्चा करते हैं, फिर चाय पीते हैं और चले जाते हैं, क्योंकि असली एजेंडा तय करने वाले लोग (प्रधानमंत्री और गृह मंत्री) इन बैठकों में मौजूद नहीं होते। इसलिए ये बैठकें केवल एक औपचारिकता हैं। मुझे ज्यादा उम्मीद नहीं है।

## संक्षिप्त समाचार

### हरियाली महोत्सव पर पुलिस प्रशासन का पौधारोपण्






**खरगोन, निप्र।** अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक खरगोन श्रीमति शकुन्तला रुहल , रक्षित निरीक्षक सौरभ कुशवाह, सूबेदार दीपेन्द्र स्वर्णकार, डीआईजी कार्यालय और पुलिस लाईन खरगोन स्टाफ की मौजूदगी में हरियाली महोत्सव पर सिध्दार्थ बहुगुणा निमाड़ रेंज के उप पुलिस महानिरीक्षक और धर्मराज मीना पुलिस अधीक्षक खरगोन द्वारा डीआईजी कार्यालय और पुलिस लाईन खरगोन में पुलिस स्टाफ के साथ मिलकर लगभग 200 से अधिक पौधों का रोपण किया गया है। पौध रोपण का यह अभियान पुलिस प्रशासन द्वारा समस्त थानों, चौकियों और कार्यालयों में वृहद स्तर पर चलाया जाकर आमजन को भी इस अभियान में भागीदार बनाने के लिए प्रेरित करेगा।

### उत्कृष्ट विद्यालय में बच्चों को किया विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत सम्मान





**राजपुर, निप्र।** उत्कृष्ट विद्यालय राजपुर में आयोजित कार्यक्रम प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना अंतर्गत आयोजन रखा गया। प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को पुष्पमाला पहनकर व सील्ड भेटकर उनका मनोबल बढ़ाया। योजना अंतर्गत माननीय मुख्यमंत्री #cmmohanyadav जी द्वारा सिंगल क्लिक के माध्यम से प्रदेश के 94,234 विद्यार्थियों को लैपटॉप के लिए राशि का अंतरण कर उन्हें उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती शिखा विजय जी अग्रवाल रहे। नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय जी अग्रवाल, प्रीतम जी बडोले, पुनीत जी सोनी सहित रविन्द्र पाटिल व उत्कृष्ट विद्यालय का समस्त स्टाफ सम्मिलित रहा।

### कलेक्टर भव्या मित्तल ने पॉली हाऊस का निरीक्षण किया



**खरगोन, निप्र।** कलेक्टर भव्या मित्तल ने विकासखण्ड खरगोन के कृषक दीपक नागर द्वारा पॉली हाऊस में उच्च तकनीक से तैयार किये जा रहे मिर्च टमाटर और गेंदें के पौधों का निरीक्षण करने के साथ ही उन्होंने मिर्च , टमाटर और गेंदें के पौधों की बीज से लेकर वितरण और उत्पादों की मार्केटिंग तक की प्रक्रिया को समझा। कलेक्टर भव्या मित्तल ने आकांक्षी विकासखण्ड झिरन्या और भगवानपुरा में मिर्च और टमाटर के पौधों को तैयार कर कृषकों को उपलब्ध करवाने के लिए उन क्षेत्रों में भी पॉली हाऊस/शेडनेट हाऊस का निर्माण करने के लिए निर्देश भी जिससे आकांक्षी विकासखण्ड के कृषको को भी उच्च गुणवत्तायुक्त सीडलिंग प्राप्त होकर उन्हें अधिक आमदनी मिल सके। कृषक दीपक नागर द्वारा बताया गया कि उनके द्वारा उच्च गुणवत्ता के कोकोपीट का उपयोग किया जाकर , कृषकों की मांग अनुसार मिर्च , टमाटर और गेंदें के किस्मवार पौधे तैयार कर उपलब्ध कराये जाते है। कृषकों को समय समय पर उनकी फसलों के अनुसार फसलों पर लगने वाले रोगों और उनसे रोकथाम करने बारे में भी बताया जाता है। झिरन्या एवं भगवानपुरा विकासखण्ड के कृषको को भी इस वर्ष उच्च गुणवत्ता के पौधे दिये गये है । इस दौरान उप संचालक उद्यान के.के. गिरवाल, रोहित औसारी, गिरधारी परिहार और ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी विकासखण्ड खरगोन भी मौजूद थे ।

### समाजसेवियों की सहभागिता से शासकीय विद्यालय में शिक्षा की गुणवत्ता को मिलेगा बल



**कसरावद, निप्र।** यदि समाजसेवी, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और पालकगण शासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने हेतु आगे आएं, तो निश्चित ही सरकारी स्कूलों की छवि और बच्चों का भविष्य दोनों ही उज्वल होंगे, यह बात विकासखंड संसाधन समन्वयक (बीआरसी) राजाराम कंदोड़े ने कही। यह अवसर था नगर के प्राथमिक विद्यालय क्रमांक 03 में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम का, जहाँ समाजसेवी रवि भालसे ने अपने जन्मदिन के उपलक्ष्य में परिवार सहित विद्यालय पहुँचकर बच्चों को छाते और चॉकलेट वितरित किए। मानसून के इस मौसम में छाते बच्चों की महती आवश्यकता बन चुके हैं। इस सेवा कार्य से बच्चों के चेहरों पर खुशी साफ नजर आ रही थी। कार्यक्रम में समाजसेवी जितेंद्र पाटीदार, सामाजिक कार्यकर्ता सुधीर सराफ, बीएसी परमानंद पठौते, जनशिक्षक प्रवीण कुशवाह, शिक्षक विजय वर्मा, सुनीता वर्मा, शाकिर पठान, दुर्गा चौहान एवं माधुरी मंडलोई भी उपस्थित रहे।

## बलकवाड़ा पुलिस ने किया बड़ा खुलासा

# ठेकेदार ही निकला नल जल योजना की बड़ी चोरी का मास्टरमाइंड

विनय उजाला

**कसरावद, निप्र।** बलकवाड़ा थाना क्षेत्र में नल जल योजना के तहत हुए लाखों की पाइप चोरी के मामले का पुलिस ने सफलतापूर्वक खुलासा किया है। पुलिस ने इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर कुल 143 पाइप (कीमत रु. 27,48,000), एक जेसीबी मशीन और एक बोलेरो वाहन (कुल कीमत रु. 37 लाख) जब्त करते हुए कुल रु. 64,48,000 का मशरूका बरामद किया है।

### मुख्य आरोपी बना ठेकेदार, सुनियोजित तरीके से रची गई थी चोरी की साजिश

पुलिस जांच में चौंकाने वाला खुलासा हुआ कि चोरी की इस बड़ी वारदात का मास्टरमाइंड खुद ठेकेदार पंकज परिहार निकला। उसने अपने साथियों चेतन गुर्जर और मोरध्वज चौधरी के साथ मिलकर नल जल योजना के तहत लगाए जा रहे महंगे पाइपों की चोरी की योजना बनाई और उसे अंजाम दिया।





वारदात में दो अलग-अलग कंपनियों के पाइप चोरी हुए थे। स्काईलॉक प्रा. लि. कंपनी के डिप्टी मैनेजर मनप्रीत ने जलखा रोड तितरानिया फाटा से 123 पाइप (मूल्य रु. 22 लाख) चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। WPIL लि. कंपनी के असिस्टेंट मैनेजर बापूजी ने ग्राम टेमरनी में 20 पाइप (मूल्य रु. 5.48 लाख) चोरी की सूचना दी थी। दोनों मामलों में अपराध क्रमांक 184/25 और 185/25 धारा 303(2) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किए गए थे।

**पुलिस ने ऐसे किया खुलासा**

बलकवाड़ा थाना प्रभारी रितेश यादव के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने घटनास्थलों के आसपास के ष्टष्टञ्ज फुटेज खंगाले और मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया। विवेचना के दौरान पुलिस ने पंकज परिहार को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसमें उसने अपने दोनों साथियों के साथ मिलकर चोरी करना कबूल किया।

आरोपियों ने खुलासा किया कि उन्होंने 91 पाइप जामगेट जंगल क्षेत्र में और 52 पाइप शाहगंज फाटा ब्रिज के नीचे छिपा रखे थे, जिन्हें पुलिस ने बरामद कर लिया। पुलिस ने पंकज पिता रामकिशोर परिहार, ग्राम पिपरोली गडिया, जिला इटावा (उ.प्र.), चेतन पिता रामस्वरूप गुर्जर, ग्राम श्योपुर, थाना नरेना, जिला जयपुर (राज.) एवं मोरध्वज पिता मोतीलाल चौधरी, ग्राम जटवाड़ा, थाना खैल्ली, जिला अलवर (राज.) को गिरफ्तार किया है। पंकज परिहार पर पूर्व से ही झांसी और भोपाल में आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं।

इस कार्रवाई में एसडीओपी मण्डलेश्वर मनोहर गवली, निरीक्षक रितेश यादव, उनि पप्पू मौर्य, प्रआर. रामेश्वर पांडे, आरक्षक महेंद्र ठाकुर, जितेंद्र बघेल, सुमित भदौरिया, पंकज शर्मा, की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# मप्र जन अभियान परिषद् का स्थापना दिवस उत्साहपूर्वक संपन्न



राहुल गुप्ता

**राजपुर।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् (योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग, मध्यप्रदेश शासन) द्वारा परिषद् की स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में स्वैच्छिकता पर्व का भव्य आयोजन किया गया।

यह कार्यक्रम शहीद भीमा नायक शासकीय महाविद्यालय, बड़वानी में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में श्री राजेंद्र कुमार चौहान की गरिमामयी उपस्थिति रही। अन्य विशिष्ट अतिथियों में श्री राम यादव (प्रबंधक, नर्मदा कॉन्वेंट एवं आत्मनिर्भर भारत प्रांत सह-संयोजक), श्री शंकर कुशवाह (पार्षद, नगर मंडल उपाध्यक्ष, बड़वानी), सुश्री ज्योति वर्मा (जिला समन्वयक, मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद्, जिला बड़वानी), एवं श्री बघेल (प्राचार्य प्रतिनिधि, शहीद भीमा नायक शासकीय महाविद्यालय) उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ सुश्री ज्योति वर्मा द्वारा परिषद की पृष्ठभूमि, कार्य प्रणाली, और विकास यात्रा की विस्तृत प्रस्तुति से हुआ। उन्होंने परिषद की विभिन्न योजनाओं और उपलब्धियों को साझा किया, जिससे युवाओं और सहभागी संस्थाओं को प्रेरणा मिली।

श्री राम यादव ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में कहा कि, भारत की गौरवगाथा हमारी पीढ़ियों को सशक्त बनाती है। हमें श्रम-साधना के मार्ग पर चलकर आत्मनिर्भरता की दिशा में निरंतर प्रयास करना चाहिए।

प्राचार्य प्रतिनिधि श्री बघेल ने विद्यार्थियों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं और परिषद के प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम में माननीय मुख्यमंत्री श्री मोहन जी यादव एंव उपमुख्यामंत्री श्री जगदीश देवडा जी का संदेश पढ़ा गया तथा मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष श्री मोहन नागर जी के संदेश का प्रसारण किया गया, जिसने उपस्थित जनसमूह में ऊर्जा और प्रेरणा का संचार किया। कार्यक्रम का संचालन श्री नरेन्द्र तवर ने कुशलतापूर्वक किया। कार्यक्रम के अंत में परिषद के अभियानों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले विद्यार्थियों एवं शत-प्रतिशत उपस्थिति वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समस्त ब्लॉकों के ब्लॉक समन्वयक, मेंटर्स, नवांकुर संस्थाओं के प्रतिनिधि, CMCLDP के विद्यार्थी तथा जन अभियान परिषद से जुड़े सैकड़ों कार्यकर्ता एवं नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# अवैध लिमड़ी शराब बेचने वाला भगवानपुरा पुलिस की गिरफ्त में

विनय उजाला

**खरगोन, निप्र।** भगवानपुरा पुलिस ने भाट बेड़ा ग्राम करही से एक व्यक्ति को अवैध लिमड़ी शराब के साथ पकड़ा , जिसने अपना नाम सुरेश वास्कले बताया। भगवानपुरा पुलिस ने आरोपित सुरेश पिता अमरसिंह वास्कले को गिरफ्तार कर उसके पास से 6500/- रूपये मुल्य की कुल 65 लीटर अवैध लिमड़ी कच्ची शराब को अपनी सुपूर्दगी में लेकर आरोपित के विरुद्ध भगवानपुरा थाने में पर अपराध क्रमांक 215/25 धारा 34(2) आबकारी एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध किया गया ।



पुलिस टीम कार्यवाही में एसडीओपी भीकनगाँव राकेश आर्य, भगवानपुरा थाना प्रभारी निरीक्षक इलापसिंह मुजाल्दे, उपनिरीक्षक नरेश प्यासे, उपनिरीक्षक प्रेमसिंह सेमल्या, प्रआर.दिनेश जाधव, आर.प्रकाश सोलंकी, आर. हीरालाल धनगर, आर.आशीष चौहान, आर.अनिल बड़ोले व म.आर.पूजा शर्मा और थाने का अन्य स्टाफ शामिल रहा।

### रायबीड़पूरा एवं ऊन खुर्द में नल-जल योजनाओं के संचालन एवं पेयजल गुणवत्ता का प्रशिक्षण दिया गया

**खरगोन, निप्र।** कलेक्टर भव्या मित्तल एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आकाश सिंह के निर्देशानुसार तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्य पालन यंत्री राहुल सूर्यवंशी के मार्गदर्शन में 04 जुलाई को ग्राम पंचायत रायबीड़पूरा और ऊन खुर्द में नल-जल योजनाओं के संचालन, संधारण एवं पेयजल गुणवत्ता परीक्षण के लिए प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर एवं रसायनज्ञ अमित गुर्जर, लोकेन्द्र शर्मा तथा ब्लॉक प्रबंधक धर्मेंद्र दुबे द्वारा पेयजल की गुणवत्ता जांच, क्लोरिनेशन की प्रक्रिया, नल-जल योजना के सुचारू संचालन एवं संधारण की जानकारी दी गई। ग्राम पंचायत रायबीड़पूरा की सरपंच श्रीमती भागवती पति जीतेन्द्र ने बताया कि ग्राम में जल कर वसूली के लिए क्यूआर कोड की व्यवस्था की गई है। जल कर का व्यवस्थित पंजी रजिस्टर भी तैयार किया गया है।

# अमेरिकन भुट्टों की बहार, गुजरात के राय जामुन की मांग, शौकीनों की पसंद





महेश चौहान

**कसरावद।** बारिश के मौसम में अमेरिकन भुट्टो का स्वाद शौकीनों का रुझान बढा है। स्थानीय व्यापारी अन्यत्र स्थानो से भुट्टो के शौकीनों को उपलब्ध करा रहे हैं। व्यापारी संतोष कोली ने बताया बारिश के मौसम में अमेरिकन भुट्टे खूब पसंद किए जा रहे हैं। नयी फसल उत्पादन भुट्टे बाहर से खरीदी कर ला रहे हैं। ओर इधर.. जामुन के खास शौकीनों को गुजरात, मांडव सहित अन्य स्थानों से जामुन उपलब्ध कराए जा रहे। राजू वर्मा ने बताया कि राय जामुन की डिमांड सबसे अधिक रहती है। यह सीजन में कम समय के लिए शौकीनों को जामुन उपलब्ध हो पाता हैं।

## मंदिर स्थापना दिवस पर दो दिवसीय धार्मिक आयोजन

# धर्म... श्री साईं मंदिर स्थापना दिवस आज पालकी यात्रा, 7 को भंडारा आयोजन

विनय उजाला

**कसरावद, निप्र।** नगर के खरगोन रोड स्थित श्री साईं मंदिर का 22 वाँ स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में दो दिनी धार्मिक आयोजन होंगे। आज उत्साह पूर्वक पालकी यात्रा निकाली जाएगी। मंदिर सेवा समिति अध्यक्ष पिंटू श्रीवास् व मदनलाल शर्मा ने बताया 5 जुलाई की शाम 5 बजे मंदिर से साईं बाबा की पालकी यात्रा का आयोजन किया जाएगा। पालकी यात्रा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी निकाली जाएगी। नगर भ्रमण के लिए बाबा प्रजा के हाल जानेंगे। नगर के जय स्तंभ चौराहे के पास बाबा की पालकी यहां दर्शन-पूजन के लिए कुछ देर शोभायमान होगी। फिर बाबा की पालकी को श्रद्धालु कांधे पर उठाकर श्री साईनाथ महाराज जी के जयकारे लगाते हुए यात्रा इंदौर रोड छोटा नाका से कुशवाह मोहल्ले मे प्रवेश कर नगर के प्रमुख वार्डो सहित मुख्य सड़क मार्ग से यात्रा जय स्तंभ चौराहे से फिर श्री साईनाथ मंदिर पहुंचेगी। यहां आरती पश्चात यात्रा का विराम होगा। महाप्रसादी वितरण होगी। 7 जुलाई को मुख्य मंदिर स्थापना दिवस कायकर्म होगा। अलसुबह पूजन अभिषेक हवन के पश्चात दोपहर 12 से शाम 5 बजे तक भंडारे की शुरुआत होगी। भंडारे में 10 गांवों के श्रद्धालु शामिल होगे। 12 हज़ार की संख्या में श्रद्धालु भंडारे में प्रसादी ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित करेगे।




मिनी मेला भी मंदिर परिसर लगेगा। हर साल की तरह इस बार भी मंदिर में मिनी मेले का आयोजन होगा। यहां पूजन सामग्री के साथ खिलौने व सौंदर्य प्रसाधन सामग्री की दुकानें लगेगी। बच्चे झूलों का आनंद ले सकेंगे। मंदिर को विभिन्न फूलों से सजावट की जाएगी। श्री साईं मंदिर सेवा समिति सदस्यों ने श्रद्धालुओं से धार्मिक आयोजन मे पधारने का आग्रह किया है।

## जयपुरिया विद्यालय बड़वानी में आयोजित हुआ संयुक्त जागरूकता कार्यक्रम

# साइबर सुरक्षा, महिला सुरक्षा, सृजन अभियान व यातायात जागरूकता पर दी गई महत्वपूर्ण जानकारियाँ

विनय उजाला

**बड़वानी, निप्र।** पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार, पुलिस अधीक्षक बड़वानी श्री जगदीश डावर के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री धीरज बब्बर के मार्गदर्शन में जयपुरिया विद्यालय बड़वानी में एक संयुक्त जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में साइबर सुरक्षा, महिला सशक्तिकरण एवं सुरक्षा, सृजन अभियान, तथा यातायात जागरूकता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा जानकारी प्रदान की गई।

**मुख्य बिंदु :** अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री धीरज बब्बर ने विद्यार्थियों को सरल व रोचक तरीके से साइबर सुरक्षा और महिला सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूक किया।





यातायात थाना प्रभारी श्री विनोद बघेल ने छात्रों को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए कहा किन्नाबालिग बच्चों को वाहन नहीं चलाना चाहिए ।दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनना अनिवार्य है। सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की मदद करें— नेक इंसान योजना के अंतर्गत सहायतार्थ राशि प्रदान की जाती है। साइबर एक्सपर्ट श्री रितेश खत्री ने छात्रों को साइबर अपराधों से बचाव के उपाय बताएक्भी भी अपनी बैंक संबंधी जानकारी, ओटीपी, पासवर्ड या पिन किसी से साझा न करें।

APK फाइल्स से होने वाले अपराधों से सतर्क रहने की सलाह दी गई और छात्रों को अपने माता-पिता के फोन से संदिग्ध ऐप्स हटाने का आग्रह किया गया। डिजिटल अरेस्ट क्या होता है और उससे कैसे बचा जाए, इसकी जानकारी विस्तार से दी गई। फ्रॉड कॉल्स, फिशिंग लिंक, और स्पैम एप्लिकेशन से बचाव के लिए सतर्क रहने की समझाइश दी गई। विद्यार्थियों ने वॉइस चेंजर एप्स समेत कई तकनीकी सवाल पूछे, जिनका उत्तर विशेषज्ञों ने सरल भाषा में देकर उनकी जिज्ञासा शांत की ।महिला सुरक्षा एवं परामर्श्कार्यक्रम में काउंसलर श्रीमती अनिता चोयल ने बालिकाओं को निम्न विषयों पर जागरूक किया- महिला, पुलिस, साइबर एवं चाइल्ड हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी गुड टच और बैड टच की पहचान एवं ऐसी घटनाओं की रिपोर्टिंग के लिए पुलिस दीदी योजना की जानकारी।

घरेलू हिंसा, बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ सजग रहने की अपील। अजनबी व्यक्तियों पर भरोसा न करने एवं अकेले बाहर न जाने की सावधानियाँ ।उपस्थित गणमान्य इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ. पी.वी. सत्या रमेश, शिक्षकगण, तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। बड़वानी पुलिस द्वारा इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रमों का उद्देश्य बच्चों एवं युवाओं को जागरूक, सुरक्षित एवं आत्मविश्वासी बनाना है। ऐसे आयोजन भविष्य में भी सतत रूप से जारी रहेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### शांति और सौहार्द के साथ निकले अखाड़े, शहादत इमाम हुसैन इमाम हुसैन की याद में नया नगर से निकला अखाड़ा



**कसरावद, निप्र।** नगर के नया नगर से कुर्बानी अखाड़ा निकला शाम 7ः00 बजे नया नगर बस स्टैंड पर अखाड़ा कमेटी के लोग एवं अखाड़े के खिलाड़ी और समाज जन इकट्ठा हुए। ढोल एवं तासों के साथ अखाड़े अपने रूट से निकले। बस स्टैंड से स्तंभ चौराहा होते हुए सराफा बाजार ,सनी चौपाटी ,राम मंदिर चौक होते हुए जामा मस्जिद पहुंचे। वहां से इस रूट से समापन की ओर नया नगर में पहुंचे। मोहर्रम कमेटी के सदर मुजाहिद खान, नायब सदर फिरोज खान नेता, शहर सदर रईस कुरैशी, पूर्व पार्षद तस्लीम खान ,पूर्व सदर अकील खान, नईम शेख पत्रकार, अबरार पठान पत्रकार, अजीज सूफी पत्रकार, जाहिद अजमेरी, शहिद हेडली, निजाम बाबा, एवं समाजजन चल समारोह में मौजूद रहे। कमेटी द्वारा स्तंभ चौराहे पर समाज सेवी हेमंत सोनी एवं उनके साथियों का भी साफा बांधकर स्वागत किया गया। पुलिस प्रशासन भी अपनी व्यवस्था में चाक चौबन था वहीं एसडीएम सत्येंद्र बेरवा, एसडीओपी मनोहर गवली, एवं तहसीलदार कैलाश डामर भी चल समारोह के साथ रहे थाना प्रभारी राजेंद्र बर्मन अपनी टीम के साथ मौजूद रहे।

## पीएम श्री विद्यालयों के शिक्षकों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न








विनय उजाला

**इंदौर, नप्र। लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल तथा सीमेट के निर्देशानुसार जिले के समस्त पीएम श्री विद्यालयों के शिक्षकों के पांच दिवसीय प्रशिक्षण की श्रृंखला डाइट बिजलपुर इंदौर में आयोजित की गई।**

यह प्रशिक्षण 21वीं सदी के कौशल एवं सिटीजनशिप स्किल पर आधारित था। तीन चरणों में आयोजित इस प्रशिक्षण में जिले के 208 शिक्षकों ने सहभागिता की प्रशिक्षण प्राप्त किया। यह प्रशिक्षण 16 जून से 4 जुलाई तक आयोजित किए गए। तृतीय एवं अंतिम चरण 30 जून से 4 जुलाई 2025 संपन्न हुआ । इस अवसर पर पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी श्री मंगलेश व्यास, संस्थान की प्रभारी प्राचार्य शोभा शुक्ला,जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से श्री नरेंद्र जैन द्वारा सभी प्रतिभागियों एवं मास्टर ट्रेनर को प्रशस्तिपत्र प्रदान किए गए। संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन एवं संयोजन प्रशिक्षण प्रभारी श्रीमती ममता सक्सेना एवं श्रीमती रेखा शर्मा द्वारा किया गया।

## उत्कृष्टता को मिला सम्मान, मेधावी विद्यार्थी प्रोत्साहन एवं सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

**खरगोन, निप्र।** मेधावी विद्यार्थी प्रोत्साहन एवं सम्मान समारोह का मुख्य आयोजन 04 जुलाई को भोपाल में हुआ , जिसका जिला स्तर पर उत्कृष्ट विद्यालय हॉल में वर्चुअल प्रसारण किया गया। यहां विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का संबोधन भी सुना। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बच्चों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि कोई भी बाधा बच्चों की शिक्षा को बाधित नहीं कर सकती है, आपके सर्वांगीण विकास के लिए प्रदेश सरकार प्रयासरत है। आप उच्च शिक्षा प्राप्त करें, जनप्रतिनिधि भी बने और देश, प्रदेश और समाज के विकास में अपना योगदान दें। स्कूल शिक्षा मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह व जनजातीय कार्य विभाग मंत्री श्री विजय शाह ने भी बच्चों को अच्छी पढ़ाई करने के लिए प्रोत्साहित किया। मेघावी विद्यार्थी प्रोत्साहन अंतर्गत वन क्लिक के माध्यम से 25-25 हजार रुपए मेघावी विद्यार्थियों को सम्मान स्वरूप प्रदान किए गए।

## इंदौर जिले में सर्वाधिक 162 पात्र विद्यार्थी शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय बाल विनय मंदिर विद्यालय के रहे



विनय उजाला

**इंदौर, नप्र।** मध्य प्रदेश शासन की प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना अंतर्गत विद्यार्थियों को लैपटॉप हेतु राशि प्रदाय का मुख्य कार्यक्रम भोपाल में संपन्न हुआ। इंदौर जिले का कार्यक्रम शासकीय उत्कृष्ट बाल विनय मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पार्क रोड इंदौर में संपन्न हुआ।

इस कार्यक्रम में इंदौर विकासखंड के लगभग 700 लाभार्थी विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत सांसद श्री शंकर लालवानी, मुख्य कार्य पालन अधिकारी जिला पंचायत श्री सिद्धार्थ जैन, प्रभारी संयुक्त संचालक लोक शिक्षण संभाग इंदौर श्रीमती अनीता चौहान, संयुक्त कलेक्टर एवं जिला शिक्षा अधिकारी श्री विजय कुमार मंडलोई, विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती पूजा सक्सेना एवं अन्य उपस्थित सदस्यों द्वारा दीप प्रज्वलन कर की गई। पात्र छात्रों को प्रमाण पत्र एवं प्रतीकात्मक रूप से रु. 25000 राशि के चेक प्रदान किए गए। सांसद महोदय ने अपने उद्बोधन में सभी पात्र विद्यार्थियों को बधाई व स्नेहाशीष प्रदान किया। क्षेत्रीय विधायक श्री महेंद्र हार्डिया, क्षेत्रीय पार्षद श्री नंदकिशोर पहाड़िया, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रीना सतीश मालवीय, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री भरत सिंह पटेल एवं अन्य गणमान्य अतिथियों की उपस्थित में भोपाल में आयोजित मुख्य कार्यक्रम का सीधा प्रसारण सभी विद्यार्थियों को दिखाया गया। इस कार्यक्रम में सभी पात्र विद्यार्थियों के बैंक खाते में रु. 25000 की राशि अंतरित की गई। अतिथियों का स्वागत जिला शिक्षा अधिकारी महोदय एवं विद्यालय प्राचार्य श्रीमती पूजा सक्सेना ने किया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती सुनैना शर्मा ने किया। तकनीकी सहयोग धीरज खनूजा एवं लक्की धाकड़ ने किया। मंच व्यवस्था श्रीमती रीना जैन, कीर्ती गुरु एवं अनिता पाण्डे ने संभाली। आभार श्रीमती नमिता भोपालकर ने माना।

## खबर का हुआ असर

### इमलीपुरा में हुआ डामीरीकरण कार्य रोड़ में हुआ सुधार

राहुल गुप्ता



**राजपुर।** राजपुर में इमलीपुरा में रोड खराब हो गया था जिस पर नए सीएमओ जगदीश धानगड़ व नगर अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय अग्रवाल ने वार्ड का निरीक्षण किया था जिसमे एक दिन पूर्व गिट्टी के डंबर की वजह से हादसे में एक को चोट भी आई थी। जिसके पश्चात वार्ड 9 पार्षद उषा नानेश चौधरी व कॉंग्रेस जिला अध्यक्ष नानेश चौधरी व ब्लॉक अध्यक्ष सचिन जोशी व वार्ड वासियों ने धरना भी दिया था। जिस पर नगर परिषद सीएमओ ने आश्वासन देकर धरना खत्म करवाया था वहीं इसकी खबर प्रमुखता से लगाई गई थी जिस पर वार्ड में डामिरीकरण का कार्य प्रारंभ किया है एवं अन्य कार्यों के लिए भी जल्द से जल्द हो सके इसका आश्वासन दिया है। कार्य का निरीक्षण राजपुर नगर परिषद द्वारा नगर हित में तत्परता से डामरीकरण कार्य प्रारंभ करवाया गया जिसमें भाजपा मंडल अध्यक्ष कृष्णा धनगर, महामंत्री सोनू कुशवाह, नगर परिषद उपाध्यक्ष आकाश बर्मन और अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय अग्रवाल ,दीपक पटेल, व साथियों ने किया है।


### :: जाहिर सूचना ::

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि हमारे पक्षकार **श्रीमती आशा पति मानसिंह ( भाटी ) जाति भील ( अजजा ) निवासी - ग्राम बाकानेर तह. महेश्वर म.प्र.** के द्वारा मालिकी, स्वत्व एवं कब्जे की वर्तमान में हमारे पक्षकार द्वारा संचालित होटल निर्मल पैलेस जो ए.बी. रोड़, नेशनल हाइवे नं. 52 पर, ग्राम दुगनी तह. धरमपुरी जिला धार के सर्वे नं. 129/2 कुल रकबा 0.506 हैक्टर व्यपवर्तित भूमि पर तीन मंजिला निर्मित होकर तल मंजिल पर रेस्टोरेन्ट एवं द्वितीय-तृतीय मंजिल लॉजिंग को विक्रय कर रहे है। कोई भी व्यक्ति व संस्था सदर संपत्ति को क्रय करना चाहते हो तो 15 दिवस की अवधि के भीतर संपर्क करें।

**आशा बाई पति मानसिंह भील ( भाटी )**
**निर्मल पैलेस, ग्राम दुगनी तह. धरमपुरी**
**मो. 9713013111, 9993766635**

### पश्चिम मध्य रेल

ई-निविदा सूचना

संख्या उप मु अभि-नि-III-भो-04-20025 दिनांक 01.07.2025

उप मुख्य अभियंता-III/निर्माण/पश्चिम मध्य रेल/भोपाल भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यो के लिए ई-निविदायें करते है। निविदा सं : उप मु अभि-III-भो-04-2025, कार्य का नाम लोकेशन सहित : (I) कि.मी. 188.00 से किमी 211.00 तक बैंको/कटिंग में शेष मिटटी का काम जिसमें कंबलिंग, छोटे पुल, बड़े पुल, गिटटी की आपूर्ति ओर अन्य विविध कार्य शामिल हैं, (ii) रानी कमलापति - ब्यावरा स्टेशन के बीच क्वार्टरों का निर्माण, (iii) रामगंजमंडी-भोपाल नई बीजी रेल लाइन परियोजना के संबंध में मध्य प्रदेश में झारखेड़ा, श्यामपुर, कुरावर, नरसिंहगढ़ और सोनकच्छ में कवर प्लेटफॉर्म और प्रीकास्ट यार्ड नालियों का निर्माण। निविदा का अनुमानित मूल्य (कीमत लाखो में) : 16734.52 लाख, बयाना राशी रुपये : 8517300.00, निविदा खुलने की तिथि : 25.07.2025, कार्य समापन अवधि (माह) : 15 माह हारवेस्ट एवं मानसून सत्र सहित, ई-निविदा का संपूर्ण विवरण वेबसाइट IREPS (www.ireps.gov.in) पर देखा जा सकता है एवं उप मुख्य अभियंता/निर्माण /पश्चिम मध्य रेल/हबीबगंज/ भोपाल के कार्यालय के सूचना पट पर भी उपलब्ध हैं ई-निविदा के अलावा और कोई निविदा मान्य नहीं है। निविदा कार वेबसाइट को निविदा खुलने की तिथी तक लगातार देखते रहे ताकि यदि कोई शुद्धिपत्र है तो उसकी जानकारी हो सके।

(हस्ता)
उपमुख्य अभियंता-III /निर्माण
पश्चिम मध्य रेल, भोपाल

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

### :: जाहिर सूचना ::

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **आराधना श्योराण पिता राजकुमार श्योराण** वर्तमान संपत्तिधारक **राधा आचार्य** के द्वारा झोन 22 राजस्व विभाग पर आवेदन प्रस्तुत कर मकान/भूखंड नंबर **545, पंचवटी कॉलोनी** पिन नं. **1004040677** संपत्ति का नामांतरण चाहा गया है। यह जाहिर सूचना प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि तय किया है। व्यक्ति बैंक संस्था अन्य को उक्त संपत्ति पर आपत्ति हो तो झोन-22 राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। अवधि पश्चात बिना प्रमाण पत्र प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी
झोन क्रमांक-22
नगर पालिका निगम इंदौर

### :: जाहिर सूचना ::

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **शुचि खोदरे** वर्तमान संपत्तिधारक **प्रमोद साहू** के द्वारा झोन 22 राजस्व विभाग पर आवेदन प्रस्तुत कर मकान/भूखंड नंबर **203 ( प्र. ) पैकी 77 समर पार्क** पिन नं. **1003125950** संपत्ति का नामांतरण चाहा गया है। यह जाहिर सूचना प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि तय किया है। व्यक्ति बैंक संस्था अन्य को उक्त संपत्ति पर आपत्ति हो तो झोन-22 राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। अवधि पश्चात बिना प्रमाण पत्र प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी
झोन क्रमांक-22
नगर पालिका निगम इंदौर

### :: जाहिर सूचना ::

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **श्री/श्रीमती सीमा पति देवेन्द्र दुबे** के द्वारा झोन 12 राजस्व विभाग पर आवेदन के साथ रजिस्ट्री, वसीयतनामा, वारिसनाते, शपथ-पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, लिंक दस्तावेज प्रस्तुत कर सर्विस/पिन नं.**1001116063, पता 23 व्यासफला, जूनी इंदौर** इंदौर पर नामांतरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक से 07 दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य संपत्ति पर आपत्ति हो तो झोन-12 राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। अवधि पश्चात बिना प्रमाण पत्र प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी
झोन क्रमांक-12
नगर पालिका निगम इंदौर

### :: जाहिर सूचना ::

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **श्री/श्रीमती छात्री छुगानी पति मनरेश छुगानी** के द्वारा झोन 12 राजस्व विभाग पर आवेदन के साथ रजिस्ट्री, वसीयतनामा, वारिसनाते, शपथ-पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, लिंक दस्तावेज प्रस्तुत कर सर्विस/पिन नं.**1001153728, पता 3-ए, झवेरी कॉलोनी** इंदौर पर नामांतरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक से 07 दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य संपत्ति पर आपत्ति हो तो झोन-12 राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। अवधि पश्चात बिना प्रमाण पत्र प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी
झोन क्रमांक-12
नगर पालिका निगम इंदौर

### :: जाहिर सूचना ::

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **श्री/श्रीमती गोरधन बलवानी पिता तेजुमल बलवानी** के द्वारा झोन 12 राजस्व विभाग पर आवेदन के साथ रजिस्ट्री, वसीयतनामा, वारिसनाते, शपथ-पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, लिंक दस्तावेज प्रस्तुत कर सर्विस/पिन नं.**1001131878, पता 123-मूल्ये टावर, प्लॉट क्रं. 164, एमजी रोड, इंदौर** इंदौर पर नामांतरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक से 07 दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य संपत्ति पर आपत्ति हो तो झोन-12 राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। अवधि पश्चात बिना प्रमाण पत्र प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी
झोन क्रमांक-12
नगर पालिका निगम इंदौर

### :: जाहिर सूचना ::

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **बतुक पिता सलमान अली स्टेशन वाला** द्वारा नामातंरण चाहा गया है। झोन 13 राजस्व विभाग पर आवेदन के साथ रजिस्ट्री, वसीयतनामा प्रस्तुत कर भूखण्ड **आई.डी. क्रं. 1003111320,** खाते पर वर्तमान दर्ज नाम **अबुजर पिता अब्दुल रसुल रस्सीवाला, पता 353/1/1, पालदा** का नाम दर्ज है। इस सूचना प्रकाशन के दिनांक से 7 दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उकत संपत्ति के नामांतरण में आपत्ति हो तो झोन 13 के राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। अवधि पश्चात बिना प्रमाण पत्र प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी
झोन क्रमांक-13
नगर पालिका निगम इंदौर

### :: जाहिर सूचना ::

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **ताहा पिता अबुजर रस्सीवाला** द्वारा नामातंरण चाहा गया है। झोन 13 राजस्व विभाग पर आवेदन के साथ रजिस्ट्री, वसीयतनामा प्रस्तुत कर भूखण्ड **आई.डी. क्रं. 1003111320,** खाते पर वर्तमान दर्ज नाम **अबुजर पिता अब्दुल रसुल रस्सीवाला, पता 353/1/1, पैकी पालदा** का नाम दर्ज है। इस सूचना प्रकाशन के दिनांक से 7 दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उकत संपत्ति के नामांतरण में आपत्ति हो तो झोन 13 के राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। अवधि पश्चात बिना प्रमाण पत्र प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी
झोन क्रमांक-13
नगर पालिका निगम इंदौर

### :: जाहिर सूचना ::

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **जोहरा पिता अबुजर रस्सीवाला** द्वारा नामातंरण चाहा गया है। झोन 13 राजस्व विभाग पर आवेदन के साथ रजिस्ट्री, वसीयतनामा प्रस्तुत कर भूखण्ड **आई.डी. क्रं. 1003111320,** खाते पर वर्तमान दर्ज नाम **अबुजर पिता अब्दुल रसुल रस्सीवाला, पता 353/1/1, पैकी पालदा** का नाम दर्ज है। इस सूचना प्रकाशन के दिनांक से 7 दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उकत संपत्ति के नामांतरण में आपत्ति हो तो झोन 13 के राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। अवधि पश्चात बिना प्रमाण पत्र प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी
झोन क्रमांक-13
नगर पालिका निगम इंदौर

### पश्चिम रेलवे

विविध कार्य

मंडल रेल प्रबंधक (डब्ल्यूए), पश्चिम रेलवे, छठी मंजिल, इंजीनियरिंग विभाग, मुंबई सेंट्रल, मुंबई-400 008 ई-टेंडर आमंत्रित करता है :

| क्र. सं. | निविदा सूचना क्रमांक और दिनांक | कार्य और स्थान | कार्य की अनुमानित लागत | ईएमडी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | BCT/25-26/137 dt.01/07/2025 | **विरार-जोरावासन सेक्शन :** सीनियर डीईएन/उत्तर के अधिकार क्षेत्र में दो वर्ष के लिए कूड़ा बीनना तथा मलबा, घास आदि हटाना। | ₹ 77,93,577.48 | ₹ 155900.00 |
| 2 | BCT/25-26/138 dt.01/07/2025 | मुंबई डिवीजन के विरार-सूरत सेक्शन पर बचे हुए अंतरालों में मेटल बीम क्रैश बैरियर का प्रावधान। | ₹ 21,94,99,747.06 | ₹ 1247500.00 |
| 3 | BCT/25-26/139 dt.01/07/2025 | **विरार-जोरावासन सेक्शन :** सीनियर डीईएन/उत्तर, मुंबई सेंट्रल डिवीजन के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत स्वीकृत ट्रैक कार्यों के संबंध में 60 किग्रा/60ईआई-आर260 रेल तथा 60 किग्रा 90यूटीएस की सिंगल शॉट क्रूसिबल के साथ वेल्डिंग का कार्य तथा वेल्डिंग भाग 60 किग्रा/60ईआई-आर260 तथा 60 किग्रा 90यूटीएस की आपूर्ति। | ₹ 3,01,19,233.55 | ₹ 300600.00 |

उपर्युक्त सभी निविदाओं के लिए प्रस्तुत करने की तिथि और समय : 29.07.2025, 15.00 बजे तक। खुलने की तिथि और समय : 29.07.2025 को 15.30 बजे। अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाएँ। 0352

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly हमें फॉलो करें: twitter.com/WesternRly

### पश्चिम रेलवे - रतलाम मंडल

W/623/5/1/NIT

इंजीनियरिंग विभाग - ई-टेंडर नोटिस

Ratlam / Date 02.07.2025

मंडल रेल प्रबंधक/मंडल कार्यालय (कार्यलेखा शाखा), पश्चिम रेलवे रतलाम भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिये "खुली निविदा" ई-निविदा के माध्यम से वेब-साईट www.ireps.gov.in पर आमंत्रित करते हैं। विवरण इस प्रकार है:-

| क्र. | ई-टेंडरिंग संख्या | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | बयाना राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि | Similar type of work | वेबसाईट पर अपलोड करने की तिथि | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1.<br>2. | RTM-2025-26-56 | **Indore-Dewas-Ujjain Section:** Improvement of drainage system at Subways/RUBs No.28A,32A, 73A, 76A and 91A and **Maksi- Dewas Section:** Improvement of drainage system at Subways/RUBs Nos. 12A,22A, 43A,20A and 26A to prevent water logging. | Rs. 4,47,11,462.64 | Rs. 3,73,600.00 | 12 Months | Any civil engineering work | 02.07.2025 | 28.07.2025 |
| | RTM-2025-26-61 | **Nagda-Ujjain Section:** Improvement of drainage system at Subways/RUBs to prevent waterlogging at RUB No. 13A,15A, 19A, 22A, 23A etc. | Rs. 2,31,55,726.37 | Rs. 2,65,800.00 | 10 Months | Any civil engineering work | 02.07.2025 | 28.07.2025 |

विस्तृत निविदा सूचना, अहर्ता शर्तें व अन्य शर्तें वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध हैं।

V/117

मंडल रेल प्रबंधक (कार्यलेखा) रतलाम मंडल, पश्चिम रेलवे

लाइक करें: facebook.com/WesternRly

### पश्चिम रेलवे-वडोदरा मंडल

विभिन्न इंजीनियरिंग कार्य

ई-निविदा सूचना संख्या: DRM-BRC 068 to 070 of 2025-26

भारत के राष्ट्रपति की ओर से और उनके लिए मंडल रेल प्रबंधक (WA/C), पश्चिम रेलवे, प्रतापनगर, वडोदरा - 390 004 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं:

| क्र. सं. | निविदा सं. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (₹ में) | बोली सुरक्षा जमा कराना (₹ में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | DRM BRC 068 of 2025-26. | **प्रतापनगर:** मौजूदा जीर्ण आरपीएफ बैरक के स्थान पर आरपीएफ बैरक का निर्माण, पुरुष व महिला कर्मचारियों के लिए अलग-अलग हॉल का प्रावधान, और प्रतापनगर वर्कशॉप में मल्टी लेवल पार्किंग भवन का विस्तार। | 2,72,04,746.33 | 2,86,000.00 |
| 2 | DRM BRC 069 of 2025-26. | **(जोन संख्या 13 वर्ष 2025-26)** - जोन संख्या 13 अर्थात जो सीनियर सेक्शन इंजीनियर/वर्क्स/प्रतापनगर के अधिकार क्षेत्र प्रतापनगर में स्थित प्रतापनगर मंडल रेलवे अस्पताल लिए 5,00,000.00 रुपये तक के नए कार्य तथा सभी साधारण मरम्मत एवं रखरखाव कार्य। (पुनः आमंत्रित) (आर-1) | 70,28,400.94 | 1,40,600.00 |
| 3 | DRM BRC 070 of 2025-26. | **वडोदरा डिवीजन:** सीनियर डीईएन साउथ बीआरसी के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत आकार (एम-25) और (एम-27) के लिए सिंगल पीस स्प्रिंग इंसर्टेड रीयूजेबल सेल्फ लॉकिंग स्टील नट उपलब्ध कराना और लगाना (पुनः आमंत्रित) (आर-1) | 2,58,16,324.54 | 2,79,100.00 |

**उपरोक्त सभी निविदाओं के लिए: निविदा जमा करने और निविदा खोलने की तिथि और समय:** निविदाएं दि. **25.07.2025** को **15.00 बजे** से पहले जमा कराना है और उसी दिन **15.30 बजे** खोली जाएगी। **वेबसाइट विवरण और सूचना बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा का पूर्ण विवरण देख सकते हैं:** वेबसाइट @ www.ireps.gov.in मंडल रेल प्रबंधक (WA/C) पश्चिम रेलवे, प्रतापनगर, वडोदरा- 390 004. 093

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly • हमें फोलो करें: twitter.com/WesternRly

### कार्यालय नगर पालिका परिषद धार (म.प्र.)

:: विज्ञप्ति ::

क्रमांक 3460/राजस्व/नामांतरण/2025

धार, दिनांक : 03-07-2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को विज्ञप्ति के जरिये सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार आवेदकों द्वारा भवन, खण्डहर (प्लाट), भूखण्ड पर रजिस्ट्री विक्रय पत्र, वंशानुक्रम, वसीयतनामा आधार पर कर संग्रहण के उद्देश्य से नामांतरण आवेदन पत्र मय दस्तावेज के उसे अपने स्वामित्व के लिए मध्यप्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 150 के अंतर्गत नामांतरण हेतु नगर पालिका परिषद धार जिला धार में आवेदन पत्र निकाय में प्रस्तुत किया है। अतएव इस संबंध में जिस किसी जन को प्रकरण में कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति जारी दिनांक से 30 दिवस की अवधि में प्रकरण में आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं, बाद समयावधि प्रकरण में कोई आपत्ति मान्य/श्रवण योग्य नहीं होगी। प्रकरण में आगामी कार्यवाही की जावेगी तथा आवेदक का नाम नियमानुसार अंकित किया जावेगा।

| क्रं. | वर्तमान स्वामी विक्रेता का नाम | क्रेता का नाम | वार्ड | भवन/क्रमांक | मोहल्ला भूखण्ड | प्रकरण क्रमांक | अंतरण होने के साधन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | मोहम्मद इश्तीयाक पिता सरदार | 1) मोहम्मद इश्तीयाक पिता सरदार 2) सईदा बी पति मोहम्मद इश्तीयाक | 22 | 4/2 | दत्त गली धार | 331/24x25 7/11 | रजिस्टर्ड स्वामित्व लेख |
| 2 | हेमन्त राव पिता स्व. जगदेव राव पंवार | किरण पति स्व. महेश कुमार शिन्दे 2) सईदा बी पति मोहम्मद इश्तीयाक | 2 | 161 | काशी बाग धार | 78/25x26 7/11 | रजिस्टर्ड वसीयतनामा |
| 3 | अशोक कुमार पिता स्व. शंकर सिंह | 1) प्रकाशचन्द्र पिता धरमचन्द 2) टिना पति प्रकाश जैन | 5 | 28 | लक्ष्मीबाई मार्ग जनता कॉलोनी, धार | 89/25x26 7/11 | रजिस्ट्री |
| 4 | अशोक कुमार पिता स्व. शंकर सिंह | 1) प्रकाशचन्द्र पिता धरमचन्द 2) टिना पति प्रकाश जैन | 5 | 27 | लक्ष्मीबाई मार्ग जनता कॉलोनी, धार | 90/25x26 7/11 | रजिस्ट्री |
| 5 | 1) अरविन्द कुमार पिता हरिनारायण 2) सुन्दा पति अविन्द्र | शारदा पति जगदीश कांकरवाल | 10 | 23/15 का भाग | तिरुपति नगर कॉलोनी, धार | 92/25x26 7/11 | रजिस्ट्री |
| 6 | छतरसिंह पिता बालूसिंह | 1) रवि ठाकुर पिता कवरसिंह 2) चन्दन सिंह पिता छतरसिंह | 2 | 8 | विवेकानन्द मार्ग गली नंबर 2, धार | 97/25x26 7/11 | वंशानुक्रम शपथ पत्र |
| 7 | 1) विश्वास 2) अविनाश पिता नरेन्द्र सिंह | रोहित मौर्य पिता गोपाल मौर्य | 14 | 123 का भाग | राजेन्द्र मार्ग, धार | 98/25x26 7/11 | रजिस्ट्री |
| 8 | मोती सिंह पिता क्षवण सिंह | 1) जीवन सिंह 2) अजित सिंह 3) अजय सिंह 4) प्रेमसिंह पिता मोतीसिंह | 1 | - | नौगांव भोई बाखल धार | 101/25x26 7/11 | वंशानुक्रम शपथ पत्र |
| 9 | चन्द्रशेखर पिता कृष्णराव फडनीस | ममता पाण्डे पति प्रवीण पाण्डे | 8 | 140/141 का भाग | सुन्दरवन कॉलोनी, धार | 107/25x26 7/11 | रजिस्ट्री |
| 10 | अवधेश पिता शेषनारायण तिवारी | 1) शांतिलाल पिता दुलीचन्द्र 2) लीलादेवी पति शांतिलाल | 10 | 43/44 | तिरूपति नगर कॉलोनी, धार | 108/25x26 7/11 | रजिस्ट्री |
| 11 | चन्द्रशेखर पिता कृष्णराव फडनीस | 1) अरूणा पति कैलाशचन्द्र निगम 2) शिवानी पिता कैलाशचन्द्र निगम पति सोमेश सक्सेना | 10 | 150 | सुन्दरवन कॉलोनी, धार | 114/25x26 7/11 | रजिस्ट्री |
| 12 | मनोज पिता स्व. शंभुनारायण जोशी | प्रियांशु सोलंकी पिता मुन्ना सेठ सोलंकी | 6 | 34 | सरोजनी मार्ग हर्जीफल्या धार | 116/25x26 7/11 | रजिस्ट्री |
| 13 | कलाबाई पति छोगालाल | सीमा पति रामप्रसाद परमार | 3 | 120/अ | बंदीछोड़ मार्ग, धार | 150/25x26 7/11 | रजिस्ट्री |
| 14 | संदीप पिता स्व. कालिका सिंह चौहान | आयुषी जोशी पिता अरविन्द जोशी | 15 | 62/46 | लाजपतराय मार्ग, धार | 120/25x26 7/11 | रजिस्ट्री |
| 15 | नंदराम पिता बसंतीलाल | शिवनारायण पिता बसंतीलाल जैन | 15 | 135/3 | राजेन्द्र मार्ग, धार | 126/25x26 7/11 | वंशानुक्रम शपथ पत्र |
| 16 | 1) प्यारेलाल पिता मानसिंग 2) सवदीयाबाई पति स्व. मनीराम | 1) कमल यादव 2) राहुल यादव पिता प्यारेलाल यादव | 12 | 26/1 का भाग | ब्रजग्राम मगजपुरा, धार | 149/25x26 7/11 | रजिस्टर्ड दान पत्र |

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद, धार म.प्र.

## संक्षिप्त समाचार

### मिर्ची मंडी में डेढ़ सौ पौधों का वृक्षारोपण किया



**धामनोद, निप्र।** स्थानीय जैतापुर मिर्ची मंडी में सचिव एम एस चौहान के निर्देश में डेढ़ सौ पौधों का वृक्षारोपण किया गया वहीं पर अनाज व्यापारी एसोसिएशन के अध्यक्ष पूर्णाशंकर पाटीदार मिर्ची मंडी एसोसिएशन के अध्यक्ष पारस मुकाती सहित मंडी कर्मचारी एवं अधिकारी गण एवं अन्य व्यापारी उपस्थित थे जानकारी देते हुए मंडी के जीपी प्रजापति ने बताया कि पूर्व में भी व्यापारियों और मंडी कर्मचारियों द्वारा धामनोद मंडी में वृक्षारोपण किया गया था जिसमें से कई पौधे आज हरे भरे वृक्ष बन चुके है।

### विधायक डॉ.हिरालाल अलावा ने रासायनिक खाद की आपूर्ति हेतु मुख्यमंत्री को पत्र लिखा, कलेक्टर कार्यालय पर करेंगें धरना प्रदर्शन

**बाकानेर, (सैयद रिजवान अली)।** धार जिले के मनावर विधानसभा क्षेत्र में यूरिया,डीएपी और इफको खाद की समस्या बनी हुई है, क्षेत्र के गरीब किसानों को महंगे दामों पर बाजार से खरीदना पड़ रहा है, इस समस्या को लेकर मनावर



विधायक डॉ. हिरालाल अलावा ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखकर क्षेत्र में रासायनिक खाद की आपूर्ति की मांग की है। आपने पत्र में डॉ. अलावा ने लिखा कि धार जिले के मनावर-उमरबन विकासखंड में खाद की गंभीर समस्या पैदा हो गई है। किसान खरीफ के फसलों की बुवाई कर चुके है। इसमें कपास, मक्का, सोयाबीन, मूंग और चवला की बुवाई की गई, जो अब फसलें खड़ी हो गई है। इस मौके पर किसानों को यूरिया, डीएपी और इफको खाद की सख्त जरूरत है। सहकारी समितियों में खाद नहीं होने के कारण गरीब किसानों को काफी आर्थिक नुकसान उठाकर निजी दुकानों से खाद खरीदनी पड़ रही है। बहुत से किसान आर्थिक समस्या के कारण खाद खरीदने में असमर्थ हैं और खड़ी फसलों के बर्बाद होने के डर में जी रहे हैं। आपसे आग्रह है कि किसानों की समस्याओं को देखते हुए जल्द से जल्द यूरिया, एपी और इफको खाद की आपूर्ति करने बाबत कार्यवाही करें। सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर उपरोक्तानुसार कार्यवाही करने का कष्ट करें। इस संबंध में मनावर विधायक डॉ. हिरालाल अलावा ने कहा कि इस संबंध में मुझे लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही है मैंने माननीय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, तथा धार कलेक्टर प्रियंक मिश्र जी को भी पत्र लिखकर और फोन पर चर्चा कर अवगत करा दिया है बावजूद इसके खाद की समस्या का समाधान नहीं हो रहा है, अगले 2-4 दिनों में यदि समस्या का समाधान नहीं होता है तो क्षेत्र के किसान भाईयों से चर्चा कर तारीख तय कर किसान भाईयों के हित में कलेक्टर कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

### बीच बाजार में होता है सौदा जबकि आईटीआई क्षेत्र में भरता है बकरा बाजार

**धामनोद, निप्र।** नगर में शुक्रवार के दिन आईटीआई क्षेत्र में बकरा बाजार भरता है वहां पर आसपास के ग्रामीण अपने बकरियों को लेकर खरीदने व बेचने के लिए आते हैं लेकिन इन दिनों बाहरी क्षेत्र से आए व्यापारी बाजार में खरीदारी न कर नगर के बीचो-बीच इन बकरियों की खरीददारी कर रहे हैं जिससे स्थानीय रहवासी परेशान



परहवासियों के बताए अनुसार जैसे ही कोई ग्रामीण अपने बकरा बकरियों को लेकर नगर में आते है तो खरीदार उन पर टूट पड़ते हैं तथा भ्रामक बातों में उलझा कर खरीददारी करने की कोशिश करते हैं जबकि नियमानुसार उपरोक्त पशुओं की खरीदारी बाजार में ही होना चाहिए इस प्रकार रोड पर खरीदारी करने से अब स्थानीय रहवासी परेशान है कई रहवासी ने बताया कि यह खरीदार इतनी जोर जोर से चिल्लाते हैं कि घर से निकल कर बाहर तक आना पड़ता है वहीं भोले-भाले ग्रामीण भी इन खरीदारों के चक्कर में आकर ठग जाते हैं आईटीआई संजय नगर क्षेत्र में तो शुक्रवार के दिन लोगों को भारी मशक्कत का सामना करना पड़ता है यहां तक कि कई लोग अपने घर के दरवाजे तक बंद कर लेते है।

### मनोज पाठक रोटरी क्लब 'मेन' अध्यक्ष एवं डॉ. अंकित गुप्ता क्लब सचिव मनोनीत

**झाबुआ,निप्र।** रोटरी क्लब के नवीन सत्र का शुभारंभ 1 जुलाई से हो चुका है। नवीन सत्र में रोटरी क्लब 'मेन' अध्यक्ष मनोज पाठक एवं सचिव डॉ. अंकित गुप्ता मनोनीत



हुए है। जानकारी देते हुए क्लब मीडिया प्रभारी दौलत गोलानी ने बताया कि यह मनोनयन वरिष्ठ रोटेरियन्स की अनुसंशा पर वर्ष 2025-26 के लिए किया गया है। नवीन वर्ष में क्लब द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य के साथ सामाजिक, रचनात्मक क्षेत्र में कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। वर्षभर विभिन्न गतिविधियों की जाएगी। साथ ही क्लब का विस्तार भी किया जाएगा। क्लब के नवीन अध्यक्ष मनोज पाठक एवं सचिव डॉ. अंकित गुप्ता ने बताया कि आगामी 15 जुलाई को अंजना मंडल वस्त्रपुर अहमदाबाद एवं लाइंड वेलफेयर एसोसिएशन दाहोद द्वारा रोटरी क्लब 'मेन' के माध्यम से सामाजिक न्याय विभाग एवं दिव्यांग शक्तिकरण केंद्र के अधिकारियों की उपस्थिति में जिले में चयनित करीब 100 दिव्यांगजनों को रोजगार हेतु सिलाई मशीन, पंचर मशीन जैसी कई अन्य उपयोगी सामग्री प्रदान की जाना है।

# असफलता से घबराने की बजाय उसे सीख के रूप में लें : कलेक्टर मिश्रा

## 1954 विद्यार्थियों को मिली लैपटॉप राशि, विधायक नीना वर्मा और कलेक्टर प्रियंक मिश्रा रहे उपस्थित

विनय उजाला





**धार,निप्र।** जिले के मॉडल स्कूल परिसर में 'प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना' अंतर्गत आयोजित भव्य कार्यक्रम में जिले के 1954 विद्यार्थियों को लैपटॉप हेतु प्रोत्साहन राशि का अंतरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक नीना वर्मा और कलेक्टर प्रियंक मिश्रा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे सभागार से आयोजित राज्य स्तरीय समारोह के लाइव प्रसारण के साथ हुआ।

विधायक नीना वर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह योजना विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की नींव है। सरकार द्वारा मुहैया कराई गई इस सुविधा से आप अपने सपनों को साकार करें। सफलता की राह में आने वाले रोड़ों पर ध्यान न दें, केवल अपनी मंजिल पर केंद्रित रहें। विशेष रूप से बेटियों की उपलब्धियों पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि बेटियों ने जिस तरह से उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है, वह हम सभी को गौरवान्वित करने वाला है। विधायक ने यह भी कहा कि सरकार विद्यार्थियों के शैक्षिक उत्थान के लिए हर संभव सहायता उपलब्ध करा रही है, अब आवश्यकता केवल इस बात की है कि विद्यार्थी इन सुविधाओं का लाभ लेकर आगे बढ़ें। इस अवसर पर कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने भी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि लैपटॉप के लिए मिली यह यह राशि केवल एक आर्थिक सहयोग नहीं बल्कि उनके भविष्य निर्माण का साधन है। छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा, आपका उपयोग शिक्षा में बेहतरी के लिए करें,चाहे वह ऑनलाइन कोर्स हों, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे भविष्य के पाठ्यक्रम हों या तकनीकी दक्षता बढ़ाने वाले अन्य माध्यम। विद्यार्थियों को असफलता से घबराने की बजाय उसे सीख के रूप में लेने की सलाह दी और लगातार प्रेरित रहकर मेहनत करने का संदेश दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों, अभिभावकों, शिक्षकों और अधिकारी-कर्मचारियों की उपस्थिति रही।



## लैपटॉप वितरण कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने की ऑनलाइन सहभागिता

विनय उजाला

**बाग,निप्र।** शासन द्वारा प्रारंभ की गई प्रतिभावान विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना अंतर्गत वर्ष 2024-25 में कक्षा 12वी में 75 प्रतिशत अंक प्राप्त होने पर लेपटॉप क्रय हेतु 25 हजार की राशि शासन द्वारा प्रदान की जाती है। इसी योजना का लाभ राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के द्वारा वन क्लिक के माध्यम से संपूर्ण मध्यप्रदेश के समस्त 75प्रश अंक प्राप्त करने वाले प्रतिभाशाली छात्रों को उनके खातों में राशि हस्तांतरित की गई। कार्यक्रम लाईव प्रसारित किया गया। शासकीय सांदिपनी विद्यालय बाग के छात्र-छात्राओं ने वर्चुअल कक्ष में इस कार्यक्रम में अपनी सहभागिता की। संस्था प्राचार्य डी.एस.बघेल ने छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शासन की इस योजना से प्राप्त राशि से लेपटॉप क्रय कर उच्च कक्षाओं में ओर रुचि से अध्ययन करेंगे। कार्यक्रम में सरपंच धर्मेंद्र बामनिया,मंडल अध्यक्ष सुरेश सिसोदिया, पत्रकार बृजमोहन जाजू, शहजाद खान भारती, धर्मेंद्र सोलंकी लक्ष्मीनारायण पंवार, वंदना नायक एवं समस्त शाला स्टाफ उपस्थित रहा।

**इन स्टूडेंट्स को मिलेगा 25-25 हजार रुपये :** इन विधार्थियों मे मलिक खान , प्रांजल डावर , आदित्य अमेरिया, ख्यालू मानधन्या,निकिता सूर्यवंशी, और माडल स्कूल से शिवानी डिंडोनिया, और दिव्या सिसोदिया,शामिल है ।कार्यक्रम मे उपस्थित शिवाजी और दिव्या का विधालय कि शिक्षिकाओं ने पुष्पहार पहनाकर सम्मान किया इन दौनो छात्राओ के खाते मे राशि भेजि गई है लेपटॉप राशि खाते मे आने पर छात्राओ ने प्रशंसा जाहिर कि ओर मुख्यमंत्री का आभार माना ।

## उचित मूल्य की दुकान पर एक सप्ताह से नहीं आया स्टाक, ग्राहक परेशान

विनय उजाला




**बाग,निप्र।** शासन ने इस बार शासकीय उचित मूल्य की दुकानो मे मीलने वाले राशन को लेकर बारिश के चलते तीन माह के एक साथ राशन देने के आदेश जारी कीए गये । उसी को लेकर शासकीय उचित मूल्यो की दुकानो पर जून जुलाई अगस्त का राशन एक साथ हितग्राहीयो को वितरण भी किया जा रहा है । मगर फिलहाल राशन दुकानो पर राशन नही आने से एक सप्ताह उपर से ग्राहक परेशान है ।सुबह से जाकर राशन दूकान पर राशन लेने के लिए लाईन लगा रहे है ।मगर राशन नही हौने से सेल्समेन दुकाने भी नही खोल रहे है ।जिसके कारण ग्राहक इंतजार के बाद वापस खाली हाथ लोट रहे है ।जबकी 30 जून तक यह राशन वितरण करना था मगर 4 जुलाई तक सोसायटी पर राशन नही पहूचा है ।दूकान के संचालक रुखड़ीया भाई ने बताया की हम रौज स्टाक भेजने के लिए आगे बात कर रहे है मगर कोई संतुष्ट पुर्ण जवाब नही मील रहा हे ।हमे भी नही पता हे कि राशन कब आएगा राशन आजाए तो हम आज वितरण चालू कर दे । सोसायटी मे राशन सप्लाई करने वाले ठेकेदार से इस संबंध मै चर्चा की गई तो उनके द्वारा बताया गया ।राशन दुकानो मै 3 माह का राशन पहुचाना है ओर मेरे पास साधन उपलब्ध नही है मेरे पास दो वाहन है ।इसिलिए पूर्ति नहीं कर पा रहा हू ओर अलग से इसका कुछ आता भि नही हैं जो दुसरे वाहन से स्टाक भेज दिया जाए मगर मेरा प्रयास है जल्दी हि स्टाक पहुचाने का प्रयास करुगा ।

## चेक पोस्ट बंद होने के बाद भी परेशान हैं ट्रक चालक

### एसोसिएशन की टीम गोपनीय रूप से जांच करने पहुंची तो बार्डर पर हुआ खुलासा

विनय उजाला

**धामनोद,निप्र।** राज्य शासन ने सभी परिवहन चेक पोस्टों को बंद करने के निर्देश विगत वर्ष जारी कर दिए थे उसके बाद चेक पोस्ट पर भारी वाहनों को रोकना बंद हो गया था लेकिन कुछ माह भी यह क्रम नहीं चला और ट्रक चालकों की परेशानी फिर सामने आने लगी क्षेत्र के ट्रक चालक फिर गुजरात की ओर माल ले जाने से परहेज करने लगे जब मालिकों ने इसका कारण पूछा तो ट्रक चालकों ने बताया कि गुजरात के पिटोल चांदपुर और अन्य बॉर्डर पर आज भी ट्रक चालकों को रोक कर जबरन परेशान किया जाता है। महीने की एंट्री मांगी जाती है जबकि नियमानुसार चेक पोस्ट बंद हो चुके हैं और किसी भी चेक पोस्ट पर ट्रक चालकों को रोका नहीं जा सकता।




**संगठन की टीम पहुंची चांदपुर और पिटोल, बार्डर देखकर दंग रह गए**

लगातार ट्रक चालकों की शिकायत मिलने पर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के सीएल मुकाती के नेतृत्व में ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के महेश सोडानी नीलेश परवाल और अन्य ट्रक व्यवसायी गुरुवार पिटोल और चांदपुर बॉर्डर पहुंचे वहा उन्होंने ट्रक चालकों को बॉर्डर पर रोकने का वीडियो बनाया और सोशल मीडिया पर वायरल किया उपरोक्त संदर्भ में ट्रक मालिको ने बताया कि बॉर्डर पर ट्रक चालको को नियम के विरुद्ध रोका जा रहा है साथ चालकों को मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है चेकिंग के नाम पर वाहन चालकों से वसूली की जा रही है स्थायी रूप से बिना किसी परमिशन के नेशनल हाइवे पर टेंट तंबू लगाकर वाहनों की जांच की जा रही है जबकि नियमानुसार चेक पोस्ट बंद होने के बाद सिर्फ अधिकारी रोड पर ही ट्रकों की जांच कर सकते है विरोध करने पर ट्रक चालकों से बॉर्डर पर गुंडागर्दी की जा रही है बॉर्डर पर पहुचे संगठन के सदस्यों ने सभी दूर के वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कीये और जिम्मेदारों को अवगत कराया।

**सदस्यों और ट्रक मालिकों को देखकर मौजूद अधिकारी घबराने लगे**

पिटोल बॉर्डर पर संगठन को सदस्यों के आने की भनक जब मौजूद अधिकारियों को लगी तो वह घबराने लगे और नियमअनुसार जांच की बात करने लगे यही नहीं बॉर्डर पर करीब 10 से अधिक ट्रक ट्रकों को बेवजह खड़ा कर जांच की जा रही थी यह सब खुले आम हो रहा था लेकिन उन्हें कोई रोकने वाला नहीं था संगठन के सदस्यों ने अब इसकी शिकायत मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री से करने की बात कही है।

**इनका कहना है...**

बॉर्डर पर ट्रक चालकों को फिर परेशान करने की सूचना मिल रही थी इसकी शिकायत सामने आई है ट्रक चालकों को परेशान करने वालों की उच्च स्तरीय शिकायत करेंगे

– सीएल मुकाती, मैनेजिंग कमेटी मेंबर, ट्रांसपोर्ट संगठन

## आधार कार्ड सेंटरों पर लग रही लंबी-लंबी कतारें, दूरदराज से ग्रामीण पहुंच रहे आधार कार्ड बनवाने

मनोज पुरोहित

**पेटलावद,निप्र।** हर सरकारी के साथ अब निजी कामकाज में भी प्रयोग में आने वाले महत्वपूर्ण दस्तावेज के रूप में आधार कार्ड अनिवार्य हो चुका है और अब आधार कार्ड हमारी पहचान बन चुका है ,जीने का मुख्य आधार आधार कार्ड बन चुका है ,ओर इस पहचान को बनाए रखने के लिये आम आदमी को कड़ी मशक्कत करना पड़ रही है।

**हर जगह हुआ अनिवार्य :** इन दिनों पेटलावद तहसील मुख्यायल के सभी आधार कार्ड सेंटरों पर आधार कार्ड बनाने के लिये ग्रामीणों की भीड़ उमड़ रही है क्योंकि आधार कार्ड अनिवार्य है चाहे शिक्षा के क्षेत्र में हो ,बैंकिंग ,केवायसी, पेन्शन, गेस सब्सिडी, लोक सेवा केंद्र ,टिकिट बुकिंग, पोस्ट ऑफिस, सोसायटी ,किसान क्रडिट कार्ड, या अन्य कोई भी कार्य हो आधार कार्ड की आवश्यकता हर जगह है ।




**शैक्षणिक सत्र की हुई शुरुआत, दूरदराज से पहुच रहे अल सुबह ग्रामीण :** तहासिल मुख्यालय के आधार कार्ड सेंटरों पर जो यह भीड़ देखी जा रही है ,यह कोई हाट बाजार की भीड़ नहीं है यह भीड़ आधार कार्ड बनाने वालों की भीड़ उमड़ पड़ी है क्योंकि शैक्षणिक सत्र चालू हो चुका है पालकों को अपने बच्चों के लिए स्कूलों में जो एडमिशन करवाना है । इसके चलते ग्रामीण लोग बड़ी संख्या में अपने बच्चों को लेकर आधार कार्ड बनाने के लिये 10 से 30 किमी की लंबी यात्रा कर पहुच रहे है ।

**लग रही कतारें**

ग्रामीणों की लंबी लंबी लाइन सुबह 6- 7 बजे से ही लगना शुरू हो जाती है यदि इनका फिर भी आधार कार्ड नहीं बनता है तो यही ग्रामीणों के द्वारा अपनी जूते चप्पलों की रात में ही लाइन लगाकर अगले दिन के लिए छोड़ जाते हैं ।वही सेंटर वाले भी व्यवस्था बनाये रखने हेतु टोकन सिस्टम अपना रहे है।

**बार-बार करना पड़ता है सुधार**

अक्सर आधार कार्डो में क़ई गलतिया हो रही किसी का नाम गलत तो किसी की जन्म दिनांक या पता गलत हो जाता है, किसी के कार्ड में स्पेलिंग मिस्टेक हो जाती है ।जिसको सुधारने ओर अपडेट करने के लिये भी आमजन को बार बार सेंटर के चक्कर लगाने को मजबूर होना पड़ता है ,जिसके चलते भी सेंटर पर भीड़ बढ़ जाती है ।इसका जवाब किसी के पास नही या तो जो कार्ड बना रहे वे गलती कर रहे या जान बूझकर हो रहा ?या फिर ऐसा तो नही की आधार के एप्प, कम्पनी ,सरकार ओर निजी लोगों को कोई फायदा हो रहा हो और जनता परेशान होती रहे।



## गौशाला संचालन एवं संवर्धन पर बैठक सम्पन्न

विनय उजाला

**धार,निप्र।** कलेक्टर एवं जिला गोपालन एवं पशुधन संवर्धन समिति के अध्यक्ष प्रियंक मिश्रा की अध्यक्षता में जिले में संचालित गौशालाओं की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में सीईओ अभिषेक चौधरी सहित समिति के सचिव एवं उप संचालक डॉ. राकेश सिंह सिसोदिया तथा जिले की विभिन्न गौशालाओं के संचालकगण उपस्थित रहे।

**अब नई राशि मिलेगी :** बैठक में जानकारी दी गई कि जिले में कुल 33 अशासकीय और 32 शासकीय पंजीकृत गौशालाएं संचालित हैं, जिनके खातों में गोसंवर्धन बोर्ड भोपाल द्वारा नियमित रूप से अनुदान राशि ऑनलाइन जमा की जा रही है। 4 अशासकीय गौशालाएं अभी पंजीकृत नहीं हैं, जिनकी पंजीयन प्रक्रिया प्रचलित है। मनरेगा अंतर्गत 62 स्वीकृत गौशालाओं में से 58 पूर्ण हो चुकी हैं, शेष 4 में

**कलेक्टर ने दिए अहम निर्देश- गोशाला की भूमि पर औषधीय पौधे रोपे जाएंगे**

कार्य प्रगति पर है। डॉ. सिसोदिया ने बताया कि अनुदान प्राप्त करने के लिए गौशाला में कम से कम 100 गौवंश होना अनिवार्य है। मार्च 2025 तक प्रतिगौवंश 20 प्रतिदिन की दर से अनुदान दिया जा रहा है, जो अप्रैल 2025 से 40 प्रतिदिन कर दिया जाएगा। इसमें 5 श्रमिक, 15 पशु आहार एवं 20 चारा-पानी के लिए निर्धारित किए गए हैं।

**अतिक्रमण मुक्त रहे गोशाला :** बैठक में संचालकों ने शासन की योजनाओं व सहायता पर संतोष जताया तथा गौशाला भूमि पर अतिक्रमण के मुद्दे उठाए। इस पर कलेक्टर ने संबंधित गौशालाओं से भूमि विवरण प्रस्तुत करने को कहा तांकि अतिक्रमण मुक्त अभियान चलाया जा सके। देवीखेड़ा, तहसील सरदारपुर स्थित गौशाला पर हो रहे अतिक्रमण का भी विशेष संज्ञान लिया गया।

## प्रखर प्रज्ञा सजल श्रद्धा पुनर्स्थापना एवं पंचकुंडीय गायत्री महायज्ञ प्रारंभ, भव्य मंगल कलशयात्रा निकली

# 'हम बदलेंगे, युग बदलेगा' नारों से गूंज उठा सिंघाना

आकाश पांडेय

**सिंघाना, निप्र।** अखण्ड दीप मातृशक्ति जन्मशताब्दी शक्ति संवर्धन प्रखर प्रज्ञा सजल श्रद्धा पुनर्स्थापना एवं पंचकुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन गायत्री शक्तिपीठ सिंघाना पर चार दिवसीय आयोजन आज से प्रारंभ हुआ। जिसके उपलक्ष्य में शुक्रवार प्रथम दिन को भव्य मंगल कलश शोभायात्रा निकाली गई।





मंगल कलश यात्रा सीरवी मोहल्ले में स्थित आई माता मंदिर में विधि विधान से पूजा व मा गायत्री की आरती के आई माता मंदिर से कलश यात्रा प्रारंभ होकर शिवाजी मार्केट होते हुए टंकी चौराहे से मेन रोड होते हुवे, कुक्षी रोड गायत्री शक्तिपीठ पर पहुंचि। कलश यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया कलश यात्रा में बड़ी संख्या में पितवस्त्र धारी मातृशक्ति सर पर मिट्टी का कलश रख पंक्ति बद्ध होकर जय घोष के साथ शामिल हुई। गाजे-बाजे के साथ निकली कलश यात्रा में रथ पर मां गायत्री स्वरूपा तीनों कन्याएं विराजित हुई। हम बदलेंगे, युग बदलेगा। प्राणियों में सद्भावना हो, विश्व का कल्याण हो जैसे मंगलमय नारों से वातावरण गुंज उठा। जिससे नगर सिंघाना का माहौल भक्तिमय हो गया। कलश यात्रा के समापन के पश्चात ऋषिसंदेश में भारतीय अध्यात्म, वेद गायत्री, यज्ञ, भारतीय संस्कृति, जीवन जीने की कला, हमारा जीवन सुखी एवं निरोगी कैसे बने इसके बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

गायत्री परिजन, ग्रामवासी एवम् आसपास के गांवों से पधारे भक्तजन संकीर्तन करते हुए यात्रा में सम्मिलित हुए। गायत्री शक्तिपीठ सिंघाना के आचार्य ने बताया कि पिछले लगभग 20 दिनों से क्षेत्र के 30 से ज्यादा ग्रामीण क्षेत्रों में दीप यज्ञ के माध्यम से कलश यात्रा व संपूर्ण आयोजन का निमंत्रण दिया गया था। आचार्य ने बताया कि पिछले चार दिनों तक धार्मिक अनुष्ठान व आयोजन होंगे जिसमें हरिद्वार से संत शामिल भी होंगे। शनिवार को प्रात: 8.00 बजे से पंचकुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं विभिन्न संस्कार होंगे । दोपहर में कन्या कौशल एवं युवा कौशल प्रशिक्षण होगा। एवं रात्रि कालीन ऋषिसंदेश होगा। रविवार को प्रात: 8.00 बजे से 11.00 बजे तक पंचकुंडीय यज्ञ एवं विभिन्न संस्कार होंगे। दोपहर में प्रबुद्ध वर्ग की गोष्ठी संपन्न होगी। एवं रात्री में गायत्री धाम जामली से पधारे पण्डित मेवालाल जी द्वारा ऋषिसंदेश होगा। सोमवार प्रात: देवसंस्कृति विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति परम आदरणीय श्री चिन्मय जी पंड्या के द्वारा प्रखर प्रज्ञा सजल श्रद्धा की पुनर्स्थापना एवं विशेष पूजन होगा। तत्पश्चात यज्ञ एवं विभिन्न संस्कार होंगे। कार्यक्रम की पूर्णाहुति 12.00 बजे होगी। तत्पश्चात भोजन प्रसादी का आयोजन किया जाएगा।

## सहकारी कृषि मेले का आयोजन किया गया

**अलीराजपुर।** अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के अंतर्गत सहकारिता विभाग तथा जिला सहकारी बैंक झाबुआ के मार्गदर्शन में विपणन सहकारी समिति मर्यादित जोबट परिसर में सहकारी कृषि मेले का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अथिति उपसंचालक कृषि विकास श्री सज्जन सिंह चौहान तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी सहकारिता विभाग श्री जी. एल. सोलंकी द्वारा की गई । कार्यक्रम के दौरान श्री चौहान ने कृषि से संबंधित जानकारी व मिट्टी परीक्षण का महत्व बताया उसके उपरांत उपायुक्त श्री सोलंकी ने सहकारी विभाग की योजना व अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। अंत में शाखा प्रबंधक श्री जवानसिंह सोलंकी द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### रात्रि में दुकान का ताला तोड़ कर चोरी करने वाले आरोपी धराए, 20,000/- रुपए जब्त कर एक आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**सतवास/देवास, निप्र।** फरियादी ने 1 जुलाई को थाना आकर रिपोर्ट दर्ज करवाई कि उसकी फूट वेयर की दुकान पर से 30 जून से 1 जुलाई की रात्रि को किसी अज्ञात चोर ने रुपए चुरा लिए। एसपी पुनीत गेहलोद के द्वारा आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया। जिस पर से थाना प्रभारी सतवास बी.डी.बीरा के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। विशेष टीम के द्वारा तकनीकी साक्ष्य, भौतिक साक्ष्य एवं मुखबिर तंत्र सक्रिय कर आसपास के सीसीटीव्ही फुटेज चैक किए गए। तकनीकी एवं मुखबिर साक्ष्य के आधार पर आरोपी अमन पिता रामाधार उर्फ कालू जगधाप कहार उम्र 19 साल निवासी वार्ड क्रमांक 5 सतवास को गिरफ्तार कर पूछताछ करते आरोपी द्वारा चोरी करना स्वीकार किया गया। पुलिस द्वारा आरोपी के कब्जे से चोरी गये 20,000/ रुपए जब्त कर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

### ऐतिहासिक हुसैनी इज्तिमा 19 जुलाई को होगा : शहर क़ाज़ी अशरफ़ी



**देवास, निप्र।** शहर सीनियर क़ाज़ी मौलाना इरफ़ान अहमद अशरफ़ी साहब की सरपरस्ती और नायब क़ाज़ी नौमान अहमद अशरफ़ी की निगरानी में अज़ीमुश्शान ऐतिहासिक हुसैनी इज्तिमा की तैयारियों को लेकर सेंट अशरफ़ फ़ाउंडेशन की अहम मीटिंग हुई। जिसमें एक साल के सफ़ल कार्यकाल को देखते हुए सदर जावेद शेख अशरफ़ी को मुबारकबाद दी गई। सभी की सहमति से अज़ीमुश्शान हुसैनी इज्तिमा की तारीख निर्धारित की गई। इस वर्ष हुसैनी इज्तिमा 19 जुलाई को होगा। पिछले साल के कार्यक्रम का लेखा जोखा सभी के सामने क़सीम अहमद अशरफ़ी ने रखा। इस मौके पर मुफ़्ती ज़रीफ़ अहमद अशरफ़ी, मौलाना यूसुफ़ अशरफ़ी, मौलाना अब्दुल जलील, हाफ़िज राशिद क़ादरी, सीरत कमेटी के सद्र शकील पठान, शहर क़ाज़ी अशरफ़ी विंग के सद्र डॉ शरीफ़ जमाल, मुस्तकीम पटेल, सईद खान अशरफ़ी, बब्बू ख़ान अशरफ़ी, शाकिर ठेकेदार, डॉ फ़हीम अहमद, सय्यद ज़फ़र अली, मुन्ना ख़ान, शहज़ाद पठान, रईस संजरी आदि मौजूद रहे।

### सिविल हॉस्पिटल कन्नौद में रोगी कल्याण समिति की बैठक आयोजित



**कन्नौद/देवास, निप्र।** सिविल अस्पताल कन्नौद में विधायक पंडित आशीष शर्मा की अध्यक्षता में रोगी कल्याण समिति की साधारण सभा की बैठक का आयोजन किया गया। समिति के सदस्यों के समक्ष बीएमओ डॉ लोकेश मीणा के द्वारा ओपीडी एवं आईपीडी पर्ची हेतु पुन: नवीन टेंडर करने, पुराने भवन एवं एनआरसी बरामदे में टीन शेड निर्माण तथा रियेपरिंग करने, एंबुलेंस का शुल्क निर्धारित किए जाने, अस्पताल के सामने बने रोगी विश्रामालय में फर्श लगाए जाने, एवं एंबुलेंस में सर्विसिंग कराए जाने आदि के प्रस्ताव समिति के समक्ष रखे गए, जो कि समिति के द्वारा सर्वसम्मति से पारित किए गए। इसके साथ विधायक शर्मा ने एम्बुलेंस हमेशा तैयार रखने एवं अस्पताल में पर्याप्त साफ़ सफाई रखने के निर्देश दिए गए। रोगी कल्याण समिति की बैठक में नवागत एसडीएम कन्हैया लाल तिलवारे, महिला बाल विकास अधिकारी सपना शुक्ला, स्वास्थ्य समिति सदस्य डॉक्टर मोहन कोठारी एवं विनोद मालवीय, डॉ राजकुमार बारवाल, पीएचई एवं अन्य विभाग एवं अन्य समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

## मेघावी विद्यार्थियों को मिली लैपटॉप राशि



विनय उजाला

**कन्नौद/देवास, निप्र।** शुक्रवार को प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना के तहत 12वीं बोर्ड परीक्षा में 75% या उससे अधिक अंक लाने वाले छात्रों को लैपटॉप खरीदने के लिए 25-25 हजार रुपये की राशि भोपाल में आयोजित प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम में वन क्लिक के माध्यम से विद्यार्थियों के बैंक खातों में अंतरित की गई।

उत्कृष्ट विद्यालय में विकासखंड स्तरीय कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक पंडित आशीष शर्मा शामिल हुए उनके द्वारा उत्कृष्ट विद्यालय के 16 मॉडल स्कूल के 25 कन्या हाई सेकेंडरी कन्नौद के 16 एवं कुसमानिया के आठ और मेघावी विद्यार्थियों का सम्मान कर उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। विधायक शर्मा के द्वारा विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया गया कि शिक्षा को प्राप्त करने में व्यक्ति को बहुत परिश्रम करना पड़ता है यदि हम सफलता चाहते हैं तो सफलता की पहली कसौटी है परिश्रम से जो जी चुराता है वह कभी सफल नहीं होता है इसलिए विद्यार्थी जीवन में जो सबसे ज्यादा आवश्यक है उस लक्ष्य के लिए निरंतर कठोर मेहनत करना कठोर मेहनत का जब हम शब्द इस्तेमाल करते हैं तो उसमे बहुत सारी चीज आती है कम सोना आलस्य का त्याग करना अपने वरिष्ठों से परामर्श लेना जिस विषय में हम पढ़ाई कर रहे हैं उसमें शत प्रतिशत देना आचार्य व्यवहार सब ठीक रखना जब हम सब इतने नियमों का पालन करते हैं जब हमें सफलता मिलती है मध्य प्रदेश सरकार विद्यार्थियों के जीवन में शिक्षा का प्रकाश आए इसके लिए निरंतर प्रयास कर रही है आज हम लैपटॉप की राशि का का वितरण कर रहे हैं कुछ दिनों के बाद साइकिल का वितरण करेंगे। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष अनोखी चौहान संतोष पटेल राजकुमार वर्मा संदीप धुत गोविंदा धुत हुकम जाट रामनिवास भाकर दिलीप यादव रोहित तिवारी शैलेश सलाम बीओ पंकज जाट मोहन मंनसौरे लखन सोलंकी सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# सैयदना सा. की हुसैन या हुसैन की सदा देवास में भी गूंजी

## बोहरा मस्जिदों में हो रहा सैयदना सा. की वाअज का प्रसारण



विनय उजाला

**देवास, निप्र।** दाउदी बोहरा समाज हिजरी संवत 1447 नववर्ष प्रारंभ के साथ ही मोहर्रम का दस दिवसीय पावन पर्व अशरा मुबारक परम्परागत गम व इबादत के साथ मना रहे है। इस वर्ष देवास बोहरा समाज अशरा मुबारक का उत्साह दोगुना हुआ है। इस वर्ष धर्मगुरू सैयदना आलीकदर मुफद्दल सैफुद्दीन सा. पैगम्बरे इस्लाम शोहदाए कर्बला जिक्रे इमाम हुसैन के लिए तमिलनाडु के चेन्नई शहर में पधारे है। आपकी वाअज का सीधा प्रसारण की अनुमति देश के 26 प्रमुख शहरों को मिली है जिसमें सबसे अधिक मालवांचल व देवास के समाजजनों को इसका लाभ प्राप्त हुआ है।

आपके वाअज का सीधा प्रसारण देवास के स्थानीय बोहरा अनुयायियों के साथ देशभर से लगभग 3000 मेहमान यहां पधारे है। चेन्नई के साथ ही देवास में भी सीधे प्रसारण से हुसैन या हुसैन की सदा गूंज रही है। अधिक जानकारी देते हुए जनसंपर्क प्रमुख जाकिर हुसैन नजमी व अंजुमने सैफी जमात के सचिव अली असगर नदीम ने बताया कि सैयदना सा की वाअज का सीधा प्रसारण सैफी मार्ग स्थित बुरहानी मस्जिद, जमाली रोड स्थित जमाली मस्जिद, जमाली हॉल व पठान कुआ स्थित नजमी मस्जिद में प्रसारण का पुख्ता इंतजाम किया गया है। शाम को भी मजलिसे हुसैन का भी सीधा प्रसारण हो रहा है जिसे सभी अनुयायी नोहा पढ़ मातम कर रहे हैं। विगत दिनों सैयदना सा. ने अपनी वाअज में इस्लाम व हजरत इमाम हुसैन के बयान के साथ प्रतिदिन ब्रह्मांड के ग्रहों का मानव जीवन शैली पर प्रभाव व महिला सशक्तिकरण, नशे के दुष्परिणामों, बच्चों के सुसंस्कार व शिक्षा पर अपने आला बयान किए गए। स्थानीय आमिल सा. अलीहुसैन खेड़ीवाला व शेख अब्बास शाकिर अपनी सदारत में सभी समाजजन परम्परागत वेशभूषा में अनुशासनबद्ध सैयदना सा. के आला कलामों को सुन रहे है।

युवाओं का संगठन इंटरनेशनल बुरहानी गार्ड समाजजनों को अनुशासित बैठक व्यवस्था, यातायात एवं पार्किंग व्यवस्था के लिए अपने सहयोगी संस्थाओं एवं महिलाओं के संगठन के साथ बाहर से पधारे मेहमानों को सेवा प्रदान कर रहे है। इस अवसर पर सामूहिक भोज का भी आयोजन हो रहा है। शबीले हुसैन कमेटी द्वारा आकर्षक शबील का निर्माण कर रोजाना पानी, शर्बत व दूध पिलाया जा रहा है। शनिवार 5 जुलाई को योमे आशुरा पहली बार समाजजन सैयदना सा. से शोहदाए कर्बला शहादते इमाम हुसैन के जिक्र को सीधा सुनेंगे। आशुरा के दिन पुरजोश मातम मनाया जाएगा।

# मोहर्रम की सात तारीख को निकला मेंहदी का जुलूस

## बड़े साहब को मेहंदी लगा कर किए मन्नत के चिराग रोशन



**सोनकच्छ, निप्र।** नगर में मोहर्रम की सात तारीख गुरुवार रात दो बजे मुस्लिम समाजजनों ने मेंहदी का जुलूस निकाला। जुलूस तकिया स्थित इमामबाड़े से शुरू होकर चमन बाजार स्थितबड़े साहब के यहां पहुंचा। जिसमें समाजजनों की ओर से मेंहदी व चिराग लाए गए थे। महिला और पुरुषों ने बड़े साहब(इमाम हुसैन की सवारी) को मेंहदी पेश की। साथ ही मन्नतों के चिराग रोशन किए गए।

उधर मान-मन्नत पुरी हो जाने पर मां काली सिंध नदी किनारे स्थित अलावे पर खुंट भराई व सात फेरे लगाकर रस्म अदायी गई। दिनभर मान-मन्नतों का दौर जारी रहा। मन्नतें पुरी होजाने पर बड़े साहब के यहां बच्चों को तौलने की रस्म भी अदायी गई। उधर रात नौ बजे बाद तकिया स्थित इमामबाड़े के सामने अखाड़ा खेला गया। जुलूस में थाना प्रभारी आशीष राजपूत उप निरीक्षक आरके शर्मा श्याम बहादुर पटेल सत्येंद्र सिंह सोलंकी सुरक्षा की दृष्टि से जुलूस में पूरे समय उपस्थित रहे।

मोहरम की नौ तारीख कत्ल की रात शनिवार को शाम साढ़े पांच बजे (असर की नमाज बाद) बड़े साहब के चेहरे देखनेकी रस्म अदा होगी और उन्हें जेवरात पहनाएं जाएंगे। रात दो बजे तक मान-मन्नत व जियारत का दौर चलेगा। इसके बाद बड़े साहब को कांधे पर रखकर जुलूस निकाला जाएगा। मोहर्रम पर्व की नौ और दस तारीख को नगर में बड़े साहब वअन्य सवारियों का भव्य जुलूस निकाला जाएगा।

## नवनिर्वाचित भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल का भव्य स्वागत किया गया



**सोनकच्छ, निप्र।** भारतीय जनता पार्टी के नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल का उज्जैन से भोपाल जाते समय सोनकच्छ विधायक डॉ राजेश सोनकर के नेतृत्व में नेवरी फांटे पर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर विधायक सोनकर के अलावा भाजपा जिलाध्यक्ष रायसिंह सेंधव, बहादुर सिंह पिलवानी, मार्केटिंग अध्यक्ष बल बहादुर सिंह सेंधव, महेश पाटीदार, तेजसिंह बघेल, मंडल अध्यक्ष हरेन्द सिंह पिलवानी, सचिन सिंह बघेल, राजेंद्र सिंह मोडरिया, आकाश जेन, दशरथ धाकड़, जितेंद्र सिंह धाकड़ उपस्थित थे।

# नागरिक समग्र की ईकेवाईसी अवश्य

विनय उजाला

**देवास, निप्र।** राज्य शासन एवं जिला प्रशासन के द्वारा शहर के समस्त नागरिकों जिनकी समग्र आईडी संधारित की गई है। जिसकी ईकेवाईसी कराई जाना अनिवार्य किया गया।

नगर निगम द्वारा शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता के समग्र ईकेवाईसी के कार्यों में निगम कर्मचारियों सहित आईसीई मेम्बर्स को भी घरों घर ईकेवाईसी करने की जिम्मेदारी सौंपकर कार्य करवाया जा रहा है। नगर निगम उपायुक्त जाकीर जाफरी ने शहर के नागरिकों से कहा कि जिन्होंने अपने अपने परिवारों की समग्र आईडी की ईकेवाईसी नहीं कराई है वे अनिवार्य रूप से ईकेवाईसी करा लें।

ईकेवाईसी का कार्य निगम के कर्मचारी व आईसीई मेम्बर्स घरों घर जाकर ईकेवाईसी का कार्य कर रहे है। ईकेवाईसी का कार्य समग्र एप एवं आनलाइन भी किया जा सकता है। इस अभियान के पश्चात अगर कोई परिवार, नागरिक अपने समग्र की ईकेवाईसी नही कराते है तो उनकी समग्र आईडी निष्क्रीय हो सकती है।

# देवास जिले में पेट्रोल पंपों की जांच के लिए दल का गठन

## दल पेट्रोल पंपों पर गुणवत्ता एवं आवश्यक नागरिक सुविधाओं की करेगा जांच

विनय उजाला



**देवास, निप्र।** कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने जिले के पेट्रोल पंपों के भूमिगत टैंकों में पानी की उपस्थिति की रोकथाम एवं उपभोक्ताओं को नोजल से प्रदाय किए जा रहे उत्पाद की गुणवत्ता तथा पेट्रोल पंपों पर आवश्यक नागरिक सुविधाओं नि:शुल्क हवा, पेयजल, महिला एवं पुरुष के लिये पृथक-पृथक शौचालय तथा पेट्रोल पंप के शौचालयों की सफाई व्यवस्था की जांच के लिए दल का गठन किया है। जांच दल में संबंधित अनुभाग के अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), संबंधित अनुभाग के तहसीलदार, संबंधित अनुभाग के सहायक आपूर्ति अधिकारी, संबंधित अनुभाग के नापतौल निरीक्षक और सेल्स ऑफिसर को शामिल किया गया है। कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने निर्देश दिए है कि जांच दल अपने प्रभार क्षेत्र अंतर्गत पेट्रोल पम्पों की जांच करें और जांच प्रतिवेदन कलेक्टर कार्यालय को भिजवाना सुनिश्चित करें।

समस्त पेट्रोल/डीजल पम्प संचालको को निर्देशित किया गया है कि, प्रतिदिन भूमिगत टैंकों में उपलब्ध पेट्रोल/डीजल में पानी के उपस्थित होने की जांच (डिप रॉड पर वॉटर फाइंडिंग पेस्ट लगाकर) कर पंजी संधारित करेंगे एवं साप्ताहिक रिपोर्ट कलेक्टर कार्यालय में प्रस्तुत करेंगे। यदि भूमिगत टैंक में पानी की उपस्थिति पाई जाती है तो तत्काल इस कार्यालय को तथा संबंधित आइल कंपनी के सेल्स ऑफिसर को भी सूचित करेंगे।

## अवैध शराब का परिवहन करते हुए

# एक स्विफ्ट कार से 08 पेटी एवं एक मोटर साइकिल से 06 पेटी देशी मदिरा जप्त

विनय उजाला



**सोनकच्छ, निप्र।** कलेक्टर ऋतुराज सिंह के निर्देशन तथा सहायक आबकारी आयुक्त मंदाकिनी दीक्षित के मार्गदर्शन में आबकारी द्वारा अवैध मदिरा के निर्माण, विक्रय एवं परिवहन करने वालों के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है जिसके चलते शुक्रवार रात को आबकारी वृत्त सोनकच्छ में मुखबिर सूचना के आधार पर एक स्विफ्ट कार क्रमांक एम पी 09 सी ए 3122 को सोनकच्छ से देवगढ़ रोड पर ग्राम जलेरिया के पास रोका गया लेकिन चालक अंधेरे का लाभ लेकर गाड़ी छोड़कर फ़रार हो गया कार की विधिवत तलाशी लेने पर देशी मदिरा प्लेन की 08 पेटी बरामद हुई तथा आबकारी वृत देवास ब में रात्रि गस्त के दौरान एक मोटर साइकिल क्रमांक एम पी 41 एन जे 6935 पर 06 पेटी देशी मदिरा प्लेन का परिवहन करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है दोनों वाहनो को अवैध रूप से मदिरा का संग्रह कर परिवहन किए जाने फरार कार चालक एवं मोटर साइकिल चालक आकाश जायसवाल के विरुद्ध मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)क एवं 34(2) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिए गए जप्त सामग्री एवं वाहन का बाजार मूल्य लगभग रुपए 352000 है। कार्यवाही में आबकारी उपनिरीक्षक, प्रेम यादव, आबकारी मुख्य आरक्षक राजाराम रैकवार, आरक्षक आशीष, अरविंद जिनवाल सैनिक किशोर सिसोदिया, अनिल चोहान सम्मिलित रहे।

## जनपद पंचायत भगवानपुरा में उप निर्वाचन के लिए प्रेक्षक नियुक्त

**खरगोन, निप्र।** मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा उप निर्वाचन 2025 (पूर्वार्द्ध) अंतर्गत जिले में जनपद पंचायत सदस्य भगवानपुरा के वार्ड क्रमांक 09 में उपनिर्वाचन के सफल संचालन एवं पर्यवेक्षण के लिए सेवानिवृत्त रा.प्रा.से. मदनलाल कौरव को निर्वाचन प्रेक्षक नियुक्त किया गया है।

प्रेक्षक मदनलाल कौरव द्वारा जिले में प्रथम चरण में 7 जुलाई से 11 जुलाई 2025 तक तथा द्वितीय चरण में 21 जुलाई से 26 जुलाई 2025 तक निरीक्षण किया जाएगा। प्रेक्षक श्री कौरव की सहायता के लिए जनपद पंचायत भगवानपुरा के सहायक यंत्री एस.एल. गुथरे को लायजनिंग अधिकारी एवं उपयंत्री सत्यम वर्मा को नियुक्त किया गया है।

### रोटरी अंतरराष्ट्रीय मंडल 3040 की डिस्ट्रिक्ट अवॉर्ड सेरेमनी संपन्न

## सोनकच्छ क्लब को मंडल 3040 के जोन 22 में बेस्ट क्लब का अवार्ड मिला




विनय उजाला

**सोनकच्छ, निप्र।** इंदौर मे रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3040 की 41वीं डिस्ट्रिक अवॉर्ड सेरेमनी संपन्न हुई। जिसमें 2024-25 में डिस्ट्रिक्ट व क्लब में सर्वश्रेष्ठ कार्य करने वाले समाजसेवी पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया। इसी प्रकार रोटरी क्लब ऑफ सोनकच्छ को वर्ष 2024-25 में किये गये सेवा प्रकल्पों में जैसे हेल्थ चेकअप कैम्प, रोटरी पब्लिक इमेज, इनवॉल्वमेंट अवरनेस, पौधारोपण, ब्लड डोनेशन कैम्प, नेत्रदान, मेडिकल इक्यूपमेंट बैंक, आदि प्रकल्पों से प्रेरित होकर सोनकच्छ क्लब को बेस्ट क्लब अवार्ड,से नवाजा गया। डिस्ट्रिक गवर्नर रोट.अनीश मलिक एवं मंडल की प्रथम महिला सिम्मी मलिक द्वारा सम्मानित करते हुए यह अवार्ड रोटरी क्लब ऑफ सोनकच्छ के अध्यक्ष अमरसिंह मालवीय को भेट किया। साथ ही RCC डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन कमल नागर व आगामी अध्यक्ष दिनेश राठौर को पॉल पी हैरिस की प्रतिमा का मोमेंटो भेट कर सम्मानित किया गया। क्लब को कुल 23 अवार्ड प्राप्त हुए। इस अवसर पर सोनकच्छ क्लब से एजी दिनेश कारपेंटर, वर्ष 2025-26 के सचिव महेश राठौर उपस्थित रहे।

## देवास विकास योजना 2041 के संबंध में उठे कई सवाल

# देवास विकास योजना के संबंध में जिला समिति की बैठक आयोजित

विनय उजाला

**देवास, निप्र।** देवास विकास योजना 2041 (प्रारूप) तैयार करने के संबंध में जिला समिति की बैठक कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में देवास विधायक गायत्री राजे पवार, हाटपीपल्या विधायक मनोज चौधरी, कलेक्टर ऋतुराज सिंह, रायसिंह सेंधव सहित, डिप्टी कलेक्टर अभिषेक शर्मा, डिप्टी डायरेक्टर टीएनसीपी अनिता कुरोठे सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं समिति के सदस्यगण उपस्थित थे। देवास विकास योजना की जिला समिति की बैठक में देवास विकास से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में देवास में प्रस्तावित विकास योजनाओं की समीक्षा की गई और भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श किया गया। समिति के सदस्यों से देवास विकास योजना के संबंध में आपत्ति और सुझाव सोमवार तक मांगे गए है, जिसपर सुनवाई कर विकास योजना मंजूरी के लिए राज्य शासन को प्रेषित की जाएगी। बैठक में संबंधित अधिकारियों को



आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए, ताकि वे विकास योजना को प्रभावी ढंग से लागू किया जा सकें। बैठक में भविष्य की विकास योजनाओं पर चर्चा कर आवश्यक निर्णय लिए गये। देवास विकास योजना 2041 देवास शहर के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। जिससे देवास शहर के विकास को गति मिलेगी और नागरिकों के जीवन में सुधार होगा। देवास शहर में कहां-कहां पर विकास कार्य होना है, इस संबंध में बैठक में डिप्टी डायरेक्टर टीएनसीपी अनिता कुरोठे द्वारा जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि देवास विकास योजना 2041 में वर्धित निवेश क्षेत्र में कुल 32 गांव सम्मिलित है। उन्होंने देवास विकास योजना 2041 में प्रस्तावित कार्यों के सबंध में सभी समिति सदस्यों को विस्तार से अवगत कराया और समिति सदस्यों से आपत्ति और सुझाव मांगे, जिनका निराकरण कर राज्य शासन को विकास योजना मंजूरी के लिए भेजी जा सकें।

### टीम इंडिया को मिली 180 रनों की बढ़त

# 407 रनों पर इंग्लैंड को रोका सिराज ने झटके 6 विकेट

बर्मिंघम, एजेंसी



भारत-इंग्लैंड के बीच बर्मिंघम के एजबेस्टन में एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी 2025 का दूसरा मैच खेला जा रहा है। शुक्रवार को मैच के तीसरे दिन इंग्लैंड की पहली पारी 407 के स्कोर पर सिमट गई है। सिराज ने 6 विकेट झटके हैं जबकि आकाशदीप को 4 सफलता मिली है. भारत के पास 180 रनों की बढ़त है। मोहम्मद सिराज ने तीसरे दिन की शुरुआत धमाकेदार अंदाज में की। अपने खाते के पहले ही ओवर में उन्होंने जो रूट और कप्तान स्टोक्स को आउट कर दिया। हालांकि, वो हैट्रिक नहीं ले सके, लेकिन इसके बाद स्मिथ और ब्रूक ने कमाल की बल्लेबाजी की।

84 के स्कोर पर पांच विकेट खो चुकी इंग्लैंड के लिए हैरी ब्रूक और जेमी स्मिथ संकटमोचक साबित हुए। दोनों के बीच छठे विकेट के लिए 368 गेंदों में 303 रनों की साझेदारी हुई। इस दौरान जेमी स्मिथ ने 80 गेंदों में अपने टेस्ट करियर का दूसरा शतक पूरा किया जबकि स्मिथ ने 137 गेंदों में अपना नौवां टेस्ट शतक पूरा किया। दूसरे सत्र का खेल 355/5 के स्कोर पर समाप्त हुआ था। हालांकि, तीसरे सत्र में आकाश दीप ने हैरी ब्रूक को अपना शिकार बनाया और स्मिथ के साथ हुई 300 से ज्यादा रनों की साझेदारी को तोड़ा। ब्रूक 234 गेंदों में 17 चौके और एक छक्के की मदद से 158 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, स्मिथ 207 गेंदों में 21 चौके और चार छक्के की मदद से 184 रन बनाकर नाबाद रहे। आकाश दीप ने स्मिथ के अलावा तीसरे सत्र में क्रिस वोक्स को करुण नायर के हाथों कैच कराया। वह सिर्फ पांच रन बना पाए। इसके बाद सिराज ने ब्रायडन कार्स, जोश टंग और शोएब बशीर को पवेलियन की राह दिखाई। तीनों खाता भी नहीं खोल पाए। इंग्लैंड की पहली पारी में भारत के लिए मोहम्मद सिराज ने छह और आकाश दीप ने चार विकेट हासिल किए।

## भारतीय फुटबॉल टीम के नए कोच के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू



**नई दिल्ली एजेंसी।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने खराब फॉर्म से जूझ रही पुरूष टीम के नये मुख्य कोच की तलाश शुरू कर दी है और आवेदन करने की आखिरी तारीख 13 जुलाई है। स्पेन के मानोलो मारकेज के जाने के बाद नये कोच की तलाश शुरू की गई। मारकेज ने एआईएफएफ के साथ आपसी सहमति से अलग होने का फैसला किया। वह पिछले साल ही टीम से जुड़े थे। एआईएफएफ ने अपनी वेबसाइट पर लिखा, सीनियर पुरूष राष्ट्रीय टीम का नया मुख्य कोच एआईएफएफ महासचिव को रिपोर्ट करेगा और सभी मैचों और टूर्नामेंटों में टीम के प्रदर्शन के लिये जवाबदेह होगा। मुख्य कोच राष्ट्रीय टीम विभाग, राष्ट्रीय टीम निदेशक और तकनीकी निदेशक के साथ मिलकर काम करेगा। इसके लिये युवा और सीनियर स्तर पर दस से 15 साल कोचिंग का अनुभव जरूरी है। लचीले, कुशल और संसाधन संपन्न होने की सामान्य आवश्यकताओं के अलावा एआईएफएफ यह भी चाहता है कि अगले कोच को संबंधों के प्रबंधन में अच्छा अनुभव हो, जरूरतों को समझने, सांस्कृतिक संवेदनशीलता और मीडिया और प्रायोजकों सहित एआईएफएफ भागीदारों के साथ काम करने का अनुभव हो।

### नेशनल आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप

# केरल बना चैम्पियन, 74 गोल्ड समेत कुल 215 पदक जीते

नई दिल्ली (हि.स.)

**केरल के थ्रिस्सूर शहर ने 28 जून से 2 जुलाई तक आयोजित 2025 पीएएफआई नेशनल आर्मरेसलिंग चैंपियनशिप में खेल, शक्ति और उत्साह का शानदार संगम देखा।**

इस राष्ट्रीय आयोजन को केरल आर्मरेसलिंग एसोसिएशन ने पीपल्स आर्मरेसलिंग फेडरेशन इंडिया (पीएएफआई) के तत्वावधान में आयोजित किया। पूरे देश से विभिन्न वर्गों के शीर्ष आर्मरेसलर्स ने इस मुकाबले में भाग लिया और हजारों दर्शकों ने इस खेल के प्रति अपने बढ़ते प्रेम को साबित किया। इस अवसर पर परवीन डबास ने कहा, इस साल का नेशनल चैंपियनशिप बेहद रोमांचक रहा। खिलाड़ियों के बीच जबरदस्त मुकाबले देखने को मिले, जो अगस्त में होने वाली प्रो पंजा लीग सीज़न 2 का एक ट्रेलर जैसा था।

2025 के इस आयोजन ने न केवल खिलाड़ियों के टैलेंट को मंच दिया, बल्कि भारतीय आर्मरेसलिंग को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने की दिशा में एक अहम कदम भी साबित हुआ।




### केरल का दबदबा, पदक तालिका में टॉप पर

मेजबान राज्य केरल ने धमाकेदार प्रदर्शन करते हुए 74 स्वर्ण, 91 रजत और 50 कांस्य पदकों के साथ 1813 अंकों के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। दूसरे स्थान पर रहा मेघालय, जिसने 23 स्वर्ण, 15 रजत और 12 कांस्य पदक जीते (कुल 480 अंक), जबकि नई दिल्ली ने 17 स्वर्ण, 17 रजत और 12 कांस्य पदकों (477 अंक) के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। सीनियर पुरुष वर्ग में युवराज वर्मा ने दारा सिंह हांडा को हराकर 'चैम्पियन ऑफ चैम्पियंस' का खिताब जीता, वहीं सीनियर महिला वर्ग में अनुभवी योगेश चौधरी ने यह सम्मान अपने नाम किया।

इस आयोजन के मुख्य अतिथि सांसद के. राधाकृष्णन थे, वहीं केरल आर्मरेसलिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष अजु जैकब, प्रो पंजा लीग के संस्थापक परवीन डबास और पीएएफआई की अध्यक्ष व एशियन आर्मरेसलिंग फेडरेशन की उपाध्यक्ष प्रीति झंगियानी भी विशेष रूप से मौजूद रहीं। परवीन और प्रीति को पारंपरिक केरल वेशभूषा में देखा गया, जिससे स्थानीय संस्कृति को सम्मान मिला।

### महिला यूरो कप -2025

# स्पेन ने पुर्तगाल को 5-0 से रौंदा, इटली ने बेल्जियम को हराया

बर्न (हि.स.)

महिला यूरो 2025 के ग्रुप बी मुकाबलों में दो बड़े नतीजे सामने आए। मौजूदा विश्व चैम्पियन स्पेन ने पुर्तगाल को 5-0 से करारी शिकस्त दी, जबकि इटली ने बेल्जियम के खिलाफ 1-0 से महत्वपूर्ण जीत दर्ज की। स्पेन की ओर से 32 वर्षीय फॉरवर्ड एस्?थर गोंजालेज ने दो गोल दागे और टूर्नामेंट में खेलने वाली सबसे उम्रदराज स्पेनिश खिलाड़ी बनीं। उन्होंने सिर्फ 87 सेकंड में गोल कर टीम को बढ़त दिला दी। इसके बाद 18 वर्षीय विकी लोपेज़ ने अपना पहला अंतरराष्ट्रीय गोल किया, जो स्पेन की ओर से टूर्नामेंट में खेलने वाली सबसे युवा खिलाड़ी बनीं। कप्तान एलेक्सिया पुटेयास, जो घुटने की चोट के कारण यूरो 2022 से बाहर थीं, ने भी शानदार गोल कर यह दिखा दिया कि वह अब पूरी तरह फिट हैं। 41वें मिनट में उन्होंने तीसरा गोल किया, जबकि दो मिनट बाद गोंजालेज ने अपना दूसरा गोल करते हुए टीम की बढ़त 4-0 कर दी। मैच के आखिरी क्षणों में सब्स्टीट्यूट खिलाड़ी क्रिस्टीना मार्टिन-प्रियेटो ने हेडर के जरिए पांचवां गोल कर पुर्तगाल की हार को और शर्मनाक बना दिया।



### इटली बनाम बेल्जियम कारूसो बनीं नायक

दूसरे मुकाबले में इटली ने बेल्जियम को 1-0 से हराकर टूर्नामेंट की अच्छी शुरुआत की। इटली के लिए एकमात्र गोल एरियाना कारूसो ने पहले हाफ के अंतिम क्षणों में किया। बायर्न म्यूनिख की मिडफील्डर कारूसो को बेल्जियम डिफेंस ने चौंकाने वाले तरीके से पूरी तरह अनचेक छोड़ दिया। लूसिया डी गुग्लिएल्मो के पास पर कारूसो ने बॉक्स के अंदर जाकर गेंद को शानदार तरीके से पास के टॉप कॉर्नर में डाल दिया। इस जीत से इटली को ग्रुप बी में बढ़त मिली है। स्पेन को ग्रुप की फेवरिट माना जा रहा है, जबकि बेल्जियम, इटली और पुर्तगाल के बीच दूसरे स्थान के लिए कड़ा मुकाबला होना तय है। इटली अब सोमवार को पुर्तगाल और चार दिन बाद स्पेन से भिड़ेगा।

## राष्ट्रपति ने 134वें डूरंड कप की ट्रॉफियों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**नई दिल्ली (हि.स.)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को राष्ट्रपति भवन के सांस्कृतिक केंद्र से 134वें इंडियन ऑयल डूरंड कप की तीन प्रतिष्ठित ट्रॉफियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह एशिया का सबसे पुराना और देश का सबसे प्रतिष्ठित फुटबॉल टूर्नामेंट है, जिसकी औपचारिक शुरुआत देश की खेल परंपरा और सैन्य सेवा भावना का प्रतीक बनी। यह लगातार दूसरा वर्ष है, जब राष्ट्रपति ने इस प्रतीकात्मक कार्य को अंजाम दिया। राष्ट्रपति मुर्मु ने अपने संबोधन में कहा, फुटबॉल केवल एक खेल नहीं, यह करोड़ों लोगों का जुनून है। यह रणनीति, सहनशक्ति और सामूहिक लक्ष्य की भावना को दर्शाता है। दिल्ली क्षेत्र के जीओसी और डूरंड फुटबॉल टूर्नामेंट सोसाइटी के अध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल भव्यनिश कुमार ने सभी प्रतिभागी टीमों को शुभकामनाएं दीं।

## व्यापार

## एनसीएच ने उपभोक्ताओं को वापस किए 7.14 करोड़ रुपये

MINISTRY OF CONSUMER AFFAIRS, FOOD AND PUBLIC DISTRIBUTION

**नई दिल्ली (हि.स)।** राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन (एनसीएच) ने पिछले दो महीनों में उपभोक्ताओं को 7.14 करोड़ रुपये का रिफंड उपलब्ध कराया है। ये महत्वपूर्ण निवारण 30 क्षेत्रों में किया गया है, जिसमें रिफंड दावों से संबंधित 15,426 उपभोक्ता शिकायतों का प्रभावी ढंग से समाधान किया गया। उपभोक्ता, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मामलों के मंत्रालय के मुताबिक उल्लेखनीय रूप से ई-कॉमर्स क्षेत्र में सबसे अधिक 8,919 शिकायतें दर्ज की गईं, जबकि सबसे अधिक 3.69 करोड़ रुपये की राशि का रिफंड किया गया। इसके बाद ट्रैवल और टूरिज्म सेक्टर का स्थान रहा, जिसमें 81 लाख रुपये का रिफंड किया गया। ई-कॉमर्स रिफंड से संबंधित शिकायतें पूरे देश से आईं, जिनमें सबसे अधिक (1242) उत्तर प्रदेश से और यहां तक कि सिक्किम और दादरा एवं नगर हवेली जैसे छोटे क्षेत्रों से भी शिकायतें दर्ज की गईं, जो वास्तव में एक राष्ट्रव्यापी उपभोक्ता निवारण मंच के रूप में एनसीएच की प्रभावशीलता को दर्शाता है। एनसीएच, भारत सरकार के उपभोक्ता मामले विभाग की एक प्रमुख पहल है, जो उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के तहत उपभोक्ता आयोगों पर बोझ को कम करते हुए उपभोक्ता शिकायतों को तेजी से और सौहार्दपूर्ण ढंग से हल करने में महत्वपूर्ण पूर्व मुकदमेबाजी भूमिका निभाती है।

### इंदौर भाव-ताव

### सोना - चांदी में मांग घटी

**इंदौर (व्यापार प्रतिनिधि)।** छावनी व्यापारिक मंडी (प्रति क्विंटल) - चना कांटा 6150 - 6200 विशाल चना 5900 - 5950 डंकी चना 5600 - 5650 मसूर 6100 - 6150 नई 6000 मूंग एवरेज 7200 - 7700 मूंग (गर्मी का) 8000 - 8200 उड़द (गर्मी) बेस्ट - 8300 - 8800 एवरेज मीडियम उड़द 6500 - 7800 हल्की उड़द 3000 - 5000 रुपए।

**तिलहन -** (प्रति क्विंटल- )- सोयाबीन 4375 - 4400 सरसों निमाड़ी बारीक 5800 - 5850 एवरेज बारीक 5000 - 5005 रुपए।

**दाल भाव** (प्रति क्विंटल) - तुअर दाल फूल 11000 - 11200 तुअर दाल सवा नंबर 10800 - 11000 चना दाल 8100 - 8200 एक्स्ट्रा बोल्ड 9100 मसूर दाल 7500 - 7550 मूंग दाल 9200 - 9400 मूंग मोगर 9600 - 9700 उड़द दाल 12500 - 13000 उड़द मोगर 12500 - 13000 रुपए।

**तेल बाजार** (प्रति 10 किलो) - मूंगफली तेल इंदौर 1470 - 1480 मुबंई 1520 - 1525 गुजरात 1485 - 1490 सोया रिफाइंड तेल इंदौर 1315 - 1320 सोया सॉल्वेंट 1255 - 1270 इंदौर पाम ऑइल 1425 - 1430 रुपए। **मावा** - 340 रुपए किलो।

**इंदौर सराफा बाजार :** सोना 10 ग्राम 89800 रुपए। चांदी 100000 रुपए किलो। चांदी सिक्का 1100 रुपये प्रति नग। सोना 3025 डॉलर प्रति औंस। चांदी 3343 सेंट प्रति औंस।

### व्यापार वार्ता के बाद भारतीय दल अमेरिका से लौटा

# कृषि और ऑटो से जुड़े मुद्दों पर ट्रंप से जारी रहेगी चर्चा

नई दिल्ली, एजेंसी



मुख्य वार्ताकार राजेश अग्रवाल के नेतृत्व में भारतीय दल अंतरिम व्यापार समझौते पर एक और दौर की वार्ता पूरी करने के बाद वाशिंगटन से लौट आया है। हालांकि, भारत और अमेरिका के बीच व्यापार पर चर्चा आगे भी जारी रहेगी क्योंकि कृषि और ऑटो क्षेत्रों से जुड़े कुछ मुद्दों को अब भी हल करने की जरूरत है। अधिकारी ने बताया कि वार्ता अंतिम चरण में है और इसके निष्कर्ष की घोषणा 9 जुलाई से पहले होने की उम्मीद है। अधिकारी ने कहा, भारतीय टीम वाशिंगटन से वापस आ गई है। बातचीत जारी रहेगी। कृषि और ऑटो क्षेत्र में कुछ मुद्दे हैं जिन्हें हल करने की जरूरत है।

भारतीय टीम 26 जून से 2 जुलाई तक अमेरिका के साथ अंतरिम व्यापार समझौते पर बातचीत के लिए वाशिंगटन में थी। ये वार्ता इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि ट्रंप के पारस्परिक टैरिफ़ का निलंबन 9 जुलाई को समाप्त हो रहा है। दोनों पक्ष उससे पहले वार्ता को अंतिम रूप देने पर विचार कर रहे हैं। भारत ने अमेरिकी कृषि और डेयरी उत्पादों को शुल्क रियायत देने पर अपना रुख कड़ा कर लिया है क्योंकि ये राजनीतिक रूप से संवेदनशील क्षेत्र हैं। 2 अप्रैल को अमेरिका ने भारतीय वस्तुओं पर 26 प्रतिशत का अतिरिक्त पारस्परिक शुल्क लगाया, लेकिन इसे 90 दिनों के लिए स्थगित कर दिया। हालांकि, अमेरिका द्वारा लगाया गया 10 प्रतिशत का बेसलाइन शुल्क अभी भी लागू है। भारत अतिरिक्त 26 प्रतिशत शुल्क से पूरी छूट चाहता है।

### भारत शुल्क रियायत की मांग कर रहा

भारत ने अब तक जिन मुक्त व्यापार समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं, उनमें डेयरी क्षेत्र को अपने किसी भी व्यापारिक साझेदार के लिए नहीं खोला है। अमेरिका कुछ औद्योगिक वस्तुओं, ऑटोमोबाइल, विशेषकर इलेक्ट्रिक वाहनों, वाइन, पेट्रोकेमिकल उत्पादों तथा कृषि उत्पादों जैसे सेब, वृक्षों से प्राप्त नट्स और आनुवंशिक रूप से संशोधित फसलों पर भी शुल्क में रियायत चाहता है। भारत प्रस्तावित व्यापार समझौते में कपड़ा, रत्न व आभूषण, चमड़े की वस्तुएं, परिधान, प्लास्टिक, रसायन, झींगा, तिलहन, अंगूर और केले जैसे श्रम-प्रधान क्षेत्रों के लिए शुल्क रियायत की मांग कर रहा है।

#### द्विपक्षीय व्यापार 500 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचाना है...

दोनों देश इस साल की शरद ऋतु (सितंबर-अक्तूबर) तक प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के पहले चरण के लिए बातचीत पूरी करने की उम्मीद कर रहे हैं। इस समझौते का उद्देश्य द्विपक्षीय व्यापार को मौजूदा 191 बिलियन अमेरिकी डॉलर से दोगुना करके 2030 तक 500 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचाना है। पहली किश्त से पहले, वे एक अंतरिम व्यापार समझौते का प्रयास कर रहे हैं। अमेरिकी टीम पिछली बार वार्ता के लिए यहां आई थी। चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-मई अवधि में अमेरिका को भारत का वस्तु निर्यात 21.78 प्रतिशत बढ़कर 17.25 अरब डॉलर हो गया, जबकि आयात 25.8 प्रतिशत बढ़कर 8.87 अरब डॉलर हो गया।

## एचडीएफसी के सीईओ की याचिका सुप्रीम कोर्ट ने की खारिज

### रुपए के हेरफेर के आरोप से जुड़ा है मामला

नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट ने एचडीएफसी बैंक के कार्यकारी अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक शशिधर जगदीशन की उस याचिका को शुक्रवार को खारिज कर दिया जो उन्होंने मुंबई में उनके खिलाफ दर्ज धोखाधड़ी और जालसाजी के मुकदमे के खिलाफ दायर की थी। न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति आर महादेवन की अंशकालीन कार्य दिवस पीठ ने याचिकाकर्ता से बम्बई उच्च न्यायालय से गुहार लगाने को कहा, जहां यह पहले से ही यह मामला लंबित है। पीठ ने कहा कि उम्मीद है कि उच्च न्यायालय पहले से तय तारीख 14 जुलाई को मामले की सुनवाई करेगा। शीर्ष अदालत के समक्ष याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने उच्च न्यायालय द्वारा याचिका पर सुनवाई होने तक बलपूर्वक कार्रवाई से अंतरिम संरक्षण की गुहार लगाई।

उन्होंने कहा, मैं एक प्रतिष्ठित बैंक का एमडी हूं। मेरा इससे (धोखाधड़ी-जालसाजी) कोई लेना-देना नहीं है। ट्रस्टियों (लीलावती कीर्तिलाल मेहता मेडिकल ट्रस्ट के सदस्यों)के बीच व्यक्तिगत विवाद के कारण एक तुच्छ मुकदमा दर्ज किया गया है। बैंक को नुकसान हो रहा है और मुझे व्यक्तिगत रूप से परेशान किया जा रहा है। रोहतगी ने यह भी बताया कि तीन सप्ताह तक उनकी याचिका पर सुनवाई नहीं हो सकी, क्योंकि उच्च न्यायालय की कई पीठों ने मामले की सुनवाई से खुद को अलग कर लिया था। शिकायतकर्ता ट्रस्ट की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि मामले को पक्षों की सहमति से 14 जुलाई को बम्बई उच्च न्यायालय में सूचीबद्ध किया गया था।

### केंद्रीय मंत्री ने कॉपर पर विजन डॉक्यूमेंट किए जारी

## 2047 तक तांबे की मांग में छह गुना वृद्धि का अनुमान

नई दिल्ली, एजेंसी



केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी ने तांबे की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए शुक्रवार को कॉपर विजन डॉक्यूमेंट जारी किया। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि दस्तावेज में 2047 तक तांबे की मांग में छह गुना वृद्धि का अनुमान लगाया है।

साथ ही, 2030 तक 50 लाख टन प्रतिवर्ष प्रगलन और शोधन क्षमता जोड़ने की योजना प्रस्तुत की गई है। इसका उद्देश्य सेकेंडरी रिफाइनिंग को बढ़ावा देने, घरेलू रीसाइक्लिंग को सशक्त बनाने और वैश्विक भागीदारियों के माध्यम से विदेशी खनिज संपत्तियों को सुरक्षित कर आयात पर निर्भरता घटाने की बात कही गई है। मंत्री ने कहा कि यह दस्तावेज कच्चे माल की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए बढ़ती घरेलू मांग को पूरा करने के लिए दीर्घकालिक रणनीति प्रदान करता है। हैदराबाद में आयोजित सस्टेनेबल एंड रिस्पॉन्सिबल माइनिंग थ्रू बेस्ट माइन क्लोजर प्रैक्टिसेज सम्मेलन में इस दस्तावेज का लोकार्पण किया।

मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 विजन के अनुरूप यह दस्तावेज देश के लिए एक टिकाऊ, लचीला और भविष्य के लिए तैयार तांबा इकोसिस्टम बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

## पूरे दिन उतार-चढ़ाव के बाद मजबूती के साथ शेयर बाजार बंद

**नई दिल्ली(हि.स.)।** पूरे दिन उतार चढ़ाव का सामना करने के बाद घरेलू शेयर बाजार आज आखिरी घंटे के कारोबार में हुई खरीदारी के कारण मजबूती के साथ बंद होने में सफल रहा। आज के कारोबार की शुरुआत भी मामूली बढ़त के साथ ही हुई थी। बाजार खुलते ही बिकवाली का दबाव बन जाने के कारण सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों ने लाल निशान में गोता लगा दिया। बाजार में दोपहर 2 बजे के बाद तक कमजोरी बनी रही। इसके बाद शुरू हुई खरीदारी की वजह से शेयर बाजार ने रिकवरी करके दोबारा हरे निशान में अपनी जगह बना ली। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.23 प्रतिशत और निफ्टी 0.22 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए।

# सेल ने दुबई में खोला प्रतिनिधि कार्यालय

नई दिल्ली (हि.स)

देश एवं सार्वजनिक क्षेत्र की सबसे बड़ी इस्पात उत्पादक कंपनियों में से एक स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने वैश्विक उपस्थिति बढ़ाने के लिए दुबई में अपना पहला प्रतिनिधि कार्यालय खोला है। सेल का मध्य पूर्व में पहला अंतरराष्ट्रीय कार्यालय इसकी वैश्विक विस्तार रणनीति में एक महत्वपूर्ण कदम है। सेल के दुबई स्थित इस कार्यालय का उद्घाटन केंद्रीय इस्पात एवं भारी उद्योग मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने 3 जुलाई को किया। उद्घाटन अवसर पर भारत के महावाणिज्यदूत सतीश कुमार सिवन, सेल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक अमरेंदु प्रकाश, एनएमडीसी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक अमिताभ मुखर्जी, इस्पात मंत्रालय में संयुक्त सचिव वीके त्रिपाठी तथा सेल, इस्पात मंत्रालय, एनएमडीसी और मेकॉन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थिति थे। मंत्रालय के मुताबिक रणनीतिक केंद्र के रूप में स्थापित दुबई कार्यालय सेल के इस्पात निर्यात को बढ़ावा देने, उद्योग संबंधों को और परिपुष्ट बनाने और भारत-यूएई व्यापार संबंधों को मजबूत करने में सहायता प्रदान करेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### ईरान पर हमले के बाद लापता हो गया अमेरिका का बी-2 बॉम्बर विमान?



**नई दिल्ली, एजेंसी।** ईरान के परमाणु केंद्रों पर हमले के बाद अमेरिक ने अपने सभी बी-2 स्टील्थ बॉम्बर विमानों की वापसी का दावा किया था। हालांकि अब एक चौंकाने वाली रिपोर्ट सामने आई है। इस रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका ने दो ग्रुप में बी-2 बॉम्बर विमानों को रवाना किया था। इसमें से एक ग्रुप का विमान अब तक मिसौरी के एयरबेस पर नहीं पहुंचा है। दरअसल मिसौरी के वाइटमैन एयरफोर्स बेस से अमेरिका ने दो जत्थों में विमानों को रवाना किया था।

इनमें से एक जत्था पश्चिम में प्रशांत की ओर से उड़ा था। इस ग्रुप का काम हमला करना नहीं बल्कि ईरानी सेना को केवल गुमराह करना था। वहीं सात बी-2 विमानों का दूसरा जत्था पूर्व की ओर उड़ा था और इसने ही ईरान पर हमला किया था। हमला करने वाला बेड़ा 37 घंटे बाद लौटकर मिसौरी एयरबेस पर पहुंच गया। वहीं दूसरे ग्रुप के विमानों के लौटने की पुष्टि नहीं हो पाई। रिपोर्ट में पता चला था कि एक स्टील्थ बॉम्बर विमान की हवाई में इमर्जेंसी लैंडिंग हुई थी। यह होनोलुलू के हिकम एयरफोर्स बेस के पास डेनियल के इनोये इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उतरा था। हालांकि यह नहीं पता चला कि यह विमान किस हालत में है। यह भी नहीं बताया गया कि विमान की इमर्जेंसी लैंडिंग क्यों करवाई गई। अमेरिका का यह खास विमान पहले भी हवाई में इमर्जेंसी लैंडिंग कर चुका है। 2022 में विमानों का पूरा बेड़ा ही इस एयरपोर्ट पर उतरा था। 2021 में इसी तरह की घटना के बाद एक बी 2 बॉम्बर विमान को रिपेयरिंग के लिए कैलिफोर्निया ले जाया गया था। रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिका का बी2 बॉम्बर विमान अब भी होनोलुलू में ही फंसा हुआ है। ईरानी सोशल मीडिया हैंडल पर दावा किया गया था की ईरान ने अमेरिका का एक विमान मार गिराया था। हालांकि अमेरिका ने इस दावे को खारिज कर दिया था।

### ओडिशा भाजपा नेता जगन्नाथ प्रधान गिरफ्तार

**भुवनेश्वर, एजेंसी।** ओडिशा में भुवनेश्वर नगर निगम के एडिशनल कमिश्नर की पिटाई मामले में भाजपा नेता जगन्नाथ प्रधान की गिरफ्तार हुई है। उन्होंने पुलिस के सामने सरेंडर किया। अब तक मामले में 6 लोगों की गिरफ्तारी हो गई है। प्रधान ने कहा- मैं जांच में सहयोग करने के लिए आया हूं। अगर मेरी गिरफ्तारी से मामला हल हो जाता है तो मैं सहयोग करने के लिए तैयार हूं। साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि उन्हें और उनकी पार्टी को बदनाम करने की कोशिश की जा रही है। दरअसल, भाजपा नेता पर आरोप है कि उनके समर्थकों ने भुवनेश्वर नगर निगम के एडिशनल कमिश्नर रत्नाकर साहू की जनसुनवाई के दौरान पिटाई कर दी थी। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। वीडियो में 6-8 लोग साहू को गालियां देते और लगातार घूंसे मारते दिख रहे थे।

### सरकार की गलत विदेश नीति के कारण बढ़ रहे दुश्मन : खरगे

**हैदराबाद, एजेंसी।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विदेश नीति को गलत बताते हुए कहा कि इसकी वजह से भारत के चारों ओर दुश्मन बनते जा रहे हैं। हैदराबाद में आयोजित सामाजिक न्याय समर भेरी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए खरगे ने कहा कि पीएम मोदी अब तक 42 देशों की यात्रा कर चुके हैं, लेकिन मणिपुर नहीं गए, जहां लोग मर रहे हैं। उन्होंने कहा, उनकी विदेश नीति ठीक नहीं है, जिसकी वजह से हमारे चारों तरफ दुश्मन बन गए हैं। एक तरफ चीन है, दूसरी तरफ पाकिस्तान। अब नेपाल भी हमसे दूर होता जा रहा है। सभी देश हमसे दूरी बना रहे हैं। खरगे ने यह भी आरोप लगाया कि पिछले 11 वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी ने देश की अर्थव्यवस्था बर्बाद कर दी है और संविधान को कमजोर कर दिया है।

### अमरनाथ यात्रा के पहले दिन 12 हजार भक्तों ने किए शिवलिंग के दर्शन

**श्रीनगर, एजेंसी।** अमरनाथ यात्रा की शुरुआत गुरुवार से हो गई है। तीर्थयात्रा के पहले दिन 12,000 से अधिक तीर्थयात्रियों ने दक्षिण कश्मीर हिमालय में अमरनाथ की पवित्र गुफा में शिवलिंग के दर्शन किए। अधिकारियों ने बताया, तीर्थयात्रा के पहले दिन कुल 12,348 तीर्थयात्रियों ने 3,880 मीटर ऊंची गुफा मंदिर में पूजा-अर्चना की। अधिकारियों ने बताया कि इसमें 9,181 पुरुष तीर्थयात्री, 2,223 महिला तीर्थयात्री, 99 बच्चे, 122 साधु, सात साध्वी और आठ ट्रांसजेंडर शामिल थे। अधिकारियों ने तीर्थयात्रियों की सुरक्षा के लिए व्यापक और कड़े सुरक्षा प्रबंध किए हैं। अधिकारियों ने आगे कहा कि उन्हें पहले दिन तीर्थयात्रा में इतनी बड़ी संख्या में तीर्थयात्रियों के शामिल होने की उम्मीद नहीं थी, खासकर इस साल 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए घातक आतंकवादी हमले के मद्देनजर। इस साल तीर्थयात्रा को सुचारू रूप से चलाने के लिए अभूतपूर्व सुरक्षा उपाय किए गए हैं। यात्रा सुबह-सुबह पारंपरिक 48 किलोमीटर लंबे नुनवान-पहलगाम मार्ग और 14 किलोमीटर लंबे बालटाल मार्ग से शुरू हुई। अधिकारियों ने बताया कि दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग में पहलगाम स्थित नुनवान आधार शिविर और मध्य कश्मीर के गंदेरबल में सोनमर्ग स्थित बालटाल आधार शिविर से सुबह होते ही तीर्थयात्री पवित्र गुफा की ओर रवाना हुए। बम बम भोले और हर हर महादेव के जयघोष के साथ तीर्थयात्री रवाना हुए। उनके चेहरों पर आगे की कठिन यात्रा के बावजूद खुशी के भाव थे।

### सुप्रीम कोर्ट बोला- न्याय में भगवान देखिए, न्यायाधीश में नहीं



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को सुनवाई के दौरान कहा जज नहीं न्याय में भगवान ढूंढ़िए। यह टिप्पणी जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस के विनोद चंद्रन की बेंच ने उत्तर प्रदेश के एक मंदिर मामले की सुनवाई करते हुए की। दरअसल, मामले की पैरवी कर रहे वकील ने केस से अलग होने की इजाजत मांगी थी। वकील का कहना था कि मुवक्किल उसके साथ कॉपरेट नहीं कर रहा है। साथ ही गंभीर आरोप लगाते हुए वकील को कानूनी नोटिस भेजा है। मुवक्किल ने नोटिस में कहा है कि वकीलों के जरिए जजों को फंसाया जा रहा है। इस पर जस्टिस सुंदरेश ने कहा, जज पब्लिक सर्वेंट होते हैं। हममें भगवान मत देखिए। प्लीज न्याय में भगवान देखिए। इस कमेंट के साथ बेंच ने वकील को मामले से हटने की इजाजत दे दी। पहले भी पूर्व सीजेआई ने कहा था कि जज देवताओं की तरह पूजनीय नहीं भारत के पूर्व सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने भी 2024 में ऐसी ही टिप्पणी की थी। वे कोलकाता के एक सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में बोल रहे थे। उन्होंने कहा था जजों की भूमिका लोगों की सेवा करना है, न कि देवताओं के रूप में पूजनीय होना। पूर्व सीजेआई ने कहा था, कई बार, हमें लॉर्डशिप या लेडीशिप के रूप में संबोधित किया जाता है। जब लोग कहते हैं कि कोर्ट न्याय का मंदिर है, तो यह बहुत गंभीर खतरा है।

चुनाव आयोग का दावा...

# बिहार में 1.5 करोड़ घरों में पहुंचे बीएलओ, 87 फीसदी मतदाताओं को मिले नामांकन फॉर्म

नई दिल्ली, एजेंसी




**बिहार में 1.5 करोड़ घरों में बूथ स्तर अधिकारियों (बीएलओ) की पहली यात्रा पूरी हो गई है और राज्य में चल रहे विशेष तीव्र पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के तहत अब तक कुल 7,89,69,844 यानी लगभग 7.90 करोड़ मतदाताओं में से 87 प्रतिशत से अधिक नामांकन फॉर्म (यानी 6,86,17,932 फॉर्म) वितरित किए जा चुके हैं। चुनाव आयोग ने यह जानकारी दी है।**

आयोग ने बताया कि बाकी घर या तो बंद थे या उनमें मृत मतदाता रहते थे या वे प्रवासी हो सकते हैं या यात्रा पर गए होंगे। चूंकि, बीएलओ तीन बार घरों पर जाएंगे, इसलिए यह आंकड़ा आगे और बढ़ सकता है। चुनाव आयोग ने बताया कि आंशिक रूप से भरे हुए फॉर्म चुनाव आयोग की वेबसाइट पर डाउनलोड के लिए भी उपलब्ध हैं और मतदाता स्वयं ऐप के जरिए भरे हुए फॉर्म अपलोड कर सकते हैं।

#### एसआईआर प्रक्रिया में सहयोग कर रहे बीएलए

इसके अलावा, विभिन्न राजनीतिक दलों की ओर से नियुक्त किए गए 1,54,977 बूथ स्तर एजेंट (बीएलए) भी एसआईआर प्रक्रिया में सक्रिय रूप से सहयोग कर रहे हैं। दो जुलाई तक भाजपा ने 52,689 बीएलए नियुक्त किए हैं। इसके बाद राजद ने 47,504; जेडीयू ने 34,669; कांग्रेस ने 16,500; राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी ने 1913, भाकपा माले (लिबरेशन) ने 1271, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) ने 1153, माकपा ने 578, राष्ट्रीय लोक समता पार्टी ने 270 बीएलए नियुक्त किए हैं। इसके अलावा, बसपा (74), एनपीपी (3) और आम आदमी पार्टी (1) ने भी अपने एजेंट तैनात किए हैं। हर बीएलए एक दिन में अधिकतम 50 प्रमाणित फॉर्म जमा कर सकता है।

#### बीएलओ प्राप्त कर चुके 38 लाख भरे हुए फॉर्म

चुनाव आयोग ने बताया, अब तक करीब पांच फीसदी भरे और हस्ताक्षरित फॉर्म यानी करीब 38 लाख फॉर्म बीएलओ प्राप्त कर जा चुके हैं, जो पूरी ईमानदारी से काम कर रहे हैं। उनका एकमात्र उद्देश्य पहले समावेश है, जिसे आयोग बार-बार दोहराता रहा है। एसआईआर के अनुसार, किसी भी मतदाता का नाम 1 अगस्त 2025 को प्रकाशित होने वाली प्रारंभिक मतदाता सूची में शामिल कराने के लिए आवश्यक शर्त यह है कि प्री-प्रिंटेड नामांकन फॉर्म को 25 जुलाई 2025 से पहले हस्ताक्षर करके जमा किया जाए। साथ ही, अपलोड किए गए फॉर्म का सत्यापन भी शुरू कर दिया गया है। कुछ जगहों से संदेह जताए जाने के बावजूद आयोग का मानना है कि एसआईआर के जरिए सभी पात्र लोगों का नाम शामिल किया जाएगा।

# रूस ने यूक्रेन पर 550 मिसाइल और ड्रोन दागे

### यूक्रेन का दावा- 270 मिसाइलें मार गिराईं, 200 से ज्यादा ड्रोन जाम किए

मॉस्को, एजेंसी



**रूस ने यूक्रेन के खिलाफ गत तीन साल से अधिक समय से जारी युद्ध के तहत शुक्रवार की रात यूक्रेन की राजधानी कीव पर सबसे बड़ा हवाई हमला किया जिसमें कम से कम 25 लोग घायल हो गए और राजधानी के कई जिलों में नुकसान हुआ है।**

रूस की वायुसेना के मुताबिक उसने रात में यूक्रेन पर 550 ड्रोन और मिसाइल हमले किए। अधिकतर हमले शाहिद ड्रोन से किए गए जबकि 11 मिसाइलों का भी इस्तेमाल किया गया। बता दें कि पुतिन और डोनाल्ड ट्रंप के बीच बातचीत के बाद ही यह हमला हुआ है। बातचीत के बाद डोनाल्ड ट्रंप ने कहा था कि रूस और यूक्रेन के बीच जंग नहीं खत्म होने को लेकर मुझे बहुत दुख है।

शुक्रवार को पूरी रात ड्रोन की गड़गड़ाहट, धमाकों तथा मशीनगन से तीव्र गोलीबारी की आवाजें सुनीं गईं। महापौर विटाली क्लिटस्को ने बताया कि हमले का मुख्य लक्ष्य कीव था। उन्होंने बताया कि इसमें कम से कम 23 लोग घायल हुए हैं, जिनमें से 14 अस्पताल में भर्ती हैं। यूक्रेन की वायु रक्षा ने दावा किया कि उसने दो क्रूज मिसाइलों सहित 270 लक्ष्यों को मार गिराया। उसके मुताबिक अन्य 208 लक्ष्य रडार से गायब हो गए और माना गया कि वे जाम हो गए हैं। रूस ने मिसाइलों और ड्रोनों से आठ स्थानों पर सफलतापूर्वक हमला किया। रोके गए ड्रोनों का मलबा पाया गया है। यह हमला अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ बातचीत करने तथा यूक्रेन को हथियारों की कुछ खेप रोकने के अपने प्रशासन के निर्णय पर पहली सार्वजनिक टिप्पणी करने के कुछ घंटों बाद हुआ।

#### पुतिन ने ट्रंप को सुना दी दो टूक

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ बातचीत में व्लादिमीर पुतिन ने उन्हें दो टूक सुनाते हुए कहा कि जब तक लक्ष्य हासिल नहीं हो जाता तब तक युद्धविराम नहीं होता है। क्रेमलिन के विदेश नीति सलाहकार यूरी उशाकोव ने दोनों राष्ट्रपतियों के बीच एक घंटे तक चली टेलीफोन वार्ता के बाद संवाददाताओं को जानकारी देते हुए कहा कि मास्को जारी संघर्ष का कूटनीतिक समाधान तलाशना जारी रखेगा, लेकिन इसके मूल कारणों को अनदेखा नहीं करेगा। उन्होंने बताया कि पुतिन ने लगभग साढ़े चार साल से चल रहे युद्ध को समाप्त करने के लिए जल्द से जल्द युद्धविराम समझौते की ट्रंप की अपील को अस्वीकार कर दिया। हालांकि, उन्होंने कीव के साथ राजनीतिक बातचीत के माध्यम से समाधान तलाशने की इच्छा जताई।

### महाराष्ट्रः अधर में 150 से ज्यादा मामले

## मार्च-अप्रैल में 479 किसानों ने की आत्महत्या, 110 को मिला मुआवजा

मुंबई, एजेंसी

महाराष्ट्र में किसानों के आत्महत्या का मामला हमेशा से ही सुर्खियों में रहा है। ऐसे में एक बार फिर महाराष्ट्र विधानसभा में शुक्रवार को एक चौंकाने वाला खुलासा हुआ। राज्य के राहत और पुनर्वास मंत्री मकरंद पाटिल ने बताया कि मार्च और अप्रैल 2025 में कुल 479 किसानों ने आत्महत्या की। यह आंकड़े मराठवाड़ा और विदर्भ समेत राज्य के विभिन्न हिस्सों से सामने आए हैं।

मामले में मंत्री ने प्रश्नकाल के दौरान लिखित जवाब में बताया कि मार्च में 250 किसानों की आत्महत्या के मामले दर्ज हुए, जिनमें से 102 मामलों को सरकारी सहायता के योग्य पाया गया, लेकिन अब तक केवल 77 मामलों में ही सहायता राशि वितरित हुई है। वहीं, 62 मामलों को अयोग्य माना गया और 86 मामलों की जांच अभी भी जारी है।

मंत्री ने अपने लिखित जवाब में अप्रैल महीने के आकड़े का जिक्र करते हुए बताया कि अप्रैल में 229 किसानों ने की आत्महत्या, जिनमें से 74 मामले सहायता के योग्य पाए गए, लेकिन अब तक सिर्फ 33 मामलों में ही परिजनों को मुआवजा दिया गया है।

#### एक लाख रुपए दी जाती है मुआवजा राशि?

गौरतलब है कि सरकार की 24 जनवरी 2006 की एक नीति के अनुसार, अगर किसान की आत्महत्या फसल खराब होने, कर्ज न चुका पाने या कर्ज बढ़ने जैसे कारणों से होती है, तो उसके परिजनों को 1 लाख रुपये की आर्थिक मदद दी जाती है। मामले में मंत्री मकरंद पाटिल ने बताया कि हालांकि, इस मुआवजा राशि में फिलहाल किसी वृद्धि का कोई प्रस्ताव सरकार के पास नहीं है। ऐसे में मंत्री द्वारा किए गए इस खुलासे के बाद विधानसभा में किसानों की स्थिति को लेकर चिंता जताई गई। साथ ही विपक्ष ने सरकार से किसानों के लिए और सशक्त कदम उठाने की मांग की।

## रूस ने अफगानिस्तान में तालिबान सरकार को मान्यता दी

### तालिबान ने फैसले को बहादुरी भरा बताया



काबुल/मॉस्को, एजेंसी

**अफगानिस्तान में तालिबान की सत्ता को रूस ने आधिकारिक मान्यता दे दी है। ऐसा करने वाला रूस दुनिया का पहला देश बन गया है। यह घोषणा काबुल में अफगान विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी और अफगानिस्तान में रूस के राजदूत दिमित्री झिरनोव के बीच हुई बैठक के बाद की गई।**

तालिबान सरकार ने रूस के इस कदम को बहादुरी भरा फैसला बताया है। मुत्ताकी ने बैठक के बाद जारी एक वीडियो बयान में कहा, यह साहसी फैसला दूसरों के लिए एक मिसाल बनेगा। अब मान्यता की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, रूस सबसे आगे रहा। तालिबान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता जिया अहमद तकाल ने भी एएफपी को पुष्टि करते हुए कहा कि रूस पहला देश है जिसने इस्लामिक अमीरात को आधिकारिक मान्यता दी है।

रूस के अफगानिस्तान मामलों के विशेष प्रतिनिधि जामिर काबुलोव ने रिया नोवोस्ती ने तालिबान सरकार को मान्यता देने की पुष्टि की। रूसी विदेश मंत्रालय ने भी बयान जारी कर कहा कि इस्लामिक अमीरात की सरकार को मान्यता देने से दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय सहयोग तेजी से बढ़ेगा। चीन, पाकिस्तान और ईरान जैसे कई देशों ने अपने-अपने यहां तालिबान राजनयिकों को तैनात कर रखा है, लेकिन अभी तक किसी ने भी तालिबान शासन को आधिकारिक मान्यता नहीं दी थी। जब एक देश दूसरे देश को आधिकारिक मान्यता देता है, तो वह उसे एक स्वतंत्र राष्ट्र मानता है। यानी उस देश की अपनी सरकार है, अपनी सीमा है और वह दुनिया के दूसरे देशों से रिश्ते बना सकता है।

### डीके शिवकुमार को बड़ी राहत, हाईकोर्ट ने कार्यवाही पर लगाई रोक

**बेंगलुरु।** कर्नाटक हाईकोर्ट ने शुक्रवार को डिप्टी मुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार को अंतरिम राहत देते हुए उनके खिलाफ चल रही आपराधिक मानहानि मामले की ट्रायल कोर्ट की कार्यवाही पर रोक लगा दी। यह मामला कर्नाटक विधानसभा चुनाव 2023 से पहले कांग्रेस पार्टी द्वारा जारी किए गए 'करप्शन रेट कार्ड' विज्ञापनों को लेकर भाजपा ने दायर किया था। न्यायमूर्ति एस.आर. कृष्ण कुमार ने इस मामले की सुनवाई करते हुए प्रतिवादी को नोटिस जारी किया और मामले को 29 जुलाई तक के लिए स्थगित कर दिया। कोर्ट ने कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी (केपीसीसी) को भी इसी मामले में राहत दी है, जो सह-आरोपी है। भाजपा ने आरोप लगाया था कि इन विज्ञापनों में सत्ता में रहते हुए भ्रष्टाचार को संस्थागत बनाने का झूठा आरोप लगाया गया। भाजपा के अनुसार, स्थानीय समाचार पत्रों में प्रकाशित और ऑनलाइन प्रचारित विज्ञापनों ने पार्टी की सार्वजनिक छवि को नुकसान पहुंचाया। भाजपा ने कांग्रेस के दावों को पूरी तरह से मनगढ़ंत और काल्पनिक कल्पना से पैदा हुआ करार दिया है। शिकायत में डी.के. शिवकुमार को, केपीसीसी के अध्यक्ष होने के नाते, और तत्कालीन विपक्ष के नेता सिद्धारमैया को इन विज्ञापनों को स्वीकृति देने के लिए जिम्मेदार बताया गया है। साथ ही यह भी दावा किया गया है कि राहुल गांधी ने इन विज्ञापनों को अपने एक्स अकाउंट से साझा कर छवि खराब की है। इस साल जनवरी में हाईकोर्ट ने राहुल गांधी के खिलाफ इसी मामले में ट्रायल कोर्ट की कार्यवाही पर अंतरिम रोक लगाई थी।

हिमाचल-मानसून सीजन में 69 की मौत... 500 करोड़ का नुकसान

# भूस्खलन के चलते केदारनाथ मार्ग बंद प्रयागराज में गंगा-यमुना का जलस्तर बढ़ा

नई दिल्ली, एजेंसी

**हिमाचल प्रदेश में मानसून ने 20 जून को एंट्री ली थी। बारिश से जुड़ी घटनाओं में राज्य में अब तक 69 लोगों की मौत हो चुकी है। इनमें 26 मौतें एक्सीडेंट के कारण हुईं। एक दिन पहले 6 लोगों की जान गई थी। बीते 15 दिन में राज्य को लगभग 500 करोड़ का नुकसान हो चुका है।**

वहीं उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग में लगातार बारिश के कारण अलकनंदा उफान पर है। इसके किनारे बने घर डूब गए हैं। वहीं, केदारनाथ यात्रा के पड़ाव गौरीकुंड में लैंडस्लाइड के बाद रूट ब्लॉक हो गया है। बद्रीनाथ हाईवे पर नंदप्रयाग और भनेरपानी के पास लैंडस्लाइड से रास्ता बंद हो गया था, उसे अब खोल दिया गया है। इधर उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में गंगा और यमुना नदियों का जलस्तर तेजी से बढ़ने से बाढ़ का खतरा बढ़ने लगा है। इसको लेकर प्रशासन की ओर से अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, मध्य प्रदेश में बारिश का स्ट्रॉन्ग सिस्टम एक्टिव है। इस वजह से कई जिलों में बाढ़ जैसे हालात हैं। वहीं ओडिशा में भी बारिश का स्ट्रॉन्ग सिस्टम एक्टिव है। बालासोर जिले में बाढ़ से हालात गंभीर बने हुए हैं। यहां सुबर्णरेखा नदी में आई बाढ़ के कारण 35 गांव अभी भी पानी में डूबे हुए हैं और बाकी इलाकों से कटे हुए हैं। मौसम विभाग का कहना है कि मानसून इस वक्त पूरी तरह एक्टिव मोड में है। इसलिए महाराष्ट्र-राजस्थान समेत 13 राज्यों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है।



#### गंगा-यमुना के घाटों पर एनडीआरएफ और एसडीआरएफ टीम तैनात

प्रयागराज में गंगा और यमुना नदियों का जलस्तर तेजी से बढ़ने से बाढ़ का खतरा बढ़ गया है। प्रशासन ने अलर्ट जारी कर दिया है और सभी जरूरी तैयारियां पूरी कर ली हैं। जिलाधिकारी रविंद्र मंडर ने बताया कि जिले में 88 बाढ़ चौकियां बनाई गई हैं और 47 गांवों को संवेदनशील घोषित किया गया है। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें तैनात की गई हैं और सभी विभागों को प्रशिक्षण व मॉक ड्रिल के माध्यम से तैयार किया गया है।

**गृह मंत्री शाह ने 5 राज्यों के सीएम से बात की...** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को तेज बारिश से प्रभावित हुए गुजरात, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, उत्तराखंड और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्रियों से बात की। शाह ने राज्य सरकारों को पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया है।

तीन चरणों में होगी विस्थापितों की घर वापसी

# हिंसा से उबरे मणिपुर में राहत, दिसंबर तक बंद होंगे सभी शिविर

इंफाल, एजेंसी




मणिपुर में दो साल पहले शुरू हुए हिंसा ने राज्यभर की स्थिति को डमाडोल कर दिया। इस हिंसा में कई लोगों की मौत हो गई। वहीं हजारों लोग बेघर हो गए। ऐसे में अब जाकर मणिपुर के मुख्य सचिव पीके सिंह ने शुक्रवार को कहा कि सरकार सभी राहत शिविरों को दिसंबर 2025 तक बंद करने की योजना बना रही है। उन्होंने बताया कि आंतरिक रूप से विस्थापित लोगों (आईडीपीएस) की घर वापसी तीन चरणों में की जाएगी।

मामले में मुख्य सचिव ने आगे बताया कि केंद्र सरकार और गृह मंत्रालय (एसएचए) के साथ मिलकर यह योजना तैयार की गई है। उन्होंने कहा कि पहले चरण में वे लोग लौटेंगे जो तुरंत वापस जा सकते हैं। यह प्रक्रिया जुलाई से शुरू हो गई है और अब तक राहत शिविरों में रहने वालों की संख्या 62,000 से घटकर 57,000 हो गई है। वहीं दूसरा चरण अक्तूबर में और तीसरा व अंतिम चरण दिसंबर में होगा। इतना ही नहीं चुराचांदपुर और कांगपोकपी जिलों का मूल्यांकन पहले ही किया जा चुका है।

#### समुदायों के बीच आवाजाही फिर से शुरू होने के संकेत

इसके अलावा मुख्य सचिव ने बताया कि सरकार और समाजिक संगठनों के बीच बातचीत से हालात सुधर रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोग खेतों में काम कर रहे हैं, पानी भी साझा कर रहे हैं। यह एक सकारात्मक संकेत है। कुछ छिटपुट घटनाएं हो सकती हैं, लेकिन स्थिति सामान्य हो रही है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि इंफाल में नया सिविल सचिवालय और दिल्ली-कोलकाता में मणिपुर भवन बनकर तैयार हैं और इन्हें जल्द उद्घाटन के लिए तैयार किया जा रहा है।

#### आर्थिक सहायता का ऐलान

इसके साथ ही जिन लोगों के घर पूरी तरह तबाह हो चुके हैं, उन्हें ?3.03 लाख की आर्थिक सहायता दी जाएगी। सिंह ने बताया कि लगभग 7,000 लोग ऐसे भी हैं जिनके घर दो साल की उपेक्षा में जर्जर हो गए हैं, उन्हें भी कुछ आर्थिक मदद दी जाएगी। हालांकि, उन्होंने माना कि 8,000 से 10,000 लोग अब भी अपने पुराने घरों में नहीं लौट सकेंगे, खासकर मोरेह, चुराचांदपुर और कांगपोकपी जैसे क्षेत्रों के लोग। इन्हें रखने के लिए प्री-फैब्रिकेटेड घर बनाए जा रहे हैं, जिनमें 1,000 नए यूनिट्स का निर्माण जारी है।




# सामाजिक समरसता कार्यक्रम

सायं 6:00 बजे | दत्तोपंत ठेंगड़ी सभागार, कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर

## विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण

अपराह्न 4:00 बजे | आई एस बी टी, ग्वालियर

मुख्य अतिथि

**डॉ. मोहन यादव**
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

गरिमामयी उपस्थिति

**ज्योतिरादित्य सिंधिया**
केन्द्रीय मंत्री, संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास

**नरेन्द्र सिंह तोमर**
अध्यक्ष, मध्यप्रदेश विधानसभा

5 जुलाई, 2025

### समरस समाज की स्थापना के सतत प्रयास

डॉ. भीमराव अम्बेडकर की **जन्मभूमि महू, महानिर्वाण स्थल दिल्ली, दीक्षा भूमि नागपुर, चैत्य भूमि मुंबई और शिक्षा स्थल लंदन 'मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना'** में सम्मिलित

महू को अंतर्राष्ट्रीय स्थल के रूप में विकसित करते हुए **अम्बेडकर इंटरनेशनल रिसर्च सेंटर एवं स्मारक संग्रहालय का विकास** एवं महू रेलवे स्टेशन का नाम बदलकर हुआ **अम्बेडकर नगर स्टेशन**

- डॉ. भीमराव अम्बेडकर कामधेनु योजना - स्व-रोज़गार के लिए डेयरी इकाई लगाने हेतु ₹42 लाख तक ऋण
- डॉ. भीमराव अम्बेडकर आर्थिक कल्याण योजना - अनुसूचित जाति के युवाओं को ₹1 लाख तक की स्व-रोज़गार अनुदान सहायता
- डॉ. बाबा साहेब अम्बेडकर उद्योग उदय योजना - एमएसएमई क्षेत्र में अनुसूचित जाति-जनजाति उद्यमियों को वित्तीय सहायता
- अम्बेडकर गौ-शाला विकास योजना - आधुनिक गौ-शालाओं हेतु 125-150 एकड़ शासकीय भूमि आवंटन
- डॉ. भीमराव अम्बेडकर मेधावी विद्यार्थी पुरस्कार योजना - अनुसूचित जाति के मेधावी विद्यार्थियों को 10वीं-12वीं में सर्वोच्च अंक लाने पर ₹30 हजार का पुरस्कार
- डॉ. भीमराव अम्बेडकर छात्रवृत्ति योजना - अनुसूचित जाति के मेधावी विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा छात्रवृत्ति एवं अंतर्राष्ट्रीय अध्ययन हेतु अम्बेडकर फैलोशिप
- भोपाल में मध्यप्रदेश के सबसे लंबे फ्लाईओवर का नाम डॉ. अम्बेडकर के नाम पर रखा गया
- डॉ. बी.आर. अम्बेडकर वन्यजीव अभयारण्य - सागर में 258.64 वर्ग कि.मी. में प्रदेश का 25वां अभयारण्य

सीधा प्रसारण webcast.gov.in/mp/cmevents @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhypradesh @jansamparkMP JansamparkMP

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी D11058/25

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2025

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, विनय मिश्रा द्वारा मृणाल पब्लिकेशंस, 13, प्रेस कॉम्पलेक्स, ए.बी. रोड, इन्दौर से मुद्रित एवं 37/1, महादजी मार्ग, कार्तिक चौक, उज्जैन से प्रकाशित। संपादक श्रीमती शोभना मिश्रा, स्थानीय संपादक – पराग पांचाल*,
फोन- फैक्स नं. 0731-2700552, 0734-4011949, मो. 9425910888, 9424515199, ( सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ) *पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। डॉक पंजीयन क्रमांक एमपी/आईडीसी/1359/2014-16, RNI. Reg. MPHIN/2016/68363.